e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 163

# प्रभात मंत्र

**सुविचार**
यदि आप सफलता हासिल करना चाहते हैं तो बहाना बनाना छोड़ दो।

शुक्रवार
16.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 37°
न्युनतम 23°

## क्विक न्यूज

### पंचायत चुनाव : हाई कोर्ट ने राज्य के सभी जिलों में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया

**कोलकाता** : कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पंचायत चुनावों के दौरान सुरक्षा के लिए राज्य के 22 जिलों में केंद्रीय बलों की तैनाती का अहम आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और जस्टिस उदय कुमार की बेंच ने गुरुवार को यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग से कहा कि इस आदेश को अगले 48 घंटे के भीतर लागू किया जाए। राज्य में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन को केंद्र कर राज्य भर में हिंसा का दौर जारी है। कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा बुधवार को दिए गए फैसले पर राज्य चुनाव आयोग की कोई कार्रवाई होते नहीं दिख रही है। कानून व्यवस्था की दृष्टि से उन्होंने अभी तक किसी भी संवेदनशील क्षेत्र की पहचान नहीं की है। आयोग ने दो दिन और मांगे हैं। कोर्ट को लगता है कि जैसे-जैसे समय बीतता जाएगा स्थिति और बिगड़ती जाएगी। इसलिए आयोग को राज्य के सभी जिलों में केंद्रीय बलों के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया जाता है। कोर्ट के इस आदेश को 48 घंटे के अंदर लागू किया जाए। आयोग के अनुरोध के अनुसार केंद्र सरकार को केंद्रीय बलों को मुफ्त में भेजना होगा। राज्य सरकार कोई खर्च वहन नहीं करेगी।

### प्राथमिकता वाले कृषि क्षेत्रों पर जी-20 देशों ने किया मंथन

**हैदराबाद :** हैदराबाद में जी 20 के कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) के तहत मंत्रियों की तीन दिवसीय बैठक गुरुवार को शुरू हुई है। इसमें सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि बैठक में प्राथमिकता वाले कृषि क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। इन क्षेत्रों ने इस वर्ष के कृषि कार्य समूह का आधार तैयार किया है। खाद्य सुरक्षा एवं पोषकता के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की पूरी प्रतिबद्धता है, उसी अनुरूप नीतियां बनाई गई हैं और उसका सफल क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में इस बार जी 20 की अध्यक्षता भारत के जिम्मे है। इसके तहत कृषि कार्य समूह की बैठक का आयोजन 15-17 जून 2023 के दौरान हैदराबाद में हो रहा है।

### धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देना उनकी प्रमुख प्रतिबद्धताओं में से एक : दलाई लामा

**धर्मशाला** : तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने कहा कि वह विभिन्न धर्मों के प्रति गहरा सम्मान रखते हैं। धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देना उनकी आजीवन प्रमुख प्रतिबद्धताओं में से एक है। उन्होंने नालंदा परंपरा की प्रशंसा करते हुए उस प्राचीन भारतीय परंपरा को पुनर्जीवित करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया जा रहा है। धर्मगुरु दलाई लामा गुरुवार को अपने आवास पर गुरुकुल कार्यक्रम के प्रतिभागियों के एक समूह को संबोधित कर रहे थे। दलाई लामा ने 21वीं शताब्दी में बौद्ध धर्म की तिब्बती परंपरा की प्रासंगिकता के बारे में बात करते हुए कहा कि बुद्ध के धर्म के अनुयायी होते हुए भी हम सुनिश्चित करते हैं कि बदलते समय के साथ उनकी प्रभावकारिता और प्रासंगिकता के लिए बुद्ध की शिक्षाओं का आलोचनात्मक विश्लेषण और परीक्षण किया जाए। इस मौके पर उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने कहा कि जहां तक उनके शारीरिक स्वास्थ्य का प्रश्न है, वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। 84 वर्षीय धर्मगुरु ने अपने अनुयायियों को आश्वस्त किया कि वह अगले 20 से 30 वर्षों तक अपना जीवन जीने वाले हैं।

**गुजरात : कई इलाकों में भारी बारिश, तेज हवाओं से गिरे पेड़ व बिजली के खंभे, हजारों मकानों की छतें उड़ीं**

# बिपरजॉय तूफान से गुजरात में तबाही

**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का गुजरात के कच्छ में लैंडफॉल हुआ. इस दौरान 115-125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली. सौराष्ट्र के सभी इलाकों में भारी बारिश हो रही है. मौसम विभाग के मुताबिक मध्य रात्रि में लैंडफॉल हुआ. इसके बाद तूफान कमजोर होकर राजस्थान की ओर मुड़ गया. हालांकि, उससे पहले कच्छ, जामनगर और द्वारका में तेज हवाओं के चलते इलेक्ट्रिक पोल्स और पेड़ गिरे. इन इलाकों की बिजली भी काट दी गई है.हजारों मकानों की छतें उड़ीं.चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के खतरे को लेकर केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक अलर्ट मोड़ पर हैं. गुजरात में एनडीआरएफ की 17 टीमें और एसडीआरएफ की 12 टीमें तैनात हैं. वहीं, नौसेना के 4 जहाज अभी स्टैंडबाय में रखे गए हैं. तट के पास रहने वाले करीब एक लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. गुजरात के नवसारी जिले के सभी स्कूल साइक्लोन बिपरजॉय के मद्देनजर 16 जून को बंद रहेंगे. मौसम विभाग के अनुसार, गुजरात और महाराष्ट्र समेत 9 राज्यों पर महातूफान का असर है. ये 9 राज्य लक्षद्वीप, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और राजस्थान हैं. केंद्रीय गृह मंत्रालय का वार रूम तूफान बिपरजॉय पर कड़ी नजर रख रहा है. यहां पर तैनात नामित अधिकारी गुजरात और महाराष्ट्र के अधिकारियों के निकट संपर्क में हैं. गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद गृह मंत्रालय के प्रथम तल पर वार रूम स्थापित किया गया है. वॉर रूम का नेतृत्व अपर सचिव स्तर का अधिकारी कर रहे है. इस बीच, नई दिल्ली में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल मुख्यालय के शीर्ष अधिकारी भी बिपरजॉय की स्थिति पर नजर रख रहे हैं. इधर रेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि द्वारका, वेरावल, अहमदाबाद, भुज, भावनगर, जामनगर, पोरबंदर, राजकोट, मुंबई आदि सहित गंभीर रूप से प्रभावित होने वाले कुछ स्थानों के साथ साइट मॉनिटरिंग स्क्रीन को जोड़ा गया है. अधिकारी ने कहा कि बिपरजॉय से प्रभावित इलाकों में रेलवे संपत्तियों को कम से कम नुकसान हो यह सुनिश्चित करने के लिए रेल मंत्रालय ने अपनी पूरी मशीनरी को तैयार कर रखा है.

**गुजरात व महाराष्ट्र समेत 9 राज्यों पर महातूफान का असर**



**चक्रवात की वजह से 4 राज्यों में होगी भारी बारिश**

मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि लैंडफॉल बनाने के बाद चक्रवात की गति कम हो रही है. उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने से पहले दक्षिण-दक्षिण पश्चिम राजस्थान में इसका असर होगा. चक्रवात की वजह से अगले चार दिन तक राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी भारी बारिश होगी.

**एक लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर किया गया शिफ्ट**

गुजरात के तट से चक्रवाती तूफान बिपरजॉय तूफान से बचाव को लेकर एहतियात के तौर पर लगभग एक लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। 76 से ज्यादा ट्रेनें रद्द की गई हैं। लोगों को घरों से बाहर ना निकलने की सलाह दी गई है। इसके अलावा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें तैनात की गई हैं। राज्य और केंद्र सरकार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। बिपरजॉय की वजह से द्वारकाधीश मंदिर को आज श्रद्धालुओं के लिए बंद किया गया है।

## शहर में अपराधिक घटनाओं पर लगाएं रोक : हेमंत



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नक्सलवाद से निपटने, राज्य में अपराध नियंत्रण करने, चोरी छीनताई,लूट, हत्या, डकैती,महिला हिंसा, छेड़खानी, डायन प्रथा,जैसी अपराधिक घटनाओं पर गंभीरता दिखाते हुए इन सभी पर रोकथाम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर अविलंब रोक लगाया जाए।।जो अपराधी प्रवृत्ति के हैं उनको चिन्हित कर कार्वाई करें।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ विधि व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव वंदना डाडेल, अपर प्रधान सचिव विनय चौबे, डीजीपी अजय सिंह सहित कई जिलों के उपायुक्त एवं आईजी, डीआईजी, वरीय पुलिस अधीक्षक आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नक्सलवाद से निपटने, राज्य में अपराध नियंत्रण करने, चोरी छीनताई,लूट, हत्या, डकैती,महिला हिंसा, छेड़खानी, डायन प्रथा,जैसी अपराधिक घटनाओं पर गंभीरता दिखाते हुए इन सभी पर रोकथाम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर अविलंब रोक लगाया जाए।।जो अपराधी प्रवृत्ति के हैं उनको चिन्हित कर कार्वाई करें। इन सबके अलावा पर्व, त्योहारों को लेकर भी सुरक्षा के मद्देनजर किसी तरह का हिंसक घटना न, हो इस पर भी तत्पर रहने का दिशा निर्देश दिया। हालांकि सूत्रों की मानें तो राज्य में बढ़ रहे अपराध को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ज्यादा चिंतित दिखे। कई जिलों के उपायुक्त से कहा कि वह क्षेत्र में जाएं ग्रामीणों के बीच उनकी समस्याओं से अवगत हो और उसका निष्पादन करें। सरकार की जो योजनाएं हैं,।उन्हें न सिर्फ धरातल पर उतारें, बल्कि जन जन तक पहुंचाने के लिए शिविर लगाए और कोई भी व्यक्ति छूटे न यह सुनिश्चित करें।

## भारत बंद का दुमका में रहा मिला-जुला असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** आदिवासी सेंगेल अभियान ने गुरुवार को भारत बंद का आह्वान किया. दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के पत्ताबाड़ी चौक पर बंद समर्थकों ने जाम किया. इससे दुमका को पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले को जोड़ने वाली दुमका-रामपुरहाट सड़क पर आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा. वाहनों की लंबी कतार सड़क पर देखी गई. खासतौर पर मालवाहक वाहनों का लंबा जाम लगा रहा. बंद समर्थक सड़क के बीचो-बीच बैनर पोस्टर लेकर बैठे रहे. आदिवासी सेंगेल अभियान के दुमका जिला के अध्यक्ष सुनील मुर्मू के नेतृत्व में यह आंदोलन चला. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने इन मुद्दों पर भारत बंद का आह्वान किया है. हम लोग सड़कों पर हैं और अपनी मांगों को बुलंद कर रहे हैं. सरकार को इस पर अविलंब ध्यान देना चाहिए. सड़क जाम कर रहे आदिवासी सेंगेल अभियान के सदस्यों की मांग है कि आदिवासियों के सरना धर्म कोड को मान्यता दी जाए. सभी राज्यों ने अपना राजभाषा घोषित की है. झारखंड में अभी तक यह घोषित नहीं हुआ, इसे अविलंब की जाए. पारसनाथ पहाड़ जो आदिवासियों के मरांगबुरु है, ईश्वर हैं. उसे हेमंत सोरेन ने जैनियों को दे दिया है. इसे वापस लिया जाए. आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में परंपरा के नाम पर वंशानुगत आधार पर मांझी परगना, मानकी मुंडा की नियुक्ति पर रोक लगाई जाए. इसका आधार योग्यता होनी चाहिए.

## दिल्ली पुलिस ने यौन शोषण मामले में बृजभूषण को दी क्लीन चिट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे बीजेपी सांसद बृज भूषण शरण सिंह को बड़ी राहत मिल गई है. दिल्ली पुलिस ने नाबालिग के यौन शोषण के आरोपों पर बृजभूषण को क्लीन चिट दे दी है. गुरुवार को पुलिस द्वारा कोर्ट में 1 हजार से अधिक पन्नों की चार्जशीट दाखिल की गई.

साथ ही दिल्ली पुलिस ने नाबालिग पहलवान से यौन शोषण के आरोप को खारिज करने की कोर्ट में अर्जी दी है. दिल्ली पुलिस के मुताबिक नाबालिग पहलवान के आरोप पर कोई सबूत नहीं मिले हैं.

बृजभूषण सिंह के खिलाफ दायर चार्जशीट में पुलिस ने बताया है कि सीआरपीसी की धारा 164 के तहत पीड़ितों द्वारा दिया गया बयान दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट करने का मुख्य सबूत है. नाबालिग के बयान पर, पुलिस उसे कथित अपराध के उक्त स्थान पर ले गई, उन्हें कोई भी सुनसान जगह नहीं मिली, जहां अपराध हो सकता था. पीड़ितों द्वारा प्रदान किए गए डिजिटल साक्ष्य अपराध के कथित स्थान पर अभियुक्तों की उपस्थिति को स्थापित करते हैं.

पीड़ितों ने अपने आरोपों के समर्थन में पांच तस्वीरें दी हैं. चार्जशीट में पुलिस ने आगे कहा कि दो दर्जन गवाहों में से लगभग सात ने पीड़ितों के दावों का समर्थन किया है, बाकी आरोपियों के पक्ष में बोले हैं.

वे ट्रायल के दौरान क्रॉस एक्जामिनेशन के अधीन होंगे. दूसरे देशों के कुश्ती महासंघों से डिजिटल साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस एक पूरक आरोपपत्र दायर करेगी. पुलिस ने आरोपी और पीड़िता का पिछले दस साल का सीडीआर मांगा है. यह एक बड़ा दस्तावेज है.

## कांके विधायक समरी लाल के मामले में जारी रहेगी जांचः हाई कोर्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र की जांच संबंधी प्रक्रिया को रोकने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि राज्य जाति छानबीन समिति कांके विधायक समरी लाल के मामले में अपनी जांच जारी रखेगी लेकिन अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जून निर्धारित की है।समरी लाल की ओर से राज्य जाति छानबीन समिति की जांच प्रक्रिया को रोकने का आग्रह किया गया था। राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरी लाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार एवं सुरेश बैठा की अपील पर सुनवाई हुई।पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार और सुरेश बैठा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि समरी लाल मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं। उनके पूर्वज माइग्रेट होकर झारखंड आए हैं। पूर्व में हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने समरी लाल से संबंधित चुनावी याचिका को स्वीकार करते हुए राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने को गलत करार दिया था।

साथ ही राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया था, जिसे सुरेश बैठा और राज्य सरकार ने हाईकोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी है।

# अमेरिका से प्रीडेटर ड्रोन सौदे को सरकार की मंजूरी

*** पीएम मोदी की 21-24 जून तक अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान होगी डील**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले ही रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को अमेरिका से 31 प्रीडेटर (एमक्यू-9 रीपर) ड्रोन हासिल करने के सौदे को मंजूरी दे दी। जिसके लिए अंतिम फैसला सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति करेगी। यह डील भारत और अमेरिका के रिश्तों में एक मील का पत्थर होगी। इस सौदे की घोषणा पीएम मोदी की अगले महीने अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान की जा सकती है। दरअसल, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायुसेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई है। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। इसी क्रम में प्रीडेटर ड्रोन के सौदे को आज रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में मंजूरी दे दी गई। अधिग्रहण प्रस्ताव को अब एक प्रक्रिया का पालन करना होगा, जिसके बाद इसे सुरक्षा पर कैबिनेट समिति को मंजूरी देनी होगी। सशस्त्र सेनाओं के हथियार खरीदने का निर्णय लेने के लिए



डीएसी रक्षा मंत्रालय में सर्वोच्च निकाय है। इसके बाद इन अधिग्रहणों को सुरक्षा पर कैबिनेट समिति से अंतिम मंजूरी दी जाती है। भारतीय नौसेना इस सौदे के लिए प्रमुख एजेंसी है, जिसमें 15 ड्रोन अपनी जिम्मेदारी के क्षेत्र में निगरानी संचालन के लिए समुद्री बल में जाएंगे। इसके अलावा सेना और वायुसेना की भी 8-8 ड्रोन लिए जाने की योजना है। इस बीच, पीएम मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका का दौरा करने वाले हैं। प्रधानमंत्री के रूप में अपने नौ साल के शासनकाल के दौरान यह पीएम मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा होगी। इसी दौरे पर 32 हजार करोड़ रुपये का यह सौदा फाइनल होने की उम्मीद है।

**एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की खासियतः** एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को सैन डिएगो स्थित जनरल एटॉमिक्स ने बनाया, जो लगातार 48 घंटे उड़ सकता है। यह 6,000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक लगभग 1,700 किलोग्राम (3,700 पाउंड) का पेलोड ले जा सकता है। यह नौ हार्ड-पॉइंट्स के साथ आता है, जो हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के अलावा सेंसर और लेजर-निर्देशित बम ले जाने में सक्षम है, जिसमें अधिकतम दो टन का पेलोड है। हथियारबंद ड्रोन से भारतीय सेना उस तरह के मिशन को अंजाम दे सकती है, जिस तरह का ऑपरेशन नाटो बलों ने अफगानिस्तान में किया था।

**एमक्यू-9 रीपर ड्रोन का इस्तेमाल हिमालय की सीमाओं पर लक्ष्य को टारगेट बनाने में किया जा सकेगा :** इसका इस्तेमाल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकाने पर रिमोट कंट्रोल ऑपरेशन, सर्जिकल स्ट्राइक और हिमालय की सीमाओं पर लक्ष्य को टारगेट बनाने में किया जा सकता है। पिछले साल भारतीय नौसेना ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर तनाव के बीच दो शिकारियों को लीज पर लिया था। इससे भारतीय नौसेना दक्षिणी हिन्द महासागर में घूमने वाले चीनी युद्धपोतों पर नजर रख रही है। वर्तमान में भारतीय सुरक्षा एजेंसियां इजरायली यूएवी, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के नेत्रा और रुस्तम ड्रोन का उपयोग करती हैं।

### मानवता की रक्षा के लिए सभी वर्गों का संयुक्त प्रयास जरूरी मौलाना मदनी

**नई दिल्ली :** जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष महमूद असद मदनी ने कहा कि घृणा एवं भेदभाव से देश में नकारात्मक वातावरण पनपता है, जिससे देश के विकास और मानव सुरक्षा को बड़ी हानि पहुंचती है। मौलाना मदनी ने देश में साम्प्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए घृणा के कारणों को समाप्त करने और सभी वर्गों को मिल कर बुराई को खत्म करने पर बल दिया। मौलाना मदनी नई दिल्ली स्थित मुख्यालय के मदनी हॉल में गुरुवार को सर्वधर्म की हस्तियों, विशेषकर सनातन धर्म के धर्मगुरुओं की एक विशेष सभा को संबोधित कर रहे थे।

## संक्षिप्त खबरे

### चैनपुर में पुलिस ने अभियान चला अवैध शराब को किया नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** अकड़ाही में चैनपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ की करवाई। एसपी चंदन कुमार सिन्हा के आदेश के आलोक में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के अकड़ाही इलाके में अवैध शराब निर्माण को लेकर करवाई की। अभियान के दौरान एक दो घरों से अवैध जावा महुआ को जब्त करते हुए उसे मौके पर ही नस्ट कर दिया गया। पुलिस ने शराब बनाने वालो को कड़ी चेतवानी देते हुए कहा गया कि दुबारा शराब बनाते या बेचते पकड़े गए तो सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी। चैनपुर में अवैध शराब की बिक्री जोर शोर से चल रही है,जिसके कारण आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। मौके पर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि जिले के अधिकारियों के दिशा निर्देश पर अवैध शराब की छापेमारी की जा रही है जगह-जगह महुआ शराब की बिक्री हो रही है।

# डाली पंचायत में महिला पुरुष का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर थाना अंतर्गत डाली पंचायत के अलग-अलग स्थानों पर घटी दो घटनाओं में 24 वर्षीय महिला बबीता देवी, पति- ओमप्रकाश यादव, और 48 वर्षीय सुरेश पासवान का शव पुलिस ने बरामद किया है। सूचनानुसार महिला बबीता देवी ने आपसी विवाद एवं मारपीट की वजह से रात्रि में अपने घर में फांसी लगा ली। वहीं मायके वालों का कहना है कि ये आत्महत्या नहीं हत्या है मार कर लटकाया गया है। मृतिका के भाई ने रोते रोते बताया कि उन्हें इंसाफ चाहिए, बबीता देवी की शादी इसी वर्ष फरवरी माह में धूमधाम से हुई थी। वहीं अन्य घटना में लोग बताते हैं कि मृतक सुरेश पासवान की पत्नी किसी लोन फाइनेंस के सदस्य के साथ घर से फरार हो गई थी इसी तनाव में पति सुरेश पासवान ने अपनी जान दे दी। मौके पर छतरपुर पुलिस ने पहुंचकर शवों को अपने कब्जे में ले लिया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज मामले की जांच में जुटी है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर उप विकास आयुक्त ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने अपने कार्यालय कक्ष में बैठक किया। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि 21 जून 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाना है जिसकी तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 21 जून 2023 को योग दिवस के अवसर पर शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के कई पदाधिकारी, स्कूली बच्चे और गणमान्य लोग भाग लेंगे। योग दिवस की तैयारी को लेकर आगामी तीन दिन तक स्थानीय नगर भवन में स्कूली बच्चे व अन्य लोग योगाभ्यास करेंगे। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि 21 जून 2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आप सभी योग करें। बैठक में उप विकास आयुक्त के अलावे सिविल सर्जन, जिला आयुष पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, पतंजलि योगपीठ के प्रतिनिधि राजीव शरण व अन्य लोग उपस्थित थे।

## गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भीषण गर्मी में लगातार हो रही बिजली की कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। हरिहरगंज के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बिजली गुल होने के बाद पता नहीं होता है कि बिजली दोबारा कब आएगी। दिन हो या रात बस लोगों को अघोषित बिजली कटौती का ही डर सताता रहता है कि बिजली ना जाने कब गुल हो जाए। बिजली कटौती के कारण लोगों की पूरी दिनचर्या खराब हो रही है। इस उमस भरी गर्मी में छोटे बच्चे, महिला और बुजुर्गों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीणों में सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति रोष व्याप्त है। चाहे विधायक हो या सांसद कोई ग्रामीणों की सुनने को तैयार नहीं हैं।बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र के लिए बनाए गए शेड्यूल के अनुसार भी बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके कारण चिपचिपाती गर्मी और अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की रात की नींद और दिन का चैन छीन लिया हैं। वहीं छोटे उद्योग व बिजली पर निर्भर दुकानदारों में बिजली विभाग के प्रति खासा गुस्सा है। अघोषित बिजली कटौती ने पेयजलापूर्ति को भी बिगाड़ दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि विधायक और सांसद एसी गाड़ी में चलते हैं और एसी ऑफिस में बैठते हैं तो उन्हें हम ग्रामीणों का दर्द पता नहीं चल रहा है। एक दिन बिना एसी गाडी के और हमारे साथ बिता कर देखें तब आम लोगों की तकलीफ उन्हें पता चलेगी। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार 5 घंटे भी सही से बिजली उपलब्ध नहीं कर रही है जब की मुख्यमंत्री 22 और 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की बातें करते रहते हैं।

## डंडई प्रखंड में जल नल योजना में गड़बड़ी की शिकायत



**डंडई (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में हर घर को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने नल जल योजना लेकर आई है। लेकिन नल जल योजना के शुरुआती दौर में ही गड़बड़ी की शिकायत सामने आने लगी है। प्रखंड में अधिकांश जगह 200 एवं 300 फीट की जगह मात्र 100 व 150 फीट बोरिंग की खुदाई कर छोड़ दिया जा रहा है। जबकि लगभग 48 करोड़ रुपए की लागत से सिंगल विलेज स्कीम के तहत 497 जल मीनार लगाया जाना है। जिसमें 8000 लीटर क्षमता वाले आरसीसी टंकी जल मीनार के लिए 300 फीट बोर करना है। इससे ज्यादा आबादी यानी लगभग 40 घरों के लोगों को नल जल योजना से जोड़ने का प्रावधान रखा गया है। वही 5000 लीटर क्षमता वाले जलमीनार में 200 फीट बोर करना है। इससे 20 घरों के लोगों को नल जल योजना से जोड़ना है। इधर तसरार पंचायत के महुदंड गांव के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अभी तक पंचायत में 9 प्वाइंट पर बोर किया जा चुका है। लेकिन सिर्फ मुखिया मुनिता देवी के खेत में छोड़कर कहीं भी नियम के अनुसार बोरिंग नहीं किया गया है। संवेदक एनएस कंस्ट्रक्शन के द्वारा 200 फीट की जगह मात्र 100 फीट बोरिंग की जा रही है। ग्रामीण बंधन सिंह, उपेंद्र राम, राकेश राम, पितांबर राम, विमलेश राम, बाबूलाल पासवान, संतोष राम, जितेंद्र राम, राजबली राम, किसान राम, कमलेश राम, धर्मेंद्र राम, रामप्रवेश राम, प्यारी राम, अनिल राम, सुमेश्वर राम, सुरेश राम, सोमनाथ राम, प्रभु भुइयां, मनोज सिंह, अरुण सिंह सहित कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जहां चापाकल में 250 और 300 फीट बोरिंग के बावजूद भी गर्मी में नल से पानी नहीं निकलता है। वहां मात्र 100 फीट कि बोरिंग गर्मी में कितने दिन चलेगी। गर्मी के दिनों में जब 200 से 250 फीट की बोरिंग से पानी निकलना बंद हो जाता है तो 100 फीट का बोरिंग कितना दिन तक चलेगा। पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं निकलने से जल मीनार एक बार फिर शोभा की वस्तु बनकर रह जाएगा।

# खेत में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**➲इस टोले में घर-घर बनता है शराब, हर एक महीने में युवक की हो रही है मौत**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** थाना अंतर्गत ग्राम करमाकला टोला (बउडहवा खाड) सूर्य कुटी कर्मा डैम के निकट खेत में एक युवक शव मिल जिसकी पहचान (बउडहवा खाड़ टोला) निवासी राजनाथ यादव का पुत्र अजय यादव 25 वर्षीय के रूप में हुई है मृतक की मां ने बताई की शाम से ही घर से गायब था और हम लोग काफी खोजे बिन किये पर नही मिला। सुबह खेत में मृतक अवस्था में पाया जो घर से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित था मृतक अजय कुमार मजदूरी का काम करता था उसे एक वर्ष पूर्व बिहार नबीनगर में शादी हुई थी वही ग्रामीणों ने बताया कि छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 15 बउडहवा खाड टोला आता है जहां लगातार नौजवान युवकों की मौत हो रही है जिसका मुख्य कारण घर घर में शराब बनना है शराब के नशे में घर में लड़ाई कर या अन्य कारणों से लोग फांसी लगाकर या जहर खा कर लगातार मौतें हो रही है और अब तक लागतार 5 युवकों की मौत हो चुकी है लोगों ने बताया कि संध्या में इस टोले का माहौल कुछ अलग होता है यह मोहल्ला शराब मंडी के नाम से विख्यात है जहां खुलेआम महुआ की दारू बिकता है ग्रामीणों ने प्रशासन से लगातार महुआ दारू बंद कराने की अनुरोध कर रहा है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अगर प्रशासन पिछली मौत से घर-घर में महुआ दारू बनाना बेचना बंद कराने की करवाई की होती तो शायद यह घटना आज नहीं होती अगर शराब बंद नहीं किया गया तो आगे फिर ऐसे ही घटना होने की संभावना बनी रहेगी घटनास्थल पर छतरपुर एस आई रमेश हजाम अपने दल बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# गोदरमाना में अवैध रूप से संचालित रवि मेडिकल हॉल व अल्ट्रासाउंड सेंटर को छापामारी कर किया गया सील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** रंका अनुमंडल अंतर्गत छत्तीसगढ़ सीमा के निकट गोदरमाना में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक एवं अल्ट्रासाउंड जांच घर को छापामारी कर किया गया सिल। आपको बताते चलें कि रंका अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह एवं गढ़वा के सिविल सर्जन डॉ0 अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम गठन कर गोदर माना बाजार में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक एवं जांच घर को विधिवत छापामारी किया गया एवं जब्ती सूची बनाकर क्लीनिक एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया गया।गढ़वा सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि मुझे शिकायत मिली थी कि छत्तीसगढ़ सीमा के नजदीक गोदरमाना में बहुत सारे क्लीनिक एवं जांच घर अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं। आज रंका अनुमंडल पदाधिकारी एवं रंका पुलिस प्रशासन के मदद से सघन छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें अवैध रूप से संचालित रवि मेडिकल हॉल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर को विधिवत जांच कर सील किया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि इस तरह के अवैध रूप से संचालित जांच घर एवं क्लीनिक के चलते गांव देहात के मरीजों को कभी-कभी बहुत ही कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ता है। इस तरह के अन्य क्लीनिक या जांच सेंटर अवैध रूप से भविष्य में ना चले इसलिए इन पर विधिवत कानूनी करवाई किया जाएगा।

## भाजपा ने नप के वार्ड 15 में चलाया जनसंपर्क, मोदी सरकार की गिनाई उपलब्धियां



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** भाजपा नगर मंडल के द्वारा विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 15 में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी सरकार के सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के नौ साल की उपलब्धिया गिनाई गई। अभियान का नेतृत्व कर रहे नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार का हर कल्याणकारी योजना गरीबों के नाम समर्पित है। मौके पर महामंत्री संतोष राम, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, संयोजक रजनीश चंद्रवंशी,शोशल मीडिया प्रभारी शंकर चंद्रवंशी, सहसंयोजक भिखारी साव,वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मौर्या, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर, एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र भारती, शक्ति केंद्र प्रभारी बिश्वनाथ विश्वकर्मा, बेबी देवी, अर्चना देवी, विकाश चंद्रवंशी, सच्चिदानंद मेहता, सुरेंद्र मेहता,राजीव कुमार, विदेशी राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# नीट परीक्षा में सफल बेटी को पुलिस निरीक्षक ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** नीट परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाली सौम्या को पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को सम्मानित किया। विदित हो कि विश्रामपुर प्रखंड के गुरहा गांव निवासी पुरुषोत्तम सिंह उर्फ बबलू सिंह की बेटी सौम्या सिंह ने नीट परीक्षा में सफलता अर्जित की है। सौम्या ने 720 में 640 अंक प्राप्त किया है। पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने अपने रेहला स्थित कार्यालय में सौम्या को मिठाई खिलाकर उसका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने उसे अपनी ओर से उपहार देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया। साथ हीं उसके उज्वल भविष्य की कामना की। श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण इलाकों की बेटियां भी अब अपने प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। सौम्या ने कहा कि यह सम्मान आगे और बेहतर करने की प्रेरणा देगा। सौम्या ने सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया। उसने पुने के दक्षता फाउंडेशन के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। जहां से उसने परीक्षा की तैयारी की थी। मौके पर दिलीप सिंह,सतेश सिंह ,बबलू सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# बसपा ने अपने कार्यकर्ता के साथ किया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार के पुरानी थाना के समीप युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष के आवास पर बसपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजन मेहता की अध्यक्षता मे आगामी लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर छतरपुर - पाटन विधान सभा के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रभारी सहित सक्रिय कार्यकर्ता के साथ समीक्षा बैठक किया गया । बैठक मे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रभारी आदरणीय श्री गया चरण दिनकर एवम विशिष्ट के रूप मे आदरणीय राम बाबू चिरगईया ने बैठक मे मौजूद थे। बैठक मे सम्बोधन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण राम, बसपा प्रदेश अध्यक्ष श्री राजन मेहता, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुहैल हक, अजय कुमार राम, सुरेश गुप्ता, डॉ रंजीत कुमार प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी ने अपना विचार पार्टी के मजबूती एवम आगामी लोकसभा चुनाव के सबंधित बात को रखा। मौके पर



झारखंड प्रभारी सह पूर्व मंत्री गया चरण दिनकर ने कहा आगामी चुनाव 2024 के लोकसभा के झारखंड के 14 लोकसभा सीट पर कैसी जीत हासिल होगी इस पर काफी जोर दिया और उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड मे कैसी हमारी पार्टी मजबूत होगी इस उन्होंने काफी सुझाव दिया और कहा कि इसके लिए गांव स्तर से लेकर राज्य तक पार्टी के जनाधार बढ़ाने के लिए हमलोगों रात -दिन एक करना होगा तब जाकर हमारी पार्टी मजबूत के सत्ता मजबूत होगा।इस मौके पर बसपा के झारखंड महासचिव मनीष कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष सुहैल हक, प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, अमित कुमार यादव, पूर्व प्रखंड सचिव नितीश कुमार, छतरपुर - पाटन विधान सभा प्रभारी श्री सुरेश कुमार गुप्ता, प्रेम चन्द्र यादव,महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अंजू बौद्ध गणेश राम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका का किया गया चयन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के अधौरा ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका पद पर चयन के लिये बुधवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया।ग्रामसभा में सेविका पद के लिए कुल सात महिलाओं ने अपना आवेदन दिया। पर्यवेक्षिका दीपा कुमारी ने बताया कि चयन के लिए सात आवेदनों में तीन आवेदकों का उम्र अधिक होने के कारण तथा दो आवेदक को पोषक क्षेत्र से बाहर होने के कारण आवेदन रदद् कर दिया गया। शेष दो आवेदको में अधिक अंक के आधार पर रानी कुमारी का चयन किया गया। जबकि कम अंक होने के कारण आवेदिका चन्द्रकान्ता कुमारी का चयन नही हो सका।इधर निमियाडीह में ग्रामीणों के हंगामे के कारण सेविका का चयन नही हो सका। मौके पर अंचलाधिकारी सह सीडीपीओ अरुण कुमार मुंडा, राजकीय मध्य विद्यालय अधौरा के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, ए एन एम सोना कुमारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# केन्द्र में मोदी सरकार के 9 वर्ष पुरा होने पर पलामू सांसद ने गिनाई उपलब्धियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पुरा करने पर गुरुवार को होटल निरवाना में भाजपा सांसद बी डी राम ने एक प्रेस कांफ्रेंस किया। प्रेस को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार युक्त यूपीए सरकार शासन में थी। देश में घोटाले पर घोटाले हो रहे थे। भ्रष्टाचार युक्त यूपीए सरकार पॉलिस पैरालिसिस की स्थिति थी। आज देश स्कैम से निकलकर स्कीम पर पहुंच गया है। भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीए गठबंधन की केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जन कल्याण से लेकर देश के आर्थिक विकास से जुड़ी योजनाएं कार्यान्वित हो रही है। देश पॉलिसी पैरालिसिस से निकलकर आज विकास की नई ऊँचाईयाँ छू रहा है।सांसद ने कहा कि देश में मजबूत और दमदार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार है। परिणाम स्वरूप आज देश दुनिया में ब्राइट स्पॉट बन



चुका है, जो कांग्रेस के शासन काल में ब्लैक स्पॉट था। केन्द्र सरकार के नौ साल के नौ प्रमुख आधारः- सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, नवाचार, दृढ़ इच्छाशक्ति, भ्रष्टाचार और आतंकवाद पर जीरो टोलरेंस, नीतिगत पहल, साहसिक निर्णय तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास रहा है। बीते 9 सालों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं।कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है एवं विश्व को मार्ग दिखा रहा है। विगत 9 वर्षों में हमारी सरकार द्वारा न केवल विकास में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा गया बल्कि उनका सशक्तिकरण भी किया गया है। आज दुनिया के बड़े- बड़े अर्थशास्त्री, विश्लेषक, विचारक - सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि 21वीं सदी भारत की सदी है। आज पूरी दुनिया भारत को लेकर एक विश्वास से भरी हुई है। 9 वर्षों में जनता तक पहुंची ये 9 बड़ी योजनाएंः-स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों और शहरों में 12 करोड़ शौचालय बने। जनधन योजना के तहत देशभर में 48.93 करोड़ लोगों ने अपने बैंक खाते खुलवाए, ये खाता जीरो बैलेंस के साथ शुरू होता है। मुद्रा योजना में लोगों को बिना गारंटी के सस्ता ऋण दिया गया। इस योजना के तहत अब तक 40.82 करोड़ लोगों को 23.2 लाख करोड़ का कर्ज दिया गया है। पीएम आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के लिएं 3.45 करोड़ घर बनाए गए। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9.59 करोड़ घरों में एलपीजी कनेक्शन दी गई। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान के तहत 4.44 करोड़ लोगों का इलाज हुआ। किसान सम्मान निधि योजना के तहत देशभर के 12 करोड़ किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। हर घर नल, जल योजना के तहत अब तक 11.66 करोड़ परिवारों को पीने का साफ पानी मुहैया कराया जा चुका हैं। कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुए कोविड टीकाकरण में अब तक 220.67 करोड़ वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। इसके साथ ही साथ कोविड काल के दौरान से ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से लगभग 80 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। **सांसद ने कहा कि :** यदि सारी उपलब्धियों को गिनाना शुरू करें तो किताब बन जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश प्रगति पथ पर चल पड़ा है और निश्चित रूप से यह वैभव शिखर पर पहुॅचेगा और भारत विश्व गुरू बनेगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से विधायक आलोक चौरसिया प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप वर्मा भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे बिपिन बिहारी सिंह परशुराम ओझा विभाकर नारायण पांडे अविनाश वर्मा प्रफुल्ल सिंह सुनील पासवान शिव कुमार मिश्रा सोमेश सिंह इंद्रमणि जायसवाल प्रमोद चोबे रामस्वरूप चंद्रा अंजनी तिवारी अलख दुबे पंकज तिवारी मनोरंजन दुबे सहित भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, शुक्रवार, 16 जून 2023 | पेज 3

## संक्षिप्त खबरें

### मैनपावर आउटसोर्स लूट का ही एक तरीका भानू प्रताप शाही

**रांची।** विधायक और पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने गुरुवार को कहा कि मैनपावर आउटसोर्स लूट का ही एक तरीका है। राज्य में यह एक नए कोढ़ के तौर पर शुरू हुआ है। इस मामले में सरकार को संज्ञान लेते हुए जांच करनी चाहिए।उन्होंने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील करते कहा है कि अगर आउट सोर्स मैन पॉवर कंपनी की सही से जांच होने से केवल अधिकारी ही नहीं, कई मंत्री भी जेल में होंगे। भानू ने कहा कि मैन पावर आउट सोर्स के जरिये शिक्षित बेरोजगार युवकों का शोषण होता है। बिना सरकारी बहाली के काम करवाने का नया फॉर्मूला सरकार और अधिकारी मिल कर निकाल रहे हैं। भानू प्रताप शाही ने इस मसले पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से भी जांच और दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### महिला मॉडल का आरोपी तनवीर अररिया से गिरफ्तार

**रांची :** महिला मॉडल ने यौन शोषण, धर्म परिवर्तन करने का दवाब बनाने, भयादोहन,मारपीट और जान से मारने की धमकी का इल्जाम तनवीर खान पर लगाई है। इस मामले में महिला ने रांची हाई कोर्ट में 164 बयान दर्ज कराई थी।वही मॉडल महिला ने बिहार के अररिया, रांची के गोंदा थाना और मुंबई एक एक थाने में तनवीर खान के खिलाफ केस दर्ज करा चुकी है। बताया गया कि तनवीर कांके रोड में मॉडलिंग चलाने के लिए यस नाम के संस्था खोल रखा था। वहीं पर मॉडल महिला मॉडलिंग सीख रही थी और इसी के बाद दोनों एक दूसरे के संपर्क में आए और प्रेम विवाह की । फिर महिला मॉडल मुंबई चली गई थी, इसके बाद उन्होंने बताया कि तनवीर खान नाम बदलकर के शादी किया था। पुलिस उसे दस 15 दिनों से से खोज रही थी आखिर तनवीर बिहार के अररिया थाना क्षेत्र से उसकी गिरफ्तारी हुई है। वही रांची पुलिस भी अपने कस्टडी में ले लिया है , शुक्रवार तक पुलिस उसे रांची लेकर आएगी।

# हमें किसी भी कार्य को निश्चित समय सीमा में करने का प्रयत्न करना चाहिए : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमें किसी भी कार्य को निश्चित समय सीमा में करने का प्रयत्न करना चाहिए। वे गुरुवार को राजभवन में झारखंड लोक सेवा आयोग के प्रथम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्ष्यमान पदाधिकारियों से संवाद कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि आप लोग विभिन्न सेवाओं से आये हैं, आपको अपने रिजल्ट के लिए लम्बे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। मैं आपकी पीड़ा को समझ सकता हूं। हमें किसी भी कार्य को निश्चित समय सीमा में करने का प्रयत्न करना चाहिए। साथ ही कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भेंट के क्रम में न्यायालय में लंबित वादों का शीघ्र निबटारा करने पर भी चर्चा हुई है। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आप सभी जनसेवा के लिए तत्पर रहें। लोगों को आप सबसे बहुत अपेक्षाएं रहती हैं। आपको क्षेत्र में जाकर वास्तविक व जमीनी हकीकत से अवगत होना होगा। आपकी इस कार्यप्रणाली से लोगों को उनका यथोचित लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि वे अल्पावधि में सड़क मार्ग से 16 जिलों का दौरा कर चुके हैं। सड़क मार्ग से दौरा करने से जमीनी हकीकत का पता चलता है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों लातेहार, पलामू एवं गढ़वा जिला के भ्रमण के दौरान पीवीटीजी से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उसके निराकरण के लिए पहल की गई। पलामू जिला में पानी की समस्या को दूर करने के लिए सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई एवं लंबित योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में पहल करने के लिए निर्देश भी दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण घर बैठे नहीं किया जा सकता है। प्रशिक्षु अधिकारियों की नियुक्ति क्षेत्रीय कार्यालयों में होगी। आशा है कि नियुक्ति के पश्चात आप अपने क्षेत्रों और वहां की समस्याओं के संदर्भ में अच्छी तरह जानकर उसे दूर करने की दिशा में कार्य करेंगे। विगत 18 वर्षों की पीड़ा को भूल कर समाज की सेवा में अपना योगदान दें। इस दौरान राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, मुकेश कुमार, मीणा सहित परीक्ष्यमान पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हाजी अब्दुर्राज्जाक अंसारी के नाम हो झारखंड में एक स्टेडियम : अनवार अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** दी छोटनगपुर हैंडलूम एंड खादी वीवर्स लिमिटेड के चेयरमैन और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी ने झारखंड के कृषि एवं सहकारिता विभाग के मंत्री और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हाफिज उल हसन से मुलाकात की और बुनकरों के साथ हो रही समस्याओं और उसका समाधान कैसे हो , इसको लेकर घंटों चर्चा की। अनवार अहमद अंसारी ने बताया कि बीते दिनों कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और राष्टीय अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी रांची आए हुए थे और भारत जोड़ो बुनकर जोड़ो कार्यक्रम में न सिर्फ उन्होंने हिस्सा लिया , बल्कि बुनकरों की समस्याओं को राज्यसभा में एक बार फिर से उठाने की बात कही है और इन सभी बातों से कृषि सह सहकारिता मंत्री बादल



पत्रलेख और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीज उल हसन को भी अवगत कराया गया । साथ ही कृषि सह सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख को यह बताया गया कि बुनकरों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। 2012 के पहले जो योजनाएं बुनकरों के लिए चलाई जा रही थी, जैसे कार्यशील पूंजी , हिस्सा पूंजी और अनुदान यह सब बंद कर दिया गया है, इस को पुनः शुरू किया जाए और प्रभावी किया जाए ताकि इसका लाभ बुनकरों को मिल सके। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से हैंडलूम शेड के अलावा विरासत योजना का लाभ बुनकरों को दिलाने की मांग की और इसके अलावा मोमेंटम झारखंड में जो जमीन हम लोगों की गई थी, उस जमीन का लीज एग्रीमेंट नहीं हुआ है ,इसको लेकर हाईकोर्ट भी जाने का निर्णय लिया गया है, इस बात से भी अवगत कराया गया है। साथ ही दिवंगत मंत्री हाजी अब्दुर्राज्जाक अंसारी के नाम से झारखंड में एक फुटबॉल स्टेडियम बनाने की मांग की गई है ।
दोनों मंत्रियों ने सामूहिक रूप से इन सभी मांगों पर सहमति जताते हुए विश्वास दिलाया है कि वह इस पर बहुत जल्द काम करेंगे।

# मेडिकल पात्रता परीक्षा नीट यूजी 2023 में सफलता प्राप्त की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एचईसी सेक्टर - 2 क्षेत्र के निवासी आशुतोष तिवारी के पुत्र हिमांशु रंजन तिवारी ने 720 में से 663 अंक हासिल किया है। इसके साथ उन्होंने 99.8 परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया रैंक 3995 पाया है। उनकी 12वीं तक की शिक्षा रांची के विवेकानंद विद्या मंदिर से हुई है और उन्होंने नीट की तैयारी बायोम इंस्टीट्यूट तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म फिजिक्सवाला से की है। हिमांशु को दसवीं और 12वीं में 95 फीसदी अंक प्राप्त हुए थे। हिमांशु एक सामान्य परिवार से आते हैं, इनके पिता आशुतोष तिवारी झारखंड विधानसभा में कार्यरत हैं तथा इनकी माता अंजनी देवी एक सफल गृहिणी हैं। इनके बड़े भैया अविनाश रंजन तिवारी अभी दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं। हिमांशु ने बताया कि वह सर्जन बनकर लोगों की सेवा करना चाहते हैं। अब नीट का परिणाम आने के बाद उनका यह सपना पूरा होता दिखाई दे रहा है। हिमांशु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकगण, भाई, दादा-दादी, परिजनों, पड़ोसियों तथा अपने सभी मार्गदर्शकों को दिया है।

# भ्रष्टाचार के नाम पर झारखंड को बदनाम करने की साजिश : अनीता यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के नाम पर झारखंड को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन भाजपा नेताओं को झारखंड में रहने में शर्म आ रही है, वह जल्द से जल्द झारखंड छोड़ दें। वे गुरुवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थीं।
अनीता ने कहा कि भाजपा ने कर्नाटक चुनाव के पहले साजिश की लेकिन कर्नाटक में बुरी तरह पराजित होने के बाद भी भाजपा नेताओं को शर्म नहीं आ रही। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है वहां ईडी और सीबीआई के लगातार छापे डाले जा रहे हैं लेकिन सारे




घोटाले भाजपा शासित राज्य में हो रहे हैं। गुजरात में मोरबी का ब्रिज गिरने से सैकड़ों लोगों की जान गई। यूपी और गुजरात में कई निर्माणाधीन ब्रिज गिर गए। इस भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री और भाजपा की नजर नहीं जाती? अदानी पोर्ट पर करोड़ों का ड्रग्स पकड़ा गया लेकिन प्रधानमंत्री सहित भाजपा नेताओं को शर्म नहीं आई?
उन्होंने कहा कि देश का नाम रोशन करने वाली बेटियां 100 दिन तक जंतर मंतर पर धरना देती रहीं। अपनी इज्जत की दुहाई देती रहीं। इंसाफ मांगती रहीं लेकिन एफआईआर तक नहीं किया गया जब तक कि कोर्ट ने हस्तक्षेप नहीं किया। इस पर भाजपा वालों को शर्म नहीं आई? उन्होंने कहा कि वंशवाद की बात करने वाले पहले अपने यहां बृजभूषण सिंह के परिवार और सिंधिया परिवार जैसे सैकड़ों भाजपा नेताओं के वंशवाद को खत्म करें तब विपक्षी दलों पर यह आरोप लगाए।

# दिलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट 28 जून से 16 जुलाई तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जेएससीए स्टेडियम धुर्वा में दिलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट में भाग लेने वाली ईस्ट जोन टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयन समिति की अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने किया। यह प्रतियोगिता 28 जून से 16 जुलाई तक आयोजित होनी है। लगभग 3 घंटे तक चली बैठक के बाद चयन समिति के सदस्यों ने 15 खिलाड़ियों का चयन किया है। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े अभिमन्यु ईश्वरण को टीम का कप्तान बनाया गया , जबकि झारखंड क्रिकेट के शाहबाज नदीम को उपकप्तान बनाया गया है । इसके अलावा टीम में झारखंड के कुमार कुशाग्र को विकेटकीपर तथा अनुकूल रॉय को ऑलराउंडर के तौर पर शामिल किया गया है । इसके अलावा शांतनु मिश्रा, संदीप कुमार घरामी , रियान पराग, अनुस्तूप मजूमदार ,विपिन कुमार, सौरभ अभिषेक , शाहबाज अहमद, मुकेश कुमार ,अकाश दीप, मणि शंकर सिंह, ईशान पोरल को भी टीम में रखा गया है । साथ ही स्टैंड बाय में सूर्यकांत प्रधान, आरके दास , सुदीप चटर्जी, सचिन कुमार को भी जगह दी गई है, चयन समिति की बैठक में बंगाल के सुभोमोनी दास, बिहार के नीरज सिंह, झारखंड के सुब्रतो दास ,त्रिपुरा के जयंता डे , उड़ीसा के विश्वालबिश्वाल और असम के सत्यगोपाल चक्रवर्ती उपस्थित थे।

# झारखंड सरकार से की अल्पसंख्यक आयोग के गठन की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव अब्दुल वाहिद खान ने झारखंड सरकार से अल्पसंख्यक आयोग के गठन की मांग की है। गुरुवार को रांची में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए खान ने कहा कि चार वर्ष बीत गए लेकिन अबतक अल्पसंख्यक आयोग का गठन नहीं हुआ। झारखंड में अल्पसंख्यक आयोग गठन होने से केवल मुस्लिम समाज ही नहीं बल्कि सिख , ईसाई जैन के



अलावा जो भी अल्पसंख्यक समाज में आते हैं। सब को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज में गरीब लोगों की संख्या काफी है। अगर यह आयोग गठन हो जाता है तो हर लोगों को फायदा होगा।झारखंड में अल्पसंख्यक आयोग स्थापना अतिआवश्यक है। राज्य में अल्पसंख्यकों के लिए आयोग की स्थापना करने से न केवल उनके अधिकारों की सुरक्षा होगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित होगा कि उनकी आवाज़ और मांगें सरकारी नीतियों में शामिल होती रहें। अल्पसंख्यक आयोग एक समावेशी दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। समाज की गरीब, पिछड़े और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए संघर्ष कर सकता है।

# एथलेटिक्स एसेसमेंट कैंप के लिए 52 एथलीटों का चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली की ओर से 10 से 12 फरवरी 2023 तक संपन्न राष्टीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता, पटना के आधार पर 20 जून से 05 जुलाई तक पूर्वी क्षेत्र जोनल एसेसमेंट कैंप का किया गया है। इसका आयोजन पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कामप्लेक्स, पटना में होगा।
अंडर -14 एवं अंडर- 16 आयु वर्ग में झारखंड राज्य से 20 बालिकाओं एवं 32 बालकों समेत कुल 52 एथलीटों का चयन किया गया है। चयनित सभी खिलाड़ियों को झारखंड एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारीयों ने बधाई दी है।बालिका वर्ग में इनका चयन – सिया कुमारी, अदिति दास, अनीशा, स्नेहा कुमारी, रितु कुमारी (बोकारो), प्रेरणा पन्ना, सुगंती (लोहरदगा), सुहानी सिंह, आर्या सिंह (पलामू), लीला टुडू (गोड्डा), तनीषा कुमारी (रामगढ़), प्रियंका कुमारी (गुमला), अंजली कुमारी (हजारीबाग), सबिता मुर्मू, आरती कुमारी, प्रियंका कुमारी (जामताड़ा), क्रांति कुमारी (चतरा), चिंता मनी टूटी (साहेबगंज), सोनम कुमारी (रांची), सानिया प्रवीण (धनबाद)बालक वर्ग – आशुतोष ठाकुर, हेमेंत कुमार, रोहित उरांव, (पलामू),सुरजीत कुमार, रोहित कुमार , रहीम अंसारी, विक्की लोहरा (जामताड़ा), हिमांशू कुमार सिंह (पूर्वी सिंह भूम), रिशु राज, मोनू कुमार (धनबाद), अनित उरांव , आकाश दीप किंडो, साकेत मिंज (गुमला), राहुल बोबोंगा, केसव चंद्र महतो (पश्चिम सिंह भूम), अल्दीप महतो, अमन महतो, निखिल नायक (रांची), प्रयाग महतो (सिमडेगा), विकास महतो, विशाल कुमार, संजीव भारती, रिजवानूल होदा, (बोकारो), संगम कुमार , करण कुमार (गोड्डा), पवन कुमार (लातेहार), अनीस कुमार (साहेबगंज), सूरज कुमार , निशांत भगत (लोहरदगा), अंकित (पूर्वी सिंह भूम), निखिल उरांव (चतरा), धीरज कुमार ( गिरीडीह)।

# कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा को सुरक्षा मुहैया कराना सुप्रीम कोर्ट का अवमानना है : पुष्कर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लीगल सेल हेतु एक कमेटी की गठन किया गया। यह कमेटी जगरनाथपुर थाना के पास त्रिकोणीय स्थल पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अवमानना करते हुए कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा लगाए जाने को लेकर कोर्ट से संबंधित मामला की देखरेख करेगी। कमेटी का गठन रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह ,पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कैलाशपति मिश्रा स्मारक समिति के डॉ प्रदीप वर्मा एवं भाजपा के प्रदेश मंत्री सुनील कुमार सिंह उर्फ गुड्डू व अन्य के खिलाफ याचिका दायर करेगी। कमेटी में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह , राकेश कुमार, दिवाकर साहू, पीयूष दुबे, बृजेश पांडे , दीपक कुमार बंटी ,इज़हार राही, रंजीत उरांव, निरंजना है रेंज विक्की चौहान हलधर पहाड़ महादेव मुंडा आनंद तांबा प्रमुख रूप से रहेंगे। उक्त जानकारी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने दी।उन्होंने कहा कि आज कैलाशपति मिश्रा के प्रतिमा हटाने की दिशा में पहल नहीं किया जा रहा है बल्कि उसकी सुरक्षा में भेजा खर्च किया जा रहा है। कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा के नाम से सुरक्षा दीया जाना भी 18 जनवरी 2013 को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिया गया आदेश का अवमानना है। जबकि इससे पूर्व नगर निगम रांची ने नगरपालिका अधिनियम 2011 का हवाला देकर जगन्नाथपुर थाना के सामने तिकोनिया स्थल पर कैलाशपति मिश्रा के नाम पर आवंटित किया जाना भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अवममान बनता है। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा सरकार एवं जिला प्रशासन सुप्रीम कोर्ट से संबंधित आदेश की प्रति निर्गत करा दिया गया है इसके बावजूद भी प्रतिमा हटाने को लेकर विलंब किया जाना एवं सुरक्षा व्यवस्था कराया जाने का अर्थ राज्य में एक बार फिर से अशांति पैदा करने की दिशा में पहल प्रतीत होता है।

### नवनिर्वाचित रांची में सेल इकाइयों के एएसई समिति ने संभाला पदभार

**रांची।** 2023-25 की अवधि के लिए रांची में सेल इकाइयों के एसोसिएशन ऑफ स्टील एक्जीक्यूटिव्स (एएसई) की कार्यकारी समिति के द्विवार्षिक चुनाव हाल ही में आयोजित किए गए थे। श्रवण प्रधान और सचिन कुमार अध्यक्ष और महासचिव चुने गए हैं। एएसई के अन्य निर्वाचित सदस्य हैं सी.एस. सिंह-उपाध्यक्ष, गोपाल कृष्ण उप महासचिव, मिथिलेश कुमार सिंह - कोषाध्यक्ष, पारितोष सरकार ङ्क संयुक्त कोषाध्यक्ष। कार्यकारी समिति के सदस्य हैं मिलिंद कुमार वर्मा, बी.के. दास, प्रतिभा कुमारी, रत्नेश राम, योगेश कु. पटेल।

# सरकार ने विधायक इरफान अंसारी के मामले में जवाब के लिए हाई कोर्ट से मांगा समय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट नवनीत कुमार की कोर्ट में गुरुवार को एक पीड़ित बच्ची को अस्पताल में देखने जाने के बाद बच्ची का फोटो वायरल होने से उसकी पहचान उजागर होने संबंधित एक मामले में विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी याचिका पर सुनवाई हुई।मामले में राज्य सरकार ने प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। कोर्ट ने विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ दिए गए अंतरिम राहत को जारी रखा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता इरफान अंसारी को अंतरिम राहत देते हुए



उनके खिलाफ मामले से संबंधित दुमका के एमपी/ एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगाई है।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राहुल कमलेश ने पैरवी की। इस मामले में दुमका की निचली अदालत ने इरफान अंसारी के खिलाफ मामले में संज्ञान लिया था। साथ ही उनके खिलाफ नवंबर 2022 में आरोप गठित किया था, जिसे याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामले को लेकर इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में कांड संख्या 175 / 2018 दर्ज किया गया था।आरोप है कि वर्ष 2018 में एक चार साल की बच्ची के साथ छेड़खानी की घटना हुई थी। बच्ची का समुचित इलाज सुनिश्चित कराने को लेकर विधायक इरफान अंसारी बच्ची से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान पीड़ित बच्ची का एक फोटो खींचा गया था, यह फोटो वायरल हुआ था। इस फोटो से बच्ची की पहचान उजागर हो रही थी, जिसके बाद कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया था।

# ग्रामीण एसपी ने खूंटी और रांची के पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशाद आलम रांची के द्वारा 14.06.23 को अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अपराध गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक /पुनि एवं थाना/ओपी प्रभारी उपस्थित हुए । गोष्ठी के प्रारंभ में अगामी रथ मेला, बकरीद पर्व एवं विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला जो करीब दो माह से अधिक दिनों तक चलेगी, जिसे देखते सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों एवं स्थानीय दंडाधिकारी के उपस्थिति में शांति समिति के बैठक करेंगे तथा निर्धारित मार्ग में चोरी, छिनतई एवं लूट जैसी घटनाओं ना हो उसके लिए विशेष सतर्कता बरत्ते हुए थाना एवं हाईवे पेट्रोलिंग को अपने अपने क्षेत्र में चले मान रखने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिया गया।विगत माह में दिए गए निर्देशों की समीक्षा बारी- बारी सभी थाना प्रभारी से की गई। थाना प्रभारी अपने-अपने थाना में एक पंजी संधारित करेंगे जिसमें थाना क्षेत्र के अपराधकर्मियों का फोटो के साथ-



साथ उससे संबंधित विस्तृत विवरण एवं अपराधिक इतिहास अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।
**अपराध नियंत्रण में :** विगत 1 वर्षों में जेल से छूटे अपराधकर्मियों का सत्यापन, संपत्तिमूलक कांडों के उद्भेदन, जुआ/ शराब के अड्डेबाजी पर छापामारी अनुसंधान नियंत्रण में यूडी कांडों की समीक्षा करते हुए उसके निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।
**किया गया सम्मानित:** अजय कुमार अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू रांची , ओम प्रकाश तिवारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा खूंटी,दिग्विजय सिंह पुलिस निरीक्षक तोरपा अंचल खूंटी, पुअनि सत्यजीत कुमार थाना प्रभारी रनिया, पुअनि दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी तमाड़,पुनि अभास कुमार थाना प्रभारी काँके, पुनि महेंद्र कुमार करमाली थाना प्रभारी टाटीसिलवे, पुअनि अमित प्रशांत थाना प्रभारी इटकी, पुअनि सुखदेव शाह ओपी प्रभारी खरसीदाग, पुअनि सुकुमार हेंब्रम थाना प्रभारी लापुंग, पुअनि रंजय कुमार थाना प्रभारी चान्हो को प्रशस्ति पत्र के साथ डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया।अंत में राष्टीय गान गाकर बैठक को समाप्त किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय मलखंब दिवस पर झारखंड मलखंब अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय मलखंब दिवस के अवसर पर झारखंड मलखंब अकादमी,बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय,सेक्टर-2,धुर्वा, रांची केन्द्र के बालक-बालिका खिलाड़ियों के द्वारा कई आकर्षक कार्यक्रम के तहत बालक -बालिका ने पोल मलखंब,रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब एवं पिरामिड बनाकर दर्शकों को आकर्षित किया।
आज राष्टीय खिलाड़ी अनुशिखा कुमारी, रिया कुमारी, साक्षी कुमारी, कावेरी कुमारी, आरूषी कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनम गाड़ी एवं सौम्या सेजल वर्मा ने शानदार पोल पिरामिड का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार, सरिता कुमारी, निखिल कुमार , प्रीति रानी एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय मलखंब दिवस पर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव डॉ0अजय झा ने मलखंब के इतिहास पर विस्तृत जानकारी दी।

## रैयत विस्थापित मोर्चा के पहल से जगमगाया चौक-चौराहा,किचटो में टावर लाइट का उदघाटन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रैयत विस्थापित मोर्चा के पहल पर पिपरवार क्षेत्र के किचटो शिव मन्दिर चौक के पास स्थानीय सीसीएल पिपरवार प्रबंधन के द्वारा टॉवर लाइट लगाया गया।इसका विधिवत उद्घाटन रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन और सीएचपी परियोजना के विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के फोरमैन रूपलाल महतो ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया।मोर्चा द्वारा बताया गया कि क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीण क्षेत्रों के चौक चौराहों में टॉवर लाइट लगाने की मांग मोर्चा ने स्थानीय प्रबंधन से की थी।प्रबधंन के सकारात्मक पहल और रैयत विस्थापित मोर्चा के अथक प्रयास से सीसीएल प्रबंधन द्वारा कल्याणपुर, बहेरा,कारो और किचटो आदि जगहों पर टॉवर लाइट लगाया गया।इस पर किचटो के ग्रामीणों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त करते हुए मोर्चा एवं प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया है।मौके पर प्रबंधन की ओर से ईएंडएम विभाग के रुपलाल महतो मोर्चा की ओर से इकबाल हुसैन,बीरु मुंडा, सूरज मुंडा,सुनील गंझू, हीरामन महतो,सुभाष महतो, नागेश्वर महतो,रमेश महतो, दिलीप मुंडा,रमेश मुंडा, सलीम जावेद,अफजल हुसैन,हरि नारायण साव, अरुण महतो सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



## भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया पूर्व उप प्रमुख बबलु मुंडा को सम्मानित

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिपरवार क्षेत्र के समाजसेवी सह पूर्व उप प्रमुख बबलू सागर मुंडा को बचरा में सम्मानित किया।जानकारी के अनुसार बबलु मुंडा कई महीनों के बाद बचरा पहुंचे,जहां भाजपा कार्यकर्ताओ ने उन्हे अंग वस्त्र एंव बुके देकर सम्मानित किया।मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि बबलू सागर मुंडा द्वारा क्षेत्र के गरीब, असहाय लोगों को सहयोग प्रदान किया जाता था।इनके तरह हर समाज के हर सक्षम लोगो गरीब और असहाय लोगों की सेवा और सहयोग करना चाहिए।उन्होंने बबलु मुंडा द्वारा किये गये कार्यो की जमकर सराहना की,साथ ही आगे भी इस तरह के सहयोग कार्य जारी रखने की बात कही।इस मौके पर संजीव मिश्रा,रामप्रसाद महतो,संजय कुमार गंझु,उदय शर्मा, रामलाल महतो,अरविंद सिंह, दिनेश महतो,पिंटू सिंह,संजय साव,रविंद्र कुमार प्रसाद, विकास मुंडा,मुंशी महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।



## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति पार्टी का सदस्य बनाए जाने पर विकास को दी बधाई

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य विकास कुमार महतो को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति पार्टी के संविधान प्रारूप समिति के सदस्य चुने जाने पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगो ने उन्हें बधाई दी है।जानकारी के अनुसार विस्थापन,जल,जंगल जमीन और खनिज संपदाओ की रक्षा को लेकर चलाये जा रहे आंदोलन मे विकाश महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।हाल के दिनों में उन्होंने स्थानीय नियोजन नीति और 1932 आधारित खतियान लागू करने को लेकर चलाये गए आंदोलन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। कोयलांचल क्षेत्र के खतियान धारियों को एक मंच पर लाने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की और उनके मेहनत और संघर्ष को देखते हुए उन्हें पार्टी का सदस्य बनाया गया है।विकास महतो को पार्टी का सदस्य बनाए जाने पर कृष्णा यादव,महेंद्र महतो, अनिल महतो,तपेश्वर गंझु, दीपक महतो,बीरबल महतो, गणेश गंझु,अंगद महतो, प्रदीप राम सहित सैकड़ों लोगों ने उन्हें बधाई दी है।



## सिल्ली झामुमो की बैठक एवं पंचायत समिति का गठन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सिल्ली झारखंड मुक्ति मोर्चा सिल्ली प्रखंड कमिटी एक बैठक आयोजित की गई । बैठक मे मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, उपाध्यक्ष अमित कुमार, उपस्थित थे। बैठक में संगठन मजबूत करने एवं पार्टी की संगठन मजबूती के लिए युवाओं को जोड़ना समेत कई पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई । साथ ही सिल्ली पंचायत में पंचायत कमेटी गठन किया गया। जिसमे सोनू विश्वकर्मा को पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार को पंचायत सचिव टार्ज़न नायक कोषाध्यक्ष अजीत रविदास उपाध्यक्ष चुने गए। इस मौके पर अजीत महतो, पांडे महतो , गोकुल महतो , फल्हारी महतो,विवेकानंद मंडल ,बंशी कोइरी , राजेश लोहरा ,बुधराम कोइरी सुमित कोइरी, अशोक महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खुंटी तमाड़ रोड़ पर फिर एक बार एक्सीडेंट, ट्रक पलटी

**अड़की(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के सिंदरी पंचायत के रुपई नदी के और सुखल सोतिया के बीच सड़क किनारे बुधवार की देर रात लगभग ढ़ाई बजे खुंटी की ओर से आ रही कोयला लदी एक ट्रक के टायर फटने से असंतुलित होकर खाई में पलटी जिससे ट्रक के सारे चक्के ऊपर हो गए और ट्रक क्षतिग्रस्त हो गई और इस दुर्घटना से हालांकि ड्राईवर की जान बाल बाल बची है केवल उसके हाथ में कुछ चोटें लगी हैं। ड्राईवर मकसूद आलम के अनुसार वो छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर से ष्टत्न 15ष्टङ्ग 5646 रजिस्ट्रेशन नम्बर की ट्रक में कोयला लादकर झारखंड के चौका जमशेदपुर जा रहा था इसी क्रम में खुंटी तमाड़ रोड़ पर ये दुर्घटना घटी है उसने बताया कि दुर्घटनास्थल पर अड़की थाना की पुलिस पहुंची और उसका इलाज अस्पताल में कराया उसने आगे बताया कि ट्रक के मालिक शकील अहमद को दुर्घटना की जानकारी दे दी गई और वो पहुंच रहे हैं बताते चलें की ट्रक से जैक और रड़ की चोरी रात को गई है और इससे लोगों की उस विकृत मानसिकता का पता चलता है जो आपदा में भी अवसर निकाल लेते हैं। हालांकि गाड़ी में कोयला भारी मात्रा में लदा हुआ है जो एक्सीडेंट के बाद ईधर ऊधर बिखरा पड़ा है पर प्रशासन की तत्परता के कारण अब तक उसमें कोई हाथ साफ नहीं कर पाया है।



## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने पशुपालन अस्पताल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नामकुम प्रखण्ड के ग्राम तुम्बागुटू में पशुपालन अस्पताल निर्माण कार्य का आधारशिला खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने रखी। पशुपालन अस्पताल निर्माण में कुल राशि 27,66,700/- की लागत से बनेगी। मौके पर विधायक ने कहा कि पशुपालन अस्पताल की निर्माण होने से इस क्षेत्र के किसानों काफी लाभदायक होगी। समय पर पशुओं को टीकाकरण एवं अन्य रोगों की दवा मिलेगी। भवन की बन जाने से नियमित रूप से डाक्टर उपस्थित रहेंगे। ग्रामीण को विधायक राजेश कच्छप ने भवन की निर्माण कार्य में निगरानी करने की कही तथा संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की हिदायत दी। मौके पर जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा, प्रमुख आशा कच्छप, मुखिया कार्मेला कच्छप, बिपिन लकड़ा, माधो कच्छप, डांस अरुण कुमार, संवेदक श्रवण कुमार झा, सीमा लकड़ा, जुलियानी टोप्पो, सरोज तिर्की, चम्पा टोप्पो, पंचु तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



## सिल्ली प्रखण्ड कंग्रेस कमिटी जन सम्मेलन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली** : सिल्ली प्रखण्ड कंग्रेस कमिटी के द्वारा बुधवार को सोनाली मैरिज हॉल सिल्ली मे एक जन सम्मेलन का आयोजन किया गया ! इस जन सम्मेलन के मुख्य अतिथि, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक ममता देवी को इस जन सम्मेलन मे बुके देकर स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा की अगामी चुनाव को लेकर हमलोगों को जागरूक होना होगा। कांग्रेस पार्टी हर पंचायत में बूथ कमेटी का निर्माण शीघ्र ही करेगी तथा प्रत्येक घर का दरवाजा भी खटखटाएगी और कांग्रेस की नीति और सिद्धांत को लोगों तक पहुंचाने का काम करेगी। रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि हमारी गठबंधन की जो सरकार है वो काबिले तारीफ काम कर रही है। कोरोना काल मे भी हमारी सरकार बाहर काम करने गए मजदुरो को वापस घर तक सम्मान पूर्वक पहुचाने का काम किया और आज भी कई कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य कर रही है।



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो

**(जिला भू-अर्जन कार्यालय) E-Mail :- landacquisition.bokaro@gmail.com**

**-:: आम सूचना ::-**

गोपालपुर–तिरो–बेल्डीह–मस्की से बहादूरपुर–खैराचातर पथ हेतु मौजा – लिपु, थाना संख्या– 152, अंचल – जरीडीह, अर्जनाधीन भूमि के निम्नलिखित रैयतों को सूचित किया जाता है कि मुआवजा भुगतान हेतु भुगतान नोटिस दिनांक– 31.07.2021 को निर्गत किया गया है, परन्तु अभी तक हितबद्ध रैयतों के द्वारा मुआवजा प्राप्ति हेतु ना तो नोटिस प्राप्त किया जा रहा है ना ही राजस्व कागजात समर्पित किया जा रहा है :–

| अंचल – जरीडीह | | | | मौजा– लिपु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | हितबद्ध व्यक्ति |
| एवार्ड सं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकवा (एकड़) | एवार्डी रैयत का नाम एवं पिता/पति का नाम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 27 | 401 | 0.0100 | आनन्द महतो वो सदानन्द महतो पिता स्व0 भीम महतो वो जलेश्वर महतो वो बुलुराम महतो पिता स्व0 हिरू महतो वो तुलसी महतो वगै0 पिता स्व0 धनु महतो वो उर्मिला देवी पति– कैलाश महतो वो रंजीत कुमार महतो पिता– जगदीश महतो वो फुलचांद महतो वगै0 पिता– किष्टो महतो |

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मुआवजा प्राप्ति हेतु नोटिस प्राप्त कर दावा /आपति दिनांक– 18.06.2023 तक जिला भू–अर्जन कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा इस संदर्भ में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जवाबदेही संबंधित हितबद्ध रैयत की होगी।

ह0/–

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, बोकारो

PR 300053 Land Reforms (23-24)_D

## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

**Formulated and Extruded Spawn Mash Feed आपूर्त्ति हेतु अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में Formulated and Extruded Spawn Mash Feed के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेता को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में लातेहार जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Formulated and Extruded Spawn Mash Feed एवं मत्स्य पालकों को 1.5 mm से लेकर 4mm size का Extruded Formulated and Extruded Floating Fish Feed उपलब्ध कराने हेतु उसके क्रय करने हेतु निविदा निम्न शर्तो के अधीन आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की शर्त्ते www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा **दिनांक 27.06.2023 के अपराह्न 1:30 बजे तक** यदि प्रथम तिथि पर किसी कारणवश निविदा रद्द होने पर क्रमशः दिनांक 06.07.2023, दिनांक 13.07.2023 को अपराह्न 1:30 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में दिनाक 27.06.2023 को अपराह्न 3:30 बजे, यदि प्रथम तिथि पर नहीं होने पर क्रमशः दिनांक 06.07.2023, दिनांक 13.07.2023 को अपराह्न 3:30 बजे उप विकास आयुक्त / अपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

**PR 300181 Fish(23-24)#D**

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा

**"भर्त्ती कैम्प , दिनांक : 17.06.2023"**

**–: सूचना :–**

एतद द्वारा सभी बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि "झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022" के अनुपालन के क्रम में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75 % स्थानीय नियोजन निती के तहत स्थानीय बेरोजगार उम्मीदवारों को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा के द्वारा दिनांक : 17.06.2023 को जिला नियोजनालय, कोडरमा कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक एक दिवसीय "भर्त्ती कैम्प" का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठान ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरणी निम्न प्रकार है :–

| S. No: | Name of the Extablishment & Address | Name of the Post | No. of Post | Qualification | | Experience | Age. | Pay & Allow. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | |
| 01 | Jharkhand State Beverages Corporation Limited, Koderma | दुकान प्रभारी/ दुकान सहायक | 100 (tentative) | ---- | Matric | खुदरा बिक्री में कार्यानुभव को प्राथमिकता। | 21 Yrs | श्रम, नियोजन, प्रषिक्षण एवं कौषल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा निर्धारित दैनिक पारिश्रमिक |
| 02 | Daffodills Foods, Bokaro Steel City | High Skilled | 01 | B.E/ B.Tech | --- | ---- | Below 60 Years | 26488 |
| 03 | Tulsayan Metals Pvt Ltd, Jhumri Telaiya, Koderma | Supervisor | 01 | Matric | --- | 1 Years | 20 to 30 Yrs | 11000 |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त "भर्त्ती कैम्प" में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75% स्थानीय नियोजन निति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वैसे उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक द्वारा चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में भर्त्ती कैम्प मे शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह0/

जिला नियोजन पदाधिकारी, कोडरमा।

**PR.NO.300136 Labour Employment and Traning(23-24):D**

## झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–01/2023–24 (3rd Call) तिथि :– 15.06.2023**

**P.R. No. 295301 & 298106 Drinking Water and Sanitation (23-24)D**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.06.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 21.06.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 26.06.2023 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 27.06.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | .28.06 2023 को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल,राँची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying, Installation, Testing and Commissioning of 11000/433 volts, outdoor type copper wound 1250 KVA offload Tap Changer Power Transformer (Make- Synergy/T Power/PVJ Power) with other accessories at Booty Sub Station under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 25,95,538.00 | 52,000.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | Two months |

नोट:–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।

(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33/11 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।

(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।

**PR.NO.300131 Drinking Water and Sanitation(23-24):D**

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरनीराय में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में मेघावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे स्कूल के दसवी और बारहवीं बोर्ड परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओ को सम्मानित किया गया।समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य गणेश महतो ने किया।समारोह का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष सौखी महतो एवं सचिव फुलेश्वर महतो द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता,ओम एवं सरस्वती माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शंखनाद के साथ किया गया। सम्मान समारोह में जैक बोर्ड के दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दस-दस छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं में कक्षा दसवीं में पुरे खलारी प्रखंड में टॉपर करण कुमार एवं बारहवीं में विद्यालय की टॉपर दीपिका कुमारी को मोती का कलम एवं बाकी प्रथम दस स्थान पर रहने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र रखने वाली फाईल देकर पुरस्कृत किया गया।सम्मान एवं पुरस्कार पाने वाले छात्र छात्राओं में करण कुमार, दीपिका कुमार,अंजली कुमारी, साइना महबूब, कुणाल कुमार महतो, उमा भारती, अंशु कुमारी, आशीष कुमार, रोशनी कुमारी, कुमारी निशा, कुमारी संध्या, प्रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी, कुसुम कुमारी, रीता कुमारी, मोनिका कुमारी, पुष्पा कुमारी, संजना कुमारी, पवन कुमार एवं लक्ष्मी कुमारी शामिल हैं।

## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

**मत्स्य स्पॉन आपूर्त्ति हेतु सरकारी मान्यता प्राप्त हैचरी संचालकों से अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में लातेहार जिले के मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि निबंधित मत्स्य स्पॉन उत्पादकों को भारतीय मेजर कॉर्प का मत्स्य स्पॉन एवं जलाशय/नदी छाडन, विभागीय जीरा वितरण कार्य हेतु मत्स्य स्पॉन आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत किया जाना है। इस हेतु सरकार के स्तर से मत्स्य अण्ड बीज का दर अधिकतम 550/– प्रति लाख परिवहन व पैंकिग शुल्क सहित है। निविदा की शर्त्ते www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 27.06.2023 के अपराह्न 1:30 बजे तक यदि प्रथम तिथि पर किसी कारणवश निविदा रद्द होने पर क्रमशः दिनांक 06.07.2023, दिनांक 13.07.2023 को अपराह्न 1:30 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में दिनाक 27.06.2023 को अपराह्न 3:30 बजे, यदि प्रथम तिथि पर नहीं होने पर क्रमशः दिनांक 06.07.2023, दिनांक 13.07.2023 को अपराह्न 3:30 बजे उप विकास आयुक्त / अपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 300179 Fish (23-24)_D

## समादेष्टा का कार्यालय सैप-1 वाहिनी, कैम्प-झा०स०पु०-2, टाटीसिलवे, राँची

**Email id - commandantprsap1254@gmail.com**

**निविदा आमंत्रण सूचना– 02/2023–24**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सैप–1 वाहिनी झा०स०पु०–2 टाटीसिलवे, विभिन्न कम्पनी, पिकेट, पोस्टों एवं टी०ओ०पी० में उपयोग होने वाले Consumable, साफ–सफाई एवं स्वास्थ्य सम्बधी सामग्री, हार्डवेयर/पलम्बर, विधुत एवं अन्य सामानों को क्रय करने हेतु वित्तीय वर्ष–2023–24 के लिए निविदा आमंत्रण की जाती है। इस संबंध में इच्छुक फर्म/मेसर्स, दिनांक–19/06/2023 से 24/06/2023 तक निविदा का हार्ड कॉपी इस कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक–01/07/2023 तक निविदा मुहर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। दिनांक–03/07/2023 को कार्यालय कक्ष में समय 12:00 अप० में समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि को निविदा दाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

नियम की शर्ते :–

1. आपूर्तिकर्ता का निबंधन झारखण्ड राज्य अन्तर्गत होनी चाहिए।
2. निविदा दाता का GST/PAN एवं अन्य सभी प्रकार के कागजात अद्यतन होना चाहिए।
3. निविदा दाता में GST/PAN एवं मोबाईल नम्बर अंकित होनी चाहिए। साथ ही उपायुक्त द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र अनिवार्य होगा जो अधिकतम छः माह का मान्य होगा।
4. आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति किए गये सभी सामग्रियों की अच्छी गुणवता एवं बाजार दर के अनुरूप होनी चाहिए।
5. सामग्रियों के आवश्यकता के पश्चात् दिये गये सूचना के आधार पर अविलम्ब आपूर्ति करना सूनिश्चत करेंगे।
6. कार्यालय में अंकित नाम/पता निविदा दाता का ही निविदा शामिल कया जाऐगा।
7. निविदा दाता द्वारा इस कार्यालय से निविदा का हार्ड कॉपी प्राप्त करने हेतु नाम/पता दर्ज करायेगें। क्रमांक–1, 2 एवं 3 का सभी प्रमाण–पत्र जमा करने एवं सही पाये जाने के पश्चात् सामानों का विवरणी के साथ निविदा का हार्ड कॉपी इस कार्यालय से प्राप्त करेंगे।
8. आपूर्ति कर्ता द्वारा किसी भी प्रकार की कमी/त्रुटि पाये जाने पर आपूर्तिकर्ता के निविदा को बिना सूचना दिये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

समादेष्टा, झा०स०पु०–2 टाटीसिलवे राँची –सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
सैप–1 वाहिनी, कैम्प–टाटीसिलवे, राँची

PR 300166 Police (23-24)_D

## District Health Society Koderma

### EXPRESSION OF INTEREST

EOI No :01/2023,Introduction — Letter no............dt.........

Sadar Hospital Koderma is 100 bedded Government Hospital providing all essential health services like (Normal and Caesarian delivery, Pathology, SNCU, Blood Bank etc.). To increase the services more effectively, the District Health Society is inviting expression of interest for filling up the following vacancies of Specialist and Medical Officers for strengthening health infrastructure and resources in Sadar Hospital, Koderma under Pradhan Mantri Jan Arogya Yojna and DMFT.

| Sl No | Name of Post | No of Post | Minimum Qualification | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Gynaecologist | 2 | MS/MD Gynaecology/DGO | • Minimum 10 working daysin a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 2. | ENT Specialist | 1 | MD/MS in ENT | • Minimum 10 working daysin a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 3. | Orthopedic Surgeon | 1 | D.Ortho/M.S/DNB (Orthopedics) | • Minimum 10 working daysin a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 4. | Ophthalmologist | 1 | MS/DNB /Diploma | • Minimum 10 working daysin a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 5. | Radiologist | 1 | MD/ DMRD/DNB | • Minimum 10 working daysin a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every case. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 6. | General Physician | 1 | MD Medicine | • Minimum 10 working daysin a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every case. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 7. | General Surgeon | 2 | MS/DNB | • Minimum 10 working daysin a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 8. | General Duty Medical Officer | 5 | MBBS | • Rs 65,000 monthly remuneration. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. |

1. The jobs offered are contractual for tenure of one year from the date of joining and can be renewed further after successful completion of agreement period upon mutual consent and performance review or appraisal.
2. TDS will be applicable as per Government rules and leave shall be availed as according to provision of State government.
3. Age limit - 60 years as on 01.03.2022.
4. Interested candidates are requested to report with filled Annexure A, at 11.00 AM on below mentioned date at District Collectorate Hall, Koderma - 825410 for the above interview with their Original Certificates and Testimonials as mentioned in application form.
5. The remuneration as mentioned above is negotiable and will be finalized during counselling/ interview session to be held on below mentioned interview schedule.
6. Chairman, District Health Society, will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
7. The undersigned reserves the right to cancel/reject the advertisement without assigning any reason thereof.
8. For any enquiry, candidates can contact the following mobile numbers during official hours – Mr Mahesh Kumar, District Programme Manager, Contact no 8709947026 , 9065527608. Email id nhmreckod@gmail.com.
9. Annexure A and other details can be downloaded from district website http://koderma.nic.in.

Date of Interview

- 23/06/23 (Friday) Time 11.00 AM
- 28/06/23 (Wednesday) Time 11.00 AM
- 04/07/2023 (Tuesday) Time 11.00 AM
- 08/07/2023 (Saturday) Time 11.00 AM

**Civil Surgeon cum Chief Medical Officer**
**Koderma**

**PR 300117 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D**

## जमशेदपुर के नये डीडीसी मनीष कुमार ने लिया प्रभार, फिर सीधे गये रक्तदान करने



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मनीष कुमार ने पूर्वी सिंहभूम जिला के 28वें उप विकास आयुक्त के रूप में आज पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की विकास एवम कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को जागरूक करना तथा योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकताओं में होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी के रूप में समाज के आखिरी पायदान के व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने की जिम्मेवारी होती है, जिले की उपायुक्त के मार्गदर्शन में तथा पूरी टीम के सहयोग से निष्ठापूर्वक इस जिम्मेवारी के निर्वहन का प्रयास होगा, साथ ही कार्यालय में कैपेसिटी बिल्डिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा जिससे सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की पूरी क्षमता का बेहतर उपयोग हो सके। इससे पूर्व कोडरमा अनुमंडलाधिकारी तथा ऊर्जा विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य कर चुके हैं। पदभार ग्रहण के पश्चात उप विकास आयुक्त ने जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान कर रक्तदान महादान का संदेश दिया।

## रजो संक्रांति के उपलक्ष्य मुरुप में वार्षिक छऊ नृत्य महोत्सव संपन्न



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत मुख्यालय मुरुप गांव में रजो संक्रांति के अवसर पर वार्षिक छऊ नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता गणेश महाली ने किया। मौके पर उन्होंने कहा अपनी कला एवं संस्कृति हमारी धरोहर एवं हमारी पहचान है। इसे संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। छऊ महोत्सव में दो नृत्य मंडली मुरुप और घोड़ालांग के उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा पौराणिक कथाओं पर आधारित आकर्षक छऊ नृत्य की प्रस्तुति की। मुरुप पंचायत सहितआस पास के गांवों से बड़ी संख्या में आए महिला एवं पुरुष दर्शक देर रात तक उत्सव का आनंद लिए। छऊ नृत्य महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में भीमसेन छऊ नृत्य मंडली के सक्रिय सदस्यों सहित सभी ग्रामवासियों की सक्रियता रही।

## रिक्शा चालक व ठेले वालों के बीच गमछा का वितरण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्वके तहत भीषण गर्मी को देखते हुए साकची के विभिन्न क्षेत्र में गर्मी और उमस की वजह से पसीने से सरोबार लगभग 100 से अधिक रिक्शा चालक एवं ठेले वालों के बीच शीतल जल और नये गमछा का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सांवरमल अग्रवाल घाटशिला निवासी के सौजन्य से अध्यक्ष निशा सिघल के नेतृव में संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में शाखा सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सदस्य खुशबू कावटिया, बिंदिया नरेड़ी, अनीता अग्रवाल एवं सरिता अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## एड्स पीड़ितों के लिए एमजीएम अस्पताल में पेंशन शिविर 19 व 21 जून को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एचआईवी एड्स से पीड़ित व्यक्ति जिन्हें इलाज हेतु सहायतार्थ किसी तरह की कोई पेंशन नहीं मिलती है, के लिये 19 एवं 21 जून को एमजीएम अस्पताल परिसर के आर्ट सेंटर में प्रातः 11:00 बजे से एचआईवी / एड्स पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। लाभुक दस्तावेजों के साथ ससमय उक्त शिविर में उपस्थित होकर पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना हेतु आवेदन कर शिविर का लाभ ले सकते हैं- आवश्यक दस्तावेजों की सूची- ग्रीन बुक की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति और एक पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।

## सभी कोर्ट को जमशेदपुर सिविल कोर्ट में लाने के लिए अधिवक्ता सुधीर ने चीफ जस्टिस को लिखा पत्र



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने माननीय मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय रांची, झारखंड को पत्र लिखकर श्रम न्यायालय, रेलवे न्यायालय, अनुमंडल दंडाधिकारी न्यायालय एवं बाल किशोर न्यायालय को जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में स्थानांतरण करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में अधिवक्ता कहा कि जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के परिसर में उपरोक्त न्यायालय का नही होने से हम अधिवक्ताओं को एवं पक्षकार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। व्यवहार न्यायालय से रेलवे न्यायालय एवं बाल किशोर न्यायालय 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है एवं श्रम न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी न्यायालय पुराना व्यवहार न्यायालय के परिसर में अभी तक चल रहे हैं। हम अधिवक्ताओं को एवं पक्षकारों को मुकदमा की पैरवी के लिए न्यायालय जाने के वक्त काफी परेशानी होती है एवं बाल किशोर न्यायालय में अभी तक अस्थाई न्यायिक अधिकारी होने से मुकदमे की सुनवाई पूरी अवधि में नहीं होने से पक्षकार को न्याय मिलने में देरी होती है। हम अधिवक्ताओं को समय के अभाव के कारण उपरोक्त चारों न्यायालय में पैरवी कर उपस्थिति नहीं होने कारण पक्षकारों को न्याय से वंचित होना पड़ता है एवं अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। आग्रह है कि अधिवक्ता गण एवं पक्षकारों की परेशानी को देखते हुए उपरोक्त चारों न्यायालय जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में लाने का अनुरोध पर विचार करने का कष्ट करेंगे।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल, पूर्व पार्षद स्वपन ने की चिकित्सा में मदद



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के चुनिडीह निवासी करीब 16 वर्षीय किशोर अविनाश महतो की मंगलवार को पोखरिया गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी टूट गई है। परिजनों द्वारा इसकी जानकारी बोड़ाम के पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो को दिए जाने पर उन्होंने गुरुवार को जमशेदपुर के गंगा मेमोरियल अस्पताल के चिकित्सक से बात करते हुए चिकित्सा शुरू कराई। इस संबंध में पूर्व पार्षद ने बताया कि परिजनों द्वारा अस्पताल का पूरा खर्च वहन करने में असमर्थता जताने पर तत्काल आधी राशि जमा करते हुए ऑपरेशन का काम शुरू करवाया गया। दूसरी ओर डिमना के स्मृति सेवा सदन में इलाजरत बोड़ाम प्रखंड के कुमारी गांव निवासी आनंद मुर्मू को पूर्व पार्षद ने समाजसेवी उमेश महतो की पहल पर ऑपरेशन के लिए जरूरी दो बोतल खून उपलब्ध कराई।

# स्पंज-आयरन उद्योगों में डिकार्बनाइजेशन प्रक्रिया से मजबूत होगा औद्योगिक विकास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फ़ोर्स, झारखंड सरकार और सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा संयुक्त रूप से एक स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन डिकार्बनाइजिंग स्पंज-आयरन इंडस्ट्रीज इन झारखंड का आयोजन किया गया। इस कंसल्टेशन का मुख्य उद्देश्य राज्य में ग्रीन स्टील प्रोडक्शन की प्रक्रिया और नेट-शून्य परिदृश्य में योगदान देने के लिए स्पंज-आयरन क्षेत्र को डिकार्बनाइज करने के तरीकों पर विचार-विमर्श करना था। यह बैठक टास्क फोर्स द्वारा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के साथ चल रहे कंसल्टेशन की श्रृंखला का एक हिस्सा है, ताकि डिकार्बनाइजेशन प्रक्रिया पर स्टेकहोल्डर्स की चिंताओं और आकांक्षाओं को जाना-समझा जा सके और राज्य में सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन के रोडमैप बनाने की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। कंसल्टेशन के व्यापक उद्देश्यों के बारे में ए.के. रस्तोगी (आईएफएस सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स (झारखंड सरकार) ने कहा कि राज्य में ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में उद्योग क्षेत्र की बड़ी हिस्सेदारी रही है। स्पंज-आयरन और स्टील क्षेत्र को डिकार्बनाइजेशन प्रक्रिया के लिए 'हार्ड टू अबेट' (कठिन) सेक्टर माना जाता है। राज्य के आर्थिक विकास एवं अधिसंरचना के विस्तार में आयरन-स्टील क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए इस क्षेत्र की संसाधन दक्षता में सुधार के लिए स्पंज-आयरन ईकाइयों को डिकार्बनाइज करना महत्वपूर्ण है। भारत दुनिया में स्पंज आयरन के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है, जो लगभग 22 मिलियन टन स्पंज आयरन का उत्पादन करता है। इन उद्योगों की उपस्थिति के मामले में झारखण्ड देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। इस अवसर पर सीड के सीईओ रमापति कुमार ने उद्योग क्षेत्रों के अनुरूप एक्शन प्लान बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, झारखण्ड एक औद्योगिक राज्य है। डिकार्बनाइजेशन की मौजूदा चुनौतियों को समझने, क्षमताओं का आकलन करने और योजना तैयार करने के लिए अलग-अलग उद्योग क्षेत्रों के लिए विशेष शोध-अध्ययन जरूरी है। कंसल्टेशन में निजी क्षेत्रों की अग्रणी स्पंज-आयरन इकाइयों, एमएसएमई, थिंक-टैंक और राज्य के क्लीन एनर्जी सोल्यूशन प्रोवाइडर्स की सहभागिता रही। इनमें टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, रूंगटा माइंस, नरसिंह इस्पात, नीलांचल इस्पात, बिहार स्पॉन्ज आयरन, एम्मार अलॉय, आधुनिक पावर, अमलगम स्टील, शाह स्पंज एंड पावर लिमिटेड, डीडी इंटरनेशनल एंड स्टील और कॉर्पोरेट इस्पात अलॉय लिमिटेड जैसी प्रमुख कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भागीदारी की।

## कुष्ठ रोग खोज अभियान को सफल बनाएं : सिविल सर्जन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सदर अस्पताल सरायकेला सभागार में सिविल सर्जन सरायकेला खरसावां डॉक्टर विजय कुमार की अध्यक्षता में आज राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम 2023 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन के साथ डीआरसीएचओ डॉ अजय कुमार सिन्हा, डीपीपी निर्मल कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ विजय कुमार ने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम 2023 को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड व जिला स्तर पर लगातार इस अभियान की मॉनिटरिंग होंगी । जिला में कुष्ठ रोगियों की पहचान जरूरी है क्योंकि यहां मरीजों की संभाव्यता अधिक है। सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। बताया कि यह अभियान 15 से 28 जून 2023 तक चलेगा जिसमें घर घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगा।

## वन विभाग की भूमि पर बने दर्जनों मकान हुए जमींदोज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** वन विभाग की ओर से गम्हरिया के हथियाडीह और शांतिनगर बस्ती में अभियान चलाकर वन विभाग की भूमि अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाए गए कई मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। विभाग के रेंजर जे मुर्मू के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान अवैध रूप से बने एक दर्जन से अधिक घरों को जेसीबी की मदद से तोड़ दिया गया। इस अभियान में सरायकेला के एसडीपीओ हरविंदर सिंह, आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार समेत काफी संख्या में पुलिसकर्मी और वन कर्मी शामिल थे। इस दौरान दर्जनों घरों को जमींदोज कर दिया गया। इस दौरान रेंजर ने वन भूमि पर अवैध कब्जा नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि वन विभाग की भूमि को हर हाल में अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा और अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आजसू सिमला पंचायत के अध्यक्ष बने मदन व सचिव मनोज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** आगामी 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव की रूपरेखा रणनीति व तैयारी को लेकर खरसावां प्रखंड क्षेत्र के सिमला पंचायत के सिनुडीह गांव में प्रखंड सचिव कार्तिक गोप की अध्यक्षता में आजसू पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई। साथ ही बैठक में सिमला पंचायत का गठन किया गया? जिसमें सर्वसम्मति से मदन साहू को अध्यक्ष, मनोज महाली को सचिव व आकाश महाली को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार साह एवं एसटी मोर्चा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रूप सिंह मुंडा उपस्थित हुए। मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्री साह ने कहा कि संगठन की मजबूती एवं विस्तार के लिए प्रत्येक पंचायत गांव एवं बुथ को मजबूत कर आजसू पार्टी में कार्यकर्ता को शामिल कर पदाधिकारी व सदस्य बनाना है। वहीं खरसावां प्रखंड के श्रमिक संघ का विस्तार किया। जिसमें भोला महाली अध्यक्ष विनोद जोंको सचिव एवं अनिल महाली को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार साह एसटी मोर्चा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रूप सिंह मुंडा ओबीसी मोर्चा के जिला सचिव बसंत कुमार महतो प्रखंड प्रभारी शंभू मंडल आलोक डे लखीराम महाली लाल महाली मंगल सुरेन कार्तिक महाली शिवचरण महाली मोहन महाली शिव शंकर महाली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गोविंदपुर के राहुल कुमार को मिला कैटेगरी रैंक 4634



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में गोविंदपुर क्षेत्रीय कमेटी सचिव सिद्धेश्वर शाह उर्फ मास्टर जी के पुत्र राहुल कुमार को 99 पॉइंट 4 प्रतिशत के साथ कुल अंक 635 कैटेगरी रैंक 4634 और ऑल इंडिया रैंक 12761 की उपलब्धि हासिल करने पर उनके घर जाकर सम्मानित किया गया। राकेश साहू ने इस उपलब्धि के लिए मास्टर जी और उनके पुत्र राहुल कुमार को बहुत-बहुत बधाई दी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रंजीत कुमार साव, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, युवा उपाध्यक्ष गौतम साहू, महेश साहू आदि मौजूद थे।

## पॉजिटिव इंपैक्ट रेटिंग में एक्सएलआरआइ बना टॉप बिजनेस स्कूल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिजनेस स्कूलों की होने वाली पॉजिटिव इंपैक्ट रैंकिंग में इस बार एक्सएलआरआइ को पायनियरिंग स्कूल केटेगरी में सर्वश्रेष्ठ बिजनेस स्कूलों का खिताब दिया गया है. उच्चतम स्तर 5 को प्राप्त करने वाले बी-स्कूलों में एक्सएलआरआइ के अलावा छह अन्य बिजनेस स्कूलों को भी यह स्थान मिला है. जिसमें एशिया के छह जबकि साउथ एशिया के एक बिजनेस स्कूल को शामिल किया गया है. पॉजिटिव इंपैक्ट रेटिंग 2023 रिपोर्ट को न्यूयॉर्क में पॉजिटिव इंपैक्ट रेटिंग एसोसिएशन के प्रो. थॉमस डायलिक और ओइकोस इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष सह पीआईआर बोर्ड के सदस्य लॉरिएन डिट्रिच ने पीआरएमइ ग्लोबल फोरम में लांच किया गया. इस वर्ष 25 देशों के 71 बिजनेस स्कूलों ने इसमें हिस्सा लिया. एक्सएलआरआइ ने लगातार चौथे वर्ष पॉजिटिव इंपैक्ट रेटिंग में भाग लिया. एक्सएलआरआइ को वर्ष 2020 में लेवल 3 में जबकि उसके बाद से लगातार अब तक लेवल 5 में उच्चतम स्थान हासिल हुआ है. ओइकोस इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष और पीआईआर बोर्ड के सदस्य लॉरिएन डिट्रिच ने कहा कि हमें छात्रों को उन दक्षताओं के साथ तैयार करने की आवश्यकता है जो उन्हें व्यवसाय, समाज और विश्व को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए सशक्त बनाती हैं. फादर एस जार्ज, एस.जे., निदेशक, एक्सएलआरआइ ने कहा, एक्सएलआरआई में, हम हमेशा मानवता की भलाई के साथ एक स्थायी भविष्य बनाने की दिशा में अपने छात्रों के प्रयासों और योगदान को महत्व देते हैं. हमें खुशी हुई जब 2021, 2022 के बाद 2023 में भी एक्सएलआरआई को उच्चतम पीआईआर रेटिंग यानी लेवल 5 से सम्मानित किया गया.

## नाबालिक लड़की से सामूहिक बलात्कार मामले में तीन गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** नाबालिक लड़की से सामूहिक बलात्कार के मामले में जादूगोड़ा पुलिस ने तीन युवकों को बीती रात गिरफ्तार कर आज बृहस्पतिवार को घाटशिला जेल भेज दिया। घटना बीते 14 जून की है। इस बाबत युवती के बयान पर जादूगोड़ा थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में तीनो प्राअभि (1) बैगो गोप उर्फ पाण्डु गोप, उम्र करीब 38 वर्ष, ग्राम फॉरेस्ट ब्लॉक, जोजोगोड़ा, चोपोन महाकुड़ उर्फ गोपीनाथ महाकुड़, उम्र करीब 23 वर्ष, ग्राम पारूलिया, लेंजोबेड़ा, थाना मुसाबनी एवम कामे महाकुड़, उम्र करीब 20 वर्ष, ग्राम बनकाटी थाना डुमरिया निवासी है। इन तीनों का आज गिरफ्तार कर घाटशिला स्थित न्यायालय में अग्रसारित किया गया है जहा से उसे जेल भेज दिया गया। वही एक अन्य यौन शौषण मामले में पीड़िता प्रमिला सिंह ने ईचड़ा निवासी प्राथमिकी अभियुक्त शेखर मंडल की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है अन्यथा आत्महत्या की धमकी दी है।

## डीडीसी की अध्यक्षता में जी20 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई की अध्यक्षता में जी20 (एफएलएन) के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत निपुण भारत मिशन बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित कार्यशाला मे एफएलएन के उद्देश्य एवं लक्ष्य पर चर्चा करते हुए इसके तहत किए जाने वाली गति विधियों के बारे मे जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने कहा सबसे पहले हमें इसकी रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए काम करने की जरूरत है। स्थानीय भाषा मे बच्चो के साथ संपर्क करें ताकि बच्चे शिक्षक के समक्ष अपनी बातें सहजता से रख सकें। अभियान के शत प्रतिशत सफलता के लिए यह आवश्यक है। पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि आशीष कुमार ने बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास के योगदान पर बताया। सामाजिक एवं भावनात्मक विकास में अलग-अलग बिन्दुओं पर चर्चा की। कार्यशाला मे जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेमब्रम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, डॉ अजय कुमार सिन्हा, आरईओ अंबुजा कुमारी, एडीपीओ प्रकाश कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं बीपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## गम्हरिया के धीराजगंज में एक लाख नगद समेत करीब दो लाख के आभूषणों की चोरी, गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड दो स्थित धीराजगंज में बीते बुधवार की रात चोरों द्वारा अनिल गोप के घर से एक लाख नगद समेत करीब दो लाख के आभूषणों की चोरी कर ली गई। सुबह करीब तीन बजे गृहस्वामी अनिल गोप द्वारा इसकी सूचना आदित्यपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल वारदात की जानकारी लेते हुए चोरों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी शुरू कर दिया। इधर प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस द्वारा चोर को पकड़ लिया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है। उनके पास से 2.60 लाख रुपए नगद, सोने एवं चांदी के आभूषण जिसकी मूल्य करीब छः लाख रुपये एवं तीन मोबाइल और एक थैला बरामद किया गया. पूछताछ के क्रम में दोनों ने अपना नाम राहुल लोहार और बबलू अंसारी बताया. कड़ाई से पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी के अपराध को स्वीकार कर लिया. बताया जा रहा है कि दोनों कई कांडों में जेल जा चुके हैं. दोनों अभियुक्त कुछ महीने पहले ही एक साथ जेल से बाहर आए हैं. दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## छात्र संघ के महाअधिवेशन को सफल बनाने के लिए युवाओं ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** चांडिल प्रखंड के शीशमहल में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की और से आगामी 18 जून को धनबाद के बलियापुर में होने वाले महा अधिवेशन को लेकर बैठक की गई। बैठक में महाअधिवेशन में शामिल होकर टाइगर जयराम महतो के विचारों का समर्थन देने की अपील की गई। मौके पर फुल चांद महतो, आशु कालिंदी, गोपेश महतो, विष्णु,बसिस्ता महतो,सहदेव कुमार, सुकदेव, विचित्र , मुकेश, पूर्ण शशि, भवतरण, सुरेश, राधेश्याम, राजेश , श्याम सुंदर,परमेश्वर, निर्मल ,रवींद्र महतो, गुरु चरण महतो,विकास महतो, शिशिर कुमार शामिल हुए।

## संपादकीय

# लगातार हारने की चैंपियन

**क्रिकेट** की टीम इंडिया ने लगातार छठी बार बड़े टूर्नामेंट का फाइनल हारा है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रनों से करारी पराजय दी है। खेल में हार-जीत चिंता का सबब नहीं होना चाहिए, लेकिन पराजय ही जब मनोवृत्ति बन जाए और टीम विश्व कप तथा वैश्विक मैचों में पराजय की सोच के साथ ही उतरने लगे, तो कईतरफा सवाल उठने लगते हैं। करोड़ों रुपए का जो खर्च खिलाड़ियों पर किया जाता रहा है, वह भी फिजूल लगता है। सवाल ये भी किए जाने चाहिए कि क्या भारत में क्रिकेट की नई पीढ़ी ने जन्म लेना ही छोड़ दिया है अथवा हमारा उस पर फोकस ही नहीं है? ऑस्ट्रेलिया एकदिनी क्रिकेट का पांच बार का विश्व चैम्पियन है। वह 2021 में टी-20 क्रिकेट के फटाफट प्रारूप का भी विश्व चैम्पियन बना और अब पांच दिनी टेस्ट क्रिकेट का भी 'बादशाह' है। कुछ माह पहले ऑस्ट्रेलिया की यही भरी-पूरी टीम भारत के प्रवास पर थी, जब टीम इंडिया ने एकतरफा मुकाबलों में उसे पराजित कर शृंखला जीती थी। अब लंदन के 'ओवल' मैदान में हम एकदम फिसड्डी क्यों रहे? क्या फाइनल मुकाबले भी इस तरह एकतरफा होते हैं? दरअसल हमारे क्रिकेटरों की मानसिकता ऐसी हो चुकी है कि वे अपने खेल की आलोचना पसंद ही नहीं करते। कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान एवं 28 शतकों वाले बल्लेबाज विराट कोहली और टीम इंडिया की 'नई दीवार' के विशेषण वाले चेतेश्वर पुजारा, यकीनन, महान बल्लेबाज रहे हैं, लेकिन आज बड़े मैचों में वे नर्वस होकर नाकाम क्यों रहे हैं? वे खेलते हुए 'नौसीखिया' लगते हैं और अक्सर गलत शॉट पर आउट होते हैं। हम गलत हो सकते हैं, लेकिन हमारा सरोकार राष्ट्रीय है कि टीम इंडिया 2013 के बाद से लगातार हार क्यों रही है और टीम एक भी आईसीसी ट्रॉफी क्यों नहीं जीत पाई है? बड़े मुकाबलों में 10,15, 20 या कभी-कभार अद्धशतक बनाने वाले बल्लेबाजों को, कमोबेश, 'महान' श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। इस पर हमारे क्रिकेटरों का अहंकार ऐसा है कि वे पैरक्टिस करना 'तौहीन' समझते हैं और मैदान पर, खेल शुरू होने के, औसतन 30-45 मिनट पहले ही उतरना पसंद करते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने, भारत में शृंखला हारने के बाद, बल्लेबाजी, गेंदबाजी और कैच का लगातार अभ्यास किया। अधिकतर क्रिकेटर ने आईपीएल खेलने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। टीम इंडिया के ज्यादातर क्रिकेटरों ने जमकर आईपीएल खेला और जाहिर है कि अभ्यास भी किया होगा। कमोबेश गेंदबाजी की धार, लाइन, लेंथ, गति आदि तो सटीक रहनी चाहिए। बल्लेबाजी जरूर प्रभावित होती है, लेकिन 'महान' बल्लेबाज तो 'महान' ही होते हैं! टीम इंडिया के 'पुराने चावल' अजिंक्या रहाणे ने ही कंगारुओं का जमकर, डटकर, मुकाबला किया। दरअसल हमारे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के खेल में निरंतरता की जबरदस्त कमी दिखाई देती रही है। तेज गेंदबाजों में शमी और सिराज पर ही भरोसा करना पड़ा। उमेश यादव तो टीम पर 'पुराने बोझ' हैं। कभी श्रेष्ठ गेंदबाज रहे होंगे! क्रिकेट के महान विशेषज्ञों का स्पष्ट आकलन है कि ओवल की पिच 469 रन बनाने वाली नहीं थी, लेकिन टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को दो-दो शतक समेत ढेरों रन बटोरने दिए। भारत की हार की प्रस्तावना यहीं से लिख दी गई थी। जिस गेंदबाज आर. अश्विन ने करीब 475 विकेट लिए हों और कई मैचों में टीम इंडिया को जिताने का श्रेय जिसे कई बार मिला हो, उसे बाहर बिठा कर रखा गया। यह रणनीति और दलील समझ में नहीं आती। ऐसा कई बार हो चुका है। इसके अलावा, टीम इंडिया के विकेटकीपर के. भरत एक अंतराल से खेल रहे हैं। वह लगातार रन बनाने में अक्षम और नाकाम रहे हैं। क्या इतने बड़े देश में एक प्रशिक्षित विकेटकीपर का भी संकट है? बहरहाल इसी साल के अंत में एकदिनी क्रिकेट का विश्व कप भारत में ही होना है। उसमें भारत किस तरह का चैम्पियन रहेगा, यह देश जरूर देखेगा।


खेल में हार-जीत चिंता का सबब नहीं होना चाहिए, लेकिन पराजय ही जब मनोवृत्ति बन जाए और टीम विश्व कप तथा वैश्विक मैचों में पराजय की सोच के साथ ही उतरने लगे, तो कईतरफा सवाल उठने लगते हैं। करोड़ों रुपए का जो खर्च खिलाड़ियों पर किया जाता रहा है, वह भी फिजूल लगता है। सवाल ये भी किए जाने चाहिए कि क्या भारत में क्रिकेट की नई पीढ़ी ने जन्म लेना ही छोड़ दिया है अथवा हमारा उस पर फोकस ही नहीं है? ऑस्ट्रेलिया एकदिनी क्रिकेट का पांच बार का विश्व चैम्पियन है। वह 2021 में टी-20 क्रिकेट के फटाफट प्रारूप का भी विश्व चैम्पियन बना और अब पांच दिनी टेस्ट क्रिकेट का भी 'बादशाह' है। कुछ माह पहले ऑस्ट्रेलिया की यही भरी-पूरी टीम भारत के प्रवास पर थी, जब टीम इंडिया ने एकतरफा मुकाबलों में उसे पराजित कर शृंखला जीती थी। अब लंदन के 'ओवल' मैदान में हम एकदम फिसड्डी क्यों रहे? क्या फाइनल मुकाबले भी इस तरह एकतरफा होते हैं? दरअसल हमारे क्रिकेटरों की मानसिकता ऐसी हो चुकी है कि वे अपने खेल की आलोचना पसंद ही नहीं करते।


## कुछ अलग

# पर्यटक सैलाब के बीच

**पर्यटन** के रास्तों पर खलल डालता ट्रैफिक जाम और अपनी सूरत निहारती हिमाचल की सैलानी बस्तियां। इसके अनेक कारण हो सकते हैं, लेकिन अधोसंरचना से पर्यटन प्रबंधन तक अगर कुछ सीख लें, तो सडक़ों पर वाहनों की कतार जाम में नहीं फंसेगी। ट्रैफिक जाम की सूचना में पर्यटक सीजन की मांग फिर परिलक्षित करती है कि इस भीड़ को किस हद तक अपनाएं या सारे काफिलों को मंजिल कैसे दिखाएं। सप्ताहांत पर्यटन को ढोते वाहन इतनी शुमारी में डेस्टिनेशन पर्यटन को भर देते हैं कि सुकून ढूंढता सैलानी क्यों ऐसी खुमारी में खुद को परेशान करे। अटल टनल हो या अन्य मंजिलें वाहनों की गिनती में होता इजाफा बता रहा है कि सिरदर्द बढ़ता जाएगा। इसमें पर्यटक सीजन की औपचारिकताएं भी दोषी हैं। हर बार फर्ज अदायगी के लिए ट्रैफिक प्लान माथा पीटती है, लेकिन कार्यान्वयन की सुस्ती और अनुशासन हीनता में डूबी व्यवस्था के लिए ट्रैफिक सिर्फ एक आफत है-समाधान नहीं। किसी भी पर्यटक स्थल को मालूम नहीं कि वह जा किधर रहा और उसकी क्षमता में सीजन का दस्तूर क्या होना चाहिए। ग्रीन टैक्स को इक्का-दुक्का प्रयास भी असफल हैं, तो इसलिए कि सबसे चर्चित पर्यटक स्थल केवल बाजार बन गए या सारी घाटियों में कंक्रीट के जंगल उग आए। आखिर पर्यटक स्थल या पर्यटक सीजन है किसका। क्या यह प्रशासनिक दुरुस्ती से सही होगा या टीसीपी कानून के तहत योजनाओं ने सोचा ही नहीं कि पर्यटक या धार्मिक स्थलों को सैलानियों के सैलाब से कैसे उभारा जाए। अमूमन पर्यटक शहरों को जाती-आती सडक़ों पर हम वाहनों की गिनती करके अंदाजा लगा रहे हैं कि सीजन कैसे गुजरेगा, मगर सैलानियों के सुकून के लिए यह सफर सुखद नहीं। सोचने वाली बात यह नहीं कि ट्रैफिक जाम में कौन फंसा, बल्कि यह है कि पर्यटक सीजन की मारामारी में हिमाचल के अपने नागरिक भी कहीं फंस जरूर रहे हैं। अगर हिमाचल को पर्यटक राज्य बनना है, तो सर्वप्रथम यातायात के आदर्श बनाने होंगे। राज्य में पर्यटक आगमन सबसे अधिक निजी वाहनों से इसलिए होने लगा क्योंकि हिमाचल के भीतर टैक्सी सेवाएं सारे देश से महंगी हैं। दूसरी ओर पर्यटक शहरों के स्थानीय निकायों ने भी स्थानीय तौर पर साइट सीइंग प्रोग्राम नहीं बनाए। धर्मशाला व शिमला की स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत 35 इलेक्ट्रिक बसें तो खरीद लीं, लेकिन इनका संचालन रूटीन में हो रहा है, जबकि कुछ बसों को टूरिस्ट बस सेवाओं के तहत पर्यटक रूटों पर चलाना चाहिए। इतना ही नहीं धार्मिक व पर्यटक स्थलों से दस या पंद्रह किलोमीटर पहले महापार्किंग की व्यवस्था करके सारे निजी वाहनों को रोक देना चाहिए जबकि आगे का सफर पर्यटक वाहनों, रज्जु मार्गों या भौगोलिक परिस्थिति के अनुरूप नए मोड यानी सुरंगों या इसी तरह की अधोसंरचना निर्माण से भी संभव हो सकता है। हिमाचल के न केवल धार्मिक व पर्यटक शहर, बल्कि हर नगर में कम से कम चार मैदान विकसित करके हम पर्यटन की गतिविधियों, व्यापारिक मेलों तथा पार्किंग के लिए इनका समय-समय पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इतना ही नहीं प्रदेश के प्रवेश द्वारों पर पर्यटन पंजीकरण की पद्धति में सीजन का प्रबंधन आवश्यक है। एक ऐप के जरिए हर पर्यटक वाहन को आवश्यक जानकारियां व निर्देश देते हुए, हम बता सकते हैं कि इस वक्त कहां-कहां ट्रैफिक जाम हैं और विकल्प में क्या चुन सकते हैं। इसी तरह पर्यटक स्थलों के बारे में भी जानकारी देते हुए उनकी मंजिल बदली जा सकती है। आज अगर हम भीड़ में पर्यटन देख रहे हैं, तो कल यही नैराश्य भाव में डूब कर हिमाचल के अनुभव को नकारात्मक बना सकता है।

## विश्व की एक-तिहाई से ज्यादा जीडीपी भारत में पैदा होती थी, गरीबी अथवा बेघरपन कल्पना से परे था

# सभी के लिए आवास

अश्वनी महाजन


अपवाद के रूप में कभी-कभी अकाल जैसी स्थितियों की चर्चा इतिहास में मिलती है, लेकिन देश में सबसे भीषण अकाल ब्रिटिश शासन के दौरान ही देखने को मिलता है। आजादी से पूर्व लगभग 150 वर्ष के ब्रिटिश शासन काल में देश में गरीबी बढ़ी, इस पर सभी इतिहासकार एक हैं। एक देश जहां सभी लोग अपनी छत के नीचे रहते थे, ब्रिटिश शासन के दौरान कृषि और उद्योगों के पतन के साथ बढ़ती गरीबी के चलते बड़ी संख्या में लोग बेघर होते चले गए। 1947 में देश के विभाजन ने इस समस्या को और अधिक बढ़ा दिया। आजादी के बाद हर जनगणना में बेघर लोगों का बड़ा आंकड़ा दिखाई देता है। लेकिन वे सब लोग जो अपने घरों में अपनी छत के नीचे रहते रहे हैं, उनमें से भी एक बड़ा हिस्सा कच्चे और अत्यंत जीर्ण घरों में निवास करता रहा है।


**प्राचीन** काल में भारत में आवासविहीन लोगों का कोई जिक्र नहीं मिलता है। एक ऐसा देश जो धनाढ्य था, जहां उद्योग और कृषि उन्नत अवस्था में थे और विश्व की एक-तिहाई से ज्यादा जीडीपी भारत में पैदा होती थी, गरीबी अथवा बेघरपन कल्पना से परे था। अपवाद के रूप में कभी-कभी अकाल जैसी स्थितियों की चर्चा इतिहास में मिलती है, लेकिन देश में सबसे भीषण अकाल ब्रिटिश शासन के दौरान ही देखने को मिलता है। आजादी से पूर्व लगभग 150 वर्ष के ब्रिटिश शासन काल में देश में गरीबी बढ़ी, इस पर सभी इतिहासकार एक हैं। एक देश जहां सभी लोग अपनी छत के नीचे रहते थे, ब्रिटिश शासन के दौरान कृषि और उद्योगों के पतन के साथ बढ़ती गरीबी के चलते बड़ी संख्या में लोग बेघर होते चले गए। 1947 में देश के विभाजन ने इस समस्या को और अधिक बढ़ा दिया। आजादी के बाद हर जनगणना में बेघर लोगों का बड़ा आंकड़ा दिखाई देता है। लेकिन वे सब लोग जो अपने घरों में अपनी छत के नीचे रहते रहे हैं, उनमें से भी एक बड़ा हिस्सा कच्चे और अत्यंत जीर्ण घरों में निवास करता रहा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) के 65वें चक्र के अनुसार सम्पूर्ण देश में 12.6 प्रतिशत गृहस्थ पूर्णतया कच्चे घरों में रहते थे। ग्रामीण क्षेत्र में यह आंकड़ा 17 प्रतिशत का था और शहरों में 2.1 प्रतिशत का। इसके अलावा 21.3 प्रतिशत लोग आधे-अधूरे पक्के घरों में रहते थे। इसके अलावा 2011 की जनगणना के अनुसार 77.7 लाख लोग बेघर थे। गरीबी के चलते कच्चे और अधूरे पक्के मकानों में आवास करते लोगों के बारे में यह अपेक्षा भी करना बेमानी होगा कि उनके घरों में पर्याप्त पेयजल और शौचालय इत्यादि की भी व्यवस्था होगी। सामान्यतः गांवों में पक्के घरों में निवास करने वाले लोगों के पास भी उचित पेयजल अथवा शौचालय इत्यादि की व्यवस्था होना जरूरी नहीं। हालांकि एनएसएसओ के आवास संबंधी सर्वेक्षणों में लगातार कच्चे घरों की तदाद में लगातार कमी आई है और उसके स्थान पर पक्के घरों का अनुपात ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बढ़ा है। इस संबंध में देश में वास्तविक प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि का योगदान अधिक रहा है। लेकिन देखा जाए तो हालांकि पूर्व में सरकारों द्वारा शहरी और ग्रामीण आवास में सुधार हेतु हमेशा कुछ न कुछ खर्च होता रहा है। तमाम प्रकार की आवास परियोजनाओं का भी जिक्र मिलता है। इन सब योजनाओं और परियोजनाओं को या तो रोजगार सृजन कार्यक्रमों के साथ अथवा आसान शर्तों और कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराते हुए आवास की व्यवस्था की जाती रही। लोगों के स्वयं के प्रयास से अथवा सरकारी मदद से उधार



लेकर अथवा सरकार द्वारा सस्ते दामों में भूमि आवंटन इत्यादि के माध्यम से आवास में विकास होता रहा है। देश में ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्र में पक्के घरों के निर्माण हेतु केन्द्र और राज्य सरकारों के सम्मिलित प्रयास से 25 जून 2015 में प्रारंभ प्रधानमंत्री आवास योजना एक बड़ा कदम माना जा रहा है। स्लम बस्तियों समेत आर्थिक दृष्टि से विपन्न, निम्न आय वर्ग एवं मध्यम आय वर्ग, सभी को शामिल करते हुए हर पात्र गृहस्थ को वर्ष 2022 तक एक पक्का मकान उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना और प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना प्रारंभ की गई थी।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) : 25 जून 2015 को प्रारंभ इस योजना में विभिन्न प्रकार की श्रेणियों में घरों की कमी की समस्या से निपटने के लिए योजना बनाई है। इस योजना के अनुसार वर्ष 2022 तक आर्थिक रूप से विपन्न/निम्न आय वर्ग, स्लम निवासी एवं मध्यम आय वर्ग के श्रेणी के सभी लोगों को पक्के घर की व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा गया। लक्ष्य तो यह था कि जब देश अपनी आजादी के 75 साल पूर्ण कर रहा होगा तो सभी के पास एक पक्का घर होगा। इस योजना में घरों की कमी के बारे में राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में घरों की कमी के बारे में आकलन लगाया जाना तय किया गया। राज्य स्तर पर नोडल एजेंसियों, शहरी स्थानीय निकायों, केन्द्रीय नोडल एजेंसियों और प्राथमिक ऋण दाता संस्थाओं को इसमें मुख्य हितधारक के रूप में रखा गया। सभी प्रकार के शहरी क्षेत्र जिसमें सरकारी कस्बे, अधिघोषित योजना क्षेत्र, विकास प्राधिकरण, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, औद्योगिक विकास प्राधिकरण समेत सभी प्रकार के क्षेत्रों को इसमें शामिल किया गया। यह तय किया गया कि जो घर बनाए जाएंगे, उनमें शौचालय, जल आपूर्ति, बिजली और रसोई की मौलिक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से नए बने घर या तो महिला के नाम होंगे अथवा संयुक्त नाम से।

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की बात कहें तो 1.23 करोड़ घरों के निर्माण के लिए स्वीकृति दी जा चुकी है, 1.1 करोड़ घरों की शुरुआत होने के बाद 71 लाख घर बन चुके हैं। 2.03 लाख करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता के वचन के साथ 1.41 लाख करोड़ रुपए की सहायता राशि दी जा चुकी है। इन घरों के निर्माण में कुल 8.31 लाख करोड़ रुपए का निवेश हो चुका है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की बात करें तो भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय का लक्ष्य 2.94 करोड़ घरों के निर्माण का था, जबकि 3.17 करोड़ लोगों ने इस हेतु पंजीयन कराया जिसमें से 2.85 करोड़ घरों के निर्माण की स्वीकृति दी गई, जिसमें से 2.16 करोड़ घर अभी तक बन चुके हैं और इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा 2.86 लाख करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं।

क्या है प्रधानमंत्री आवास योजना : जून 2015 में शुरू की गई इस योजना में केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा 60:40 प्रतिशत अनुपात में राशि दी जाने का प्रावधान रखा गया। जबकि उत्तर-पूर्व और पर्वतीय इलाकों में यह प्रतिशत 90:10 का रखा गया। जहां तक सहायता का प्रश्न है मैदानी इलाकों में हर एक घर के निर्माण के लिए पहले 70 हजार रुपए दिए जाते थे, अब उसे बढ़ाकर 1.20 लाख रुपए दिए जाते हैं और पर्वतीय क्षेत्रों में यह राशि 75 हजार रुपए से बढ़ाकर 1.30 लाख रुपए कर दिए गए हैं। इस योजना का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचे, इसके लिए तीन स्तर पर सत्यापन किया जाता है। पहला सामाजिक, आर्थिक, जाति, जनगणना-2011, दूसरे ग्राम सभा और तीसरे जीओ टैगिंग। जीओ टैगिंग से मतलब है कि उपग्रह से प्राप्त भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के उपयोग से घर निर्माण के स्थान का सटीक नक्शा।

सबके लिए आवास का मतलब : समझना होगा कि कच्चे घरों में रहने वाले और आवासविहीन लोगों का जीवन अत्यंत कष्टमयी होता है। उन्हें अपना शौचालय, पेयजल और कुल मिलाकर सम्मानित जीवन नहीं नसीब होता। पक्का घर और उसके साथ शौचालय और पेयजल, जिसकी व्यवस्था भी सरकार द्वारा साथ-साथ की जा रही है, देश में गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोगों के लिए वास्तव में एक सुखद अनुभूति है। यह दुनिया की कतार में भारत को एक ऐसा देश बनाना, जिसमें सबके पास अपना घर हो, भारत को एक सम्मानित स्थान दिलाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकता है। मुफ्त में बिजली, पानी और अन्य प्रकार की मुफ्तखोरी से यह योजना कहीं बेहतर कही जा सकती है। इस पर योजनाबद्ध ढंग से काम होना चाहिए।

# अदालतों की सुरक्षा और अपराध बनता चुनौती?


लखनऊ के कौसरबाग़ की अदालत में हुईं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के माफिया संजीव महेश्वरी उर्फ़ जीवा की हत्या कम से कम यही साबित करती है। हालांकि यह कोई नई घटना नहीं है। अदालतों में गोलीकांड की एक नहीं अनगिनत घटनाएं हैं। यही हालात जेलों की है यहाँ भी कभी-कभी ऐसी घटनाएं होती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना के बाद ला-एण्ड-ऑर्डर का सवाल उठाया है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध और महिलाओं की सुरक्षा पर भी सरकार को घेरा है। पत्रकारों से अपराध का डाटा भी गिनाते दिखे। कन्नौज की घटना पर भी उन्होंने सवाल उठाया है। लखनऊ राज्य की राजधानी है। यह सत्ता का केंद्र बिंदु है। मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, मंत्रालय, पुलिस महानिदेशक सब यहीं रहते हैं। लेकिन राज्य की राजधानी लखनऊ भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी बेख़ौफ होकर अदालत में घुसकर गोलियां बरसाते हैं। उन्हें मुख्यमंत्री के बुलडोजर और एनकाउंटर नीति से जरा भी भय नहीं दिखता। गैंगवार की इस अघोषित लड़ाई में माफिया तो मरते हैं। निर्दोष पुलिस और आम आदमी भी शिकार होता है।


**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में स्वयं माफियाराज खत्म करने का दावा करते हैं। सरकार यह ढिंढोरा पीटती है कि राज्य से अपराध का समूल सफाया हो गया है। लेकिन तस्वीर इसके उलट है। अदालतें और जेल भी सुरक्षित नहीं है। लखनऊ के कौसरबाग़ की अदालत में हुईं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के माफिया संजीव महेश्वरी उर्फ़ जीवा की हत्या कम से कम यही साबित करती है। हालांकि यह कोई नई घटना नहीं है। अदालतों में गोलीकांड की एक नहीं अनगिनत घटनाएं हैं। यही हालात जेलों की है यहाँ भी कभी-कभी ऐसी घटनाएं होती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना के बाद ला-एण्ड-ऑर्डर का सवाल उठाया है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध और महिलाओं की सुरक्षा पर भी सरकार को घेरा है। पत्रकारों से अपराध का डाटा भी गिनाते दिखे। कन्नौज की घटना पर भी उन्होंने सवाल उठाया है। लखनऊ राज्य की राजधानी है। यह सत्ता का केंद्र बिंदु है। मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, मंत्रालय, पुलिस महानिदेशक सब यहीं रहते हैं। लेकिन राज्य की राजधानी लखनऊ भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी बेख़ौफ होकर अदालत में घुसकर गोलियां बरसाते हैं। उन्हें मुख्यमंत्री के बुलडोजर और एनकाउंटर नीति से जरा भी भय नहीं दिखता। गैंगवार की इस अघोषित लड़ाई में माफिया तो मरते हैं। निर्दोष पुलिस और आम आदमी भी शिकार होता है। जिसका इस लड़ाई से कोई ताल्लुक नहीं होता। पुलिस सुरक्षा और उसकी मौजूदगी में बढ़ती इस तरह की घटनाएं आम से लेकर



ख़ास लोगों में भय पैदा करती हैं। जब अदालते नहीं सुरक्षित हैं तो आम आदमी न्याय की उम्मीद कैसे कर सकता है। न्यायधीश को लोग न्याय का देवता मानते हैं। जब उसका मंदिर भी असुरक्षित है तो आम आदमी किससे उम्मीद करे। यह सवाल जायज और चिंता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित लखनऊ की कैसरबाग की अदालत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के माफिया संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या कर दी जाती है। इस घटना में जहां दो पुलिसकर्मी घायल हुए वहीं एक डेढ़ साल की मासूम और उसकी मां को भी गोली लगती है। जीवा पूर्वांचल के माफिया से राजनेता बने मुख्तार अंसारी का करीबी बताया गया है। उसने भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या की थी। जिसके बाद उसे आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वह मुजफ्फरनगर का रहने वाला था। जीवा हत्या और दलित उत्पीड़न के मामले में अदालत में पेशी पर आया था। अधिवक्ताओं ने बहादुरी दिखाते हुए गोलीकांड के आरोपी को पकड़ लिया और उसकी अच्छी कुटाई भी किया। वह जौनपुर के केराकत का रहने वाला है। उसका नाम विजय यादव है। पुलिस उसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है कि आखिर इसने जीवा की हत्या क्यों और किसके कहने पर किया। इस घटना के बाद राज्य मुख्यालय में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस महानिदेशक ने अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था को और दुरुस्त करने का आदेश दिया है। अदालत परिसर में इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद जीवा की हत्या करने का आरोपी अधिवक्ता के भेष में सीधे कोर्ट रूम में कैसे घुस गया। अदालत परिसर और कोर्ट रूम के बाहर पुलिस की अच्छी-खासी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। बिना जांच-पड़ताल के न्यायाधीश की अदालत में ऐसे लोगों को क्यों जाने दिया गया। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि जीवा के अदालत में पेश होने के पहले ही हत्या का आरोपी अधिवक्ता के भेष में वहां बैठा था। यह सब कैसे संभव है। निश्चित रूप से कहीं न कहीं से सुरक्षा व्यवस्था में चूक का मामला है। माफिया से राजनीति में प्रवेश करने वाले अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की भी अप्रैल में कुछ इसी तरह गोली मारकर हत्या कर दी गयीं थी। जब उसे प्रयागराज के काल्विन अस्पताल से मेडिकल जांच के बाद जब पुलिस अभिक्षा में लाया जा रहा था उसी दौरान ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर दोनों भाइयों की हत्या कर दी गयीं। इस घटना के बाद सनसनी फैल गई और सरकार के कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे। लेकिन इसके बाद भी कोई सबक नहीं लिया गया। पूर्वांचल का माफिया डॉन मुन्ना बजरंगी की भी जेल में गोली मारकर कर इसी तरह हत्या कर दी गई थी। जबकि अपराधियों के लिए जेल सबसे सुरक्षित मानी जाती है। लेकिन इसके बावजूद भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई खास सुधार नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ की छवि अपराध के खिलाफ बेहद सख्त मानी जाती है। अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर और एनकाउंटर नीति देश की मीडिया में छायी रहीं, लेकिन इसके बावजूद भी अपराधियों के हौसले पस्त नहीं हुए। सबसे सुरक्षित माने जाने वाली अदालत में अब इनकी धमक पहुंच गयीं है। यह वाजिब सवाल है कि हम किसी अपराधी के महिमामंडन की बात नहीं करते हैं। अतीक, असरफ, मुन्ना बजरंगी और जीवा के मरने की वकालत हम नहीं कर रहे हैं। क्योंकि सभी लोग एक अपराधी थे और अपराधी की तरह मारे गए। कहा भी गया है जो जैसा बोएगा वैसा काटेगा। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तो सवाल उठेंगे। क्योंकि यह सरकार और कानून-व्यवस्था से जुड़ा सवाल है। सम्बंधित घटनाओं से यह साबित होता है कि अपराधियों में मुख्यमंत्री के एनकाउंटर नीति का कोई खौफ नहीं है। अगर ऐसा होता तो निश्चित रूप से मेडिकल जांच से आते समय अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या न होती। अदालत परिसर में जीवा खुले आम गोलियां का शिकार न बनता। उदाहरण के लिए यह दो घटनाएं साबित करती हैं कि उत्तर प्रदेश में माफियाराज की जडें अभी काफी मजबूत हैं। उन्हें कहीं न कहीं से खाद-पानी मिल रहा है। अतीक की हत्या करने वाले पत्रकार के वेश में आए थे जबकि जीवा को ठिकाने लगाने वाला अधिवक्ता के रूप में आया। यह साबित होता है कि अपराध अपना ट्रेंड और तरीका भी बदल रहा है। इस तरह की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस को भी अपना नजरिया बदलना होगा। अदालतों और जिलों की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करन होगी। क्योंकि मामला कानून-व्यवस्था से जुड़ा है।

## देश दुनीया से

# सीमित दायरे में ओपीएस क्यों?

**13** जनवरी 2023 का ऐतिहासिक दिन कर्मचारियों के लिए हमेशा याद रहने वाला अध्याय छोड़ कर गया है। प्रदेश का सरकारी कर्मचारी हमेशा इसे याद रखेगा क्योंकि इसी दिन कर्मचारियों की लंबित मांग को वर्तमान की सुक्खू सरकार ने मानते हुए ओपीएस को लागू करने की घोषणा की और अब पुरानी पेंशन को लागू भी कर दिया। पुरानी पेंशन सरकारी कर्मचारियों के लिए बेहतर और सुरक्षित विकल्प है। ओपीएस बहाली की घोषणा करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पांचवां राज्य बन गया है। पुरानी पेंशन की मांग को स्वीकारते हुए लगभग डेढ़ लाख कर्मचारियों को बुढ़ापे का सहारा देकर इतिहास रचा है। विधानसभा चुनाव के दौरान ओपीएस को बहाल करना वर्तमान सरकार की दस में से एक गारंटी थी और इसी गारंटी ने सरकार को सत्ता में आने के लिए फायदा भी दिया। प्रदेश का ऐसा सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने जो वादा किया था वो सत्ता में आने के बाद पूरा भी किया। प्रदेश के लाखों कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली के लिए वर्ष 2015 से लगातार संघर्षरत थे तथा अब एक अप्रैल 2023 से उनको इसका लाभ मिलना शुरू भी हो जाएगा। जिस प्रदेश का मुखिया अपनी कार्यशैली से अपने लोगों के जीवन की खुशहाली के लिए योजनाओं को धरातल पर उतारता है, तब उस प्रदेश के सुखद भविष्य को कोई नकार नहीं सकता। कर्मचारी किसी भी सरकार की रीढ़ होते हैं। उन्हीं के कठिन परिश्रम और सहयोग से राज्य सरकार अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को सही दिशा में क्रियान्वित कर सकती है। कर्मचारियों का स्वाभिमान लौटाने तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुरानी पेंशन योजना पर ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। प्रदेश के संसाधन सीमित होने के बाद भी मुख्यमंत्री सुक्खू ने यह फैसला लिया जिसका अनुसरण अब दूसरे प्रदेश भी करेंगे जिनके संसाधन हमसे बेहतर हैं। वर्ष 2003 से सेवानिवृत्ति के पश्चात कर्मचारियों की स्थिति दयनीय बनती जा रही थी। चंद रुपए जो पेंशन के रूप में मिलते थे उससे घर का खर्च चलाने के लाले पड़ जाते थे। इसी स्थिति को भांपते हुए कर्मचारियों ने एकजुटता का रास्ता अपनाया और संघर्ष किया तथा प्रदेश के मुखिया ने ओपीएस रूपी फल प्रदेशवासियों को प्रदान किया। आंदोलन के समय में भी हिमाचल के बोर्ड और निगमों के कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़ कर सहयोग दिया और धर्मशाला आभार रैली में भी अपना समर्थन दिया। लगातार कई वर्ष मेहनत करने के बाद एक व्यक्ति कर्मचारी चयन आयोग या लोक सेवा आयोग से चयनित होकर नौकरी में आता है। चयन आयोग उनको विभागों में या बोर्ड या कॉर्पोरेशन में नियुक्ति देता है। प्रदेश के इतिहास का काला सच यह भी है कि प्लेसमेंट अगर विभागों में होती है तो आज उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ मिलेगा, पेंशन उनके बुढ़ापे का सहारा बनेगी और जिंदगी के आखिरी मुकाम में उनको ठोकरें नहीं खानी पड़ेंगी। लेकिन अगर बिजली बोर्ड, एचआरटीसी और शिक्षा बोर्ड में भी होती है तब भी पेंशन मिलेगी, लेकिन इसके अलावा भी 15 से 20 ऐसे बोर्ड व कॉर्पोरेशन तथा सहकारी विपणन संघ हैं जो पेंशन से वंचित हैं जिनमें कर्मचारियों की संख्या लगभग 10000 के करीब है तथा लगातार यह संख्या कम होती जा रही है। इन संगठनों में कार्यरत कर्मचारी समझ ही नहीं पा रहे हैं कि वे क्या सरकारी कर्मचारी हैं, धन्नासेठों के कर्मचारी हैं या प्राइवेट कर्मचारी हैं। सरकार ने खुद के बनाए हुए इन संगठनों के प्रति कभी गंभीरता से नहीं सोचा। इन कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफओ) में रखकर उनका मानसिक शोषण हो रहा है। कई बार इन कर्मचारियों ने अपनी मांग रखी, लेकिन भूतकाल की सरकारों ने ध्यान देने की तकल्लूफ नही उठाई और न तो इनकी यूनियनें इतनी मजबूत हैं कि अपनी जायज बात मनवाने के लिए सरकार को विवश कर दें।


विधानसभा चुनाव के दौरान ओपीएस को बहाल करना वर्तमान सरकार की दस में से एक गारंटी थी और इसी गारंटी ने सरकार को सत्ता में आने के लिए फायदा भी दिया। प्रदेश का ऐसा सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने जो वादा किया था वो सत्ता में आने के बाद पूरा भी किया। प्रदेश के लाखों कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली के लिए वर्ष 2015 से लगातार संघर्षरत थे तथा अब एक अप्रैल 2023 से उनको इसका लाभ मिलना शुरू भी हो जाएगा। जिस प्रदेश का मुखिया अपनी कार्यशैली से अपने लोगों के जीवन की खुशहाली के लिए योजनाओं को धरातल पर उतारता है, तब उस प्रदेश के सुखद भविष्य को कोई नकार नहीं सकता।


## नागरिक बोध

# मेरा हाकिम सो रहा है...

**रेडियो** पर पुरानी फिल्म 'किस्मत' का गाना मधुर आवाज़ में बज रहा था, 'धीरे-धीरे बादल आ रे धीरे, शोरगुल न मचा, मेरा बुलबुल सो रहा है बंद कर के आँखें।' कुछ सोचते हुए उनकी नजर अख़बार में छपी उस ख़बर पर गड़ गई जिसमें बताया गया था कि उत्तर-पूर्व के एक राज्य में एक महीने से जारी जातीय हिंसा में सौ से ऊपर लोग मारे जा चुके थे, सामूहिक बलात्कार हो रहे थे, घर, दुकानें, स्कूल, मन्दिर और चर्च जलाए जा रहे थे, हज़ारों बेघर लोग विस्थापित हो चुके थे और उपद्रवी सरकारी हथियारों को ऐसे लूट रहे थे मानो राम और ईसा के नामों की लूट मची हो। उन्हें लगा मानो लूटना ज़रूरी था वरना क्या पता कबीर के शब्दों में अन्त समय में पछताना पड़ता। कहीं राम स्वर्ग में और ईसा हैवन में जगह देने से मना कर दें तो। उनकी नजर दूसरी बड़ी ख़बर पर पड़ी। हाकिम ने अपने हाथ में कथित राजदंड लेकर राष्ट्रपति या विपक्ष के बग़ैर संसद के नए भवन का उद्घाटन अकेले ही कर डाला था। इन बॉक्स उन महिला पहलवानों की ख़बर थी, जो एक माननीय सत्ताधीश पर शारीरिक शोषण के आरोपों के बाद उसकी गिरफ्तारी की माँग कर रही थीं। पर इस माननीय सत्ताधीश ने बाज़ार हो चुके लोकतंत्र के दलदल में पहलवानों को सत्ताई धोबी पाट से चित्त कर दिया था। भारतीय पुलिस ने अपने जगत विख्यात आचरण के तहत पाँच महीनों से धरने-प्रदर्शन कर रही पहलवानों को सडक़ पर घसीटने के बाद उन्हीं पर केस दायर कर दिए थे। अन्दर के पन्ने पलटे तो महिलाओं के साथ अत्याचारों, अपहरण, चोरी वग़ैरह के समाचारों के अलावा भारत को विश्वगुरू और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी बनाने के दावे थे। दुःखी होकर उन्होंने पड़ोसी से उधार लिया अख़बार एक तरफ रख दिया। सरकारी होता तो शायद ग़ुस्से में पटक देते या फाड़ देते। वह सोचते रहे कि लोग वही बातें क्यों बोलते हैं जो हाकिम को अच्छी लगती हैं। जबकि बकरीवाद का प्रणेता हाकिम जब भी बोलता है, मैं-मैं ही करता है। लोगों को सपने तो बेचता है पर देश की समस्याओं पर कभी नहीं बोलता। राग बकरी, राग मोडानी, राग सत्ता, राग स्वयम्भू या राग सर्वज्ञाता के अलावा हाकिम कभी राग जगत कल्याण क्यों नहीं गाता या बजाता। गाना खत्म होने पर उद्घोषक ने घोषणा करते हुए बताया कि हाकिम 11 बजे देशवासियों से अपने मन की बात करेंगे। उन्होंने सोचा कि क्या हाकिम सत्ता के नशे में आत्ममुग्ध होकर धनानन्द ही बने रहेंगे या कभी देशवासियों के मन की बात भी सुनेंगे। वह सोचने लगे कि हर युग में अगर हाकिम सोया न होता तो विशाखदत्त 'मुद्रा राक्षस', भारतेन्दु हरिश्चन्द्र 'चौपट नगरी' और जॉर्ज ऑरवेल 'बिग ब्रदर' न घड़ते। रेडियो पर अगला गीत बजने लगा था, 'नशा शराब में होता तो नाचती बोतल, नशे में कौन नहीं है बताओ तो जरा।' वह सोचने लगे कि नशा तो शराब में ही होता है।

# नाबालिक के साथ दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या कर शव को जंगल के गड्ढे में फेंका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र के हेडुम पंचायत अंतर्गत पोटम गांव में निर्मम हत्या कर शव को हत्यारों ने गड्ढे में डाल दिया। परिजनों एवं गांव वालों के अनुसार 17 वर्षीय (मुस्कान) काल्पनिक नाम लावालौंग कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा थी। वह यहां ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। स्कूल में गर्मी की छुट्टी होने के बाद वह गांव आई थी। परिजनों नें बताया कि बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे डोरही (महुआ का फल) चुनने के लिए थैला लेकर घर से निकली थी।काफी समय हो जाने के बाद जब वह वापस घर नहीं लौटी तब हमने उसकी पूरे गांव से लेकर दूर-दूर तक एक एक महुआ के पेड़ के नीचे



तलाश की परंतु उसका पता नहीं चला।इसके बाद हमने मृतक की मां और छोटे भाई नें गांव के सीमाने के जंगल में महुआ के पेड़ों के नीचे उसे ढूंढना शुरू किया। इस दौरान शाम के लगभग छः बजे जंगल में ही एक स्थान पर बिखरा हुआ डोरही और उससे कुछ दूरी पर उसका थैला फेंका मिला।इसके बाद उसी तरफ जंगल में इधर-उधर तलाश शुरू किया तो लड़की का सलवार औरआगर्वस्त्र अलग-अलग स्थान पर फेंका मिला। रोते चिल्लाते मां और भाई नें तलाश जारी रखी तो एक स्थान पर लड़की का फटा हुआ दुपट्टा और चार टूटे हुए पत्थर और भारी मात्रा में खून मिला।उसी स्थान से नीचे गड्ढे की ओर घटने का निशान को देखकर जब लड़की का भाई उस ओर बढ़ा तो गड्ढे के ऊपर एक युवक टी शर्ट और टाउजर पहने नजर आया।जब वह अपनी मां को आवाज लगाया तो वह हू हू आवाज निकाल कर जंगल में छिपे अन्य साथियों को सतर्क करते हुए उनके साथ भाग खड़ा हुआ।परिजनों के अनुसार जंगल से तीन-चार युवकों का आवाज सुनाई दे रहा था।इसके बाद जब मां के साथ मृतक का भाई गड्ढे की ओर बढ़ा तो गड्ढे में सूखे पत्तों को जमा देखकर संदेह से पत्तों को हटाया तो वहां लड़की का शव मिला। फिर उन्होंने उक्त विषय की सूचना गांव वालों को दी। इसके बाद देर रात सूचना पाकर थाना प्रभारी बमबम कुमार, एसआई रोहित कुमार एवं डीएसपी अशोक प्रियदर्शी घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**जांच में जुटी पुलिस :** खबर लिखे जाने तक पुलिस के द्वारा हर संभव सघन छानबीन किया जा रहा था।हालांकि अभी तक हत्या के कारणों एवं हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। वहीं परिजन भी घटना के संबंध में कुछ भी बताने में सक्षम नहीं थे।

**जल्द होगा उद्भेदन :** इधर प्रखंड के पत्रकारों को गुप्त सूचना मिली कि इसी पंचायत के हेडुम गांव का एक यादव परिवार का ही लड़का बुधवार सुबह से ही गायब है।वह अपना मोबाइल घर में रखकर चाची का मोबाइल साथ लेकर गया है। जिस नंबर को वह लेकर गया है उसका अंतिम लोकेशन घटनास्थल से महज दो किलोमीटर दूर लमटा के पास बताया जा रहा है।पुलिस इस बात को भी खंगालने में लगी है कि आखिर इस घटना में गायब युवक का भी कोई हाथ है या नहीं।

**24 घंटे के अंदर उद्भेदन की मांग :** बीससूत्री अध्यक्ष छद्दू सिंह भोगता एवं उप प्रमुख महमूद खान नें भी परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया।वहीं पुलिस पदाधिकारियों से 24 घंटों के अंदर इस ब्लाइंड मर्डर का उद्भेदन कर हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। अमानवता पूर्ण इस निर्मम हत्या से संपूर्ण प्रखंड क्षेत्र दहल उठा है।

## पीडीएस में अवैध रूप से सैंकड़ों क्विंटल खाद्यान्न का आवंटन

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन वितरण प्रणाली सिस्टम में भ्रष्टाचार की तूती बोलता है। पीडीएस सिस्टम में नीचे से ऊपर प्रत्येक माह करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार होता है। वहीं प्रखंड बरवाडीह का पीडीएस सिस्टम भ्रष्टाचार से अछूत नहीं है। जहां लगभग 63 पीडीएस दुकानों को प्रत्येक माह लगभग 4 हजार से 5 हजार क्विंटल खाद्यान्न का आवंटन होता है जिसमें सैंकड़ों मृत व्यक्तियों, विवाहित युवतियों और डबल यूनिट के लाभुकों के सैंकड़ों क्विंटल खाद्यान्न का अवैध आवंटन हो रहा है।इस संबंध में विभाग के निर्देशानुसार पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा मनाया गया जिसमें कार्डधारियों के आधार सीडिंग का कार्य कराया जा रहा था। जहां आंकड़े के मुताबिक 6 हजार यूनिट का आधार सीडिंग करना था जिसका कार्य ना के बराबर हुआ या इसे यह भी कह सकते हैं कि मिलीभगत से ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। आधार सीडिंग नहीं होने से उक्त यूनिट के खाद्यान्न का आवंटन होता ही जा रहा है और यह आवंटन लगभग सभी दुकानदारों का हो रहा है जिसमें लगभग 110 यूनिट के खाद्यान्न का अवैध आवंटन डीलर बसंत सिंह के नाम हो रहा है। हालांकि कुछ डीलर नाम हटाने को लेकर प्रखंड कार्यालय को आवेदन किए हैं पर उनके भी अवैध यूनिट नहीं हटवाए जा सके हैं।

## सीआरपीएफ के वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को मारा धक्का, रिम्स रेफर

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय उच्च मार्ग 39 पर बिजली ऑफिस के पास सीआरपीएफ के वाहन ने एक मोटरसाइकिल को पीछे से धक्का मार दिया। इस दुर्घटना में सदर प्रखंड के रजवार ग्राम निवासी लखन राम बुरी तरह घायल हो गये। उनका पैर कई जगहों से टूट गया है। आनन फानन में सीआरपीएफ के जवानों ने ही उन्हें सदर अस्पताल में



भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लखन राम अपनी मोटरसाइकिल (जेएच-08 ए-9961) से रजवार ग्राम से लातेहार आ रहे थे। तभी सीआरपीएफ के वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। लखन राम कुछ दूर तक घसीटते चले गये। स्थानीय लोग व सीआरपीएफ के जवानों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल लाया गया।

## ग्रामीणों ने शव के साथ मुआवजा को लेकर किया सड़क जाम

**बारीयातु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारीयातु थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरबीर ग्राम के ग्रामीणों ने शव के साथ गिद्दी मोड़ एन एच 99 को मुआवजा मांग को लेकर लगभग एक घटा तक जाम कर दिया। जाम की सुचना पा कर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी सदलबल जाम स्थल पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर जाम हटाया। इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि बीरबीर ग्राम निवासी रमेश गंझु 26 वर्ष पिता स्वर्गीय तुलसी गंझू मजदुरी करने टंडवा के बहेरा गया हुआ था। बीते दिन वह तालाब में नहाने गया था कि पानी में अचानक मिर्गी बीमारी का दौरा पड गया जिससे तालाब में ही उसकी मौत हो गई थी। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जा मे कर चतर सदर में पोस्मार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया था इसके बाद ग्रामीणों ने मुआबजा को लेकर गिद्दी मोड एन एच को जाम कर दिया था।

## डीटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान 36 हजार रु का किया राजस्व वसूली

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गेट के समीप 14 जून के देर शाम को डीटीओ चतरा के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों में हेलमेट,लाइसेंस वाहन की अनेकों प्रकार की कागजात का चेकिंग किया गया। जिसमें कुल 13 वाहनों का जांच किया गया। जिससे 36000 का राजस्व व फाइन के लिए चलान काट गया है। गिद्धौर थाना से एसआई जायरा बाकला दल बल के साथ वजूद थे। एवं इस आशय की जानकारी थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने बताए हैं।

## कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त ने बैठक कर दिया आवयश्क दिशा निर्देश




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 19 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखण्ड सरकार के पुलिस लाइन चतरा में प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में जिले के पदाधिकारियों के साथ प्रशासनिक तैयारी की समुचित व्यवस्था पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के तुरंत बाद जिले के पदाधिकारियों के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन पहुंच प्रशासनिक तैयारी एवं विधि व्यवस्था पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उक्त मौके पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला नजारत उप समाहर्ता अमरदीप बल्होत्रा, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता शहनवाज खान, पेय जल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पावर ग्रिड में बिजली रहने के बाद भी महुआडांड़ वासियों को नहीं मिलती है बिजली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड में बिजली की एक बड़ी समस्या बन गई है। आए दिन मिस्त्री एवम् विभाग की अधिकारी से नोक झोंक होते रहती है। महुआडांड़ में बिजली की आपूर्ति के लिय दो जगह से की गई है एक नेतरहाट एवम् एक गुमला से होते हुए आती है। इस भीषण गर्मी में दिन बुधवार को पावर ग्रिड में दिन भर बिजली रहने के बाद भी महुआडांड़ वासियों को बिजली को सप्लाई नहीं दी गई मिस्त्री से पूछे जाने पर सिर्फ़ आगे से नहीं है कह कर बात खतम कर दिया जाता है ।इसका खुलसा तब हुआ जब कुछ उपभोक्ता पावर ग्रिड तो देखा गया कि वहां बिजली है ।बोलने के बाद मिस्त्री महुआडांड़ सप्लाई दिय।



**बिजली विभाग में दो घंटे बिजली कटौती की नोटिस भी जारी है :** पावर ग्रिड में नोटिस जारी है कि कोई भी मिस्त्री काम करने का समय है 9 बजे से 10 बजे तक साम में 4 बजे से 5 बजे तक तो मिस्त्री की मनमानी कहिए या फिर अधिकारी की मनमानी भी कह सकते है ।क्यों की पावर ग्रिड के बड़े अधिकारी अभी दुर्गा संकर सिंह है जो कि महुआडांड़ में बहुत कम ही रहते है मिस्त्री के भरोसे अनुमंडल की बिजली व्यवस्था टीका हुआ है। **सालो से नहीं हुआ है सप्लाई तार की मरम्मत :** महुआडांड़ में बिजली की सप्लाई कई वर्षो से किया हुआ है उसके बाद मरम्मत नहीं हुआ जो कि आए दिन कहीं तार गिर जाने से घटना होते रहती है। **एक पोल से 50 मीटर तक ही तार ले जाना है नियम के तहत :** मगर महुआडांड़ की स्थिति देखनी है तो एक पोल से बिजली मिस्त्री एक किलोमीटर तक तार ले कर का सप्लाई दे रहे है ये भी एक बिजली विभाग की मनामनी भी कहीं जाएगी। महुआडांड़ पावर ग्रिड में बिजली नहीं रहना मिस्त्री की ये बात झूठ है गुमला के बिजली विभाग के अधिकारी क्या कहते है महुआडांड़ में 24 घंटा में 22 घंटा सप्लाई दिय है जाता है - अज्जू कश्प।

## प्रमुख व उप प्रमुख ने किया रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण

### प्रमुख ने गायब चिकित्सक और कर्मियों को लगाई जमकर फटकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रमुख रोहन साव और उपप्रमुख दामोदर गोप ने गुरुवार को रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। जहां कई तरह की कमियां मिली, जिसे देख कर नाराजगी जताई। ओपीडी में चिकित्सक नदारत थे। डॉ चंदन एक मरीज का इलाज किए थे। लेकिन चिकित्सक द्वारा रसीद में ओपीडी पंजी संख्या नही लिखा गया। जिसके कारण गर्भवती महिला मरीज को दवा के लिए एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इसके बावजूद भी महिला को दवा नहीं मिला। जिससे महिला को काफी परेशानी हुई। वही दवा वितरण कक्ष में कर्मी नींद में सो रहा था। जिसे देख प्रमुख और उपप्रमुख आग बबूला हो गये और चिकित्सक और



कर्मियों के लापरवाही को देखकर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि लचर व्यवस्था में सुधार करे नही तो करवाई की जाएगी। वही निरीक्षण के दौरान गायब चिकित्सक भागते हुए अस्पताल पहुंचे। प्रमुख ने गायब होने के कारणों के बारे में पुछताक्ष की। प्रमुख ने कहा कि गुरुवार को साप्ताहिक हाट होने के कारण अस्पताल में दूर दराज मरीज आते है। मरीजों के इलाज करने के बजाय गायब रहने से काम नही चलेगा। ड्यूटी समय में अपना काम पारदर्शिता के साथ करे। इसके बाद प्रमुख के द्वारा उपस्थिति पंजी की जांच की गई तो पंजी में सभी कर्मियों की उपस्थिति पाई गयी। लेकिन सभी गायब थे। इस तरह के लापरवाह रवैया से नाराज होकर प्रमुख ने कहा कि इसकी शिकायत उपायुक्त से की जाएगी।

## मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर सहायक अध्यापकों ने किया बैठक लिए कई निर्णय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड के एकीकृत पारा शिक्षक संघ की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष रामकुमार यादव ने किया। संचालन पंकज कुमार राणा ने किया। इस बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिया गया। प्रदेश कमिटी के आह्वान पर 17 जून के मुख्यमंत्री आवास घेराव का कार्यक्रम किया जाएगा।सभी पारा शिक्षकों को अनिवार्य रूप से रांची जाना है। 4 प्रतिशत मानदेय वृद्धि अविलंब लागू हो।संगठन मजबूती पर विशेष चर्चा किया गया। सभी सी.आर.सी.को निर्देश दिया गया। की कोश को मजबूत बनाये। बैठक में उपस्थित शिक्षक संजय कुमार दांगी, दीपेश्वर यादव, संगीता कुमारी, गंगाधर राणा, राकेश कुमार,राजेश नापित, महेंद्र कुमार यादव, श्रवण कुमार, विवेकानंद तिवारी, परमेश्वर राणा, रामलखन प्रजापति, संजय तिवारी,ओमप्रकाश गुप्ता, चन्द्रदेव राणा, चन्द्रदेव गुप्ता, देव यादव, राजेश दांगी, प्रदीप दांगी, फोजधारी सिंह, सलाहुद्दीन अंसारी इत्यादि शामिल थे।

## विधायक प्रतिनिधि के पद से लखन साहू ने दिया इस्तीफा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** भाजपा के विधायक प्रतिनिधि लखन साहू ने विधायक के कार्य शैली से क्षुब्द होकर अपने प्रतिनिधि पद से इस्तीफा दिया है। भाजपा के किसान मोर्चा के लातेहार प्रभारी सह अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के जिला उपाध्यक्ष चतरा ने बताया कि मैं भाजपा में 1991 या 92 से सक्रिय रूप से समर्पित हूँ। वहीं पार्टी में कई पदों पर रह कर कार्य भार को बाखूबी निभाया हूँ। भाजपा के विधायक किसुन कुमार दास द्वारा मुझे विधायक प्रतिनिधि बनाया गया और सिंचाई विभाग का कार्य दायित्व सौपा गया जो मेरे लिए बिलकुल उचित नहीं था। आगे कहा कि मैं विधायक प्रतिनिधि पद से इस्तीफा दिया हूँ ना कि पार्टी से। विधायक किसुन कुमार दास से मैं नहीं बल्कि भाजपा के कई कार्यकर्ता नाराज व क्षुब्ध है। यही



कारण है कि भाजपा में दो खेमा हो चुका है। चुकी विधायक के कार्य शैली ठीक नहीं है। हम कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित रहता हूँ।और कठिन परिश्रम से पार्टी को सींचता हूँ लेकिन अचानक कोई पार्टी से टिकट लेकर चुनाव जीत कर हम हीं लोगों पर हुक्म चलाता है जो असहनीय है। यह रवैया उचित नहीं है विधायक द्वारा विधायक मद में भी वैमन्सव का भावना जायदा है किसी को कुछ नहीं तो किसी को 8 से 9 योजना से समर्पित किया जाना यह कौतूहल और चर्चा का विषय बना हुआ है।

## पीडीएस में अवैध रूप से सैंकड़ों क्विंटल खाद्यान्न का आवंटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** जन वितरण प्रणाली सिस्टम में भ्रष्टाचार की तूती बोलता है। पीडीएस सिस्टम में नीचे से ऊपर प्रत्येक माह करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार होता है। वहीं प्रखंड बरवाडीह का पीडीएस सिस्टम भ्रष्टाचार से अछूत नहीं है। जहां लगभग 63 पीडीएस दुकानों को प्रत्येक माह लगभग 4 हजार से 5 हजार क्विंटल खाद्यान्न का आवंटन होता है जिसमें सैंकड़ों मृत व्यक्तियों, विवाहित युवतियों और डबल यूनिट के लाभुकों के सैंकड़ों क्विंटल खाद्यान्न का अवैध आवंटन हो रहा है।इस संबंध में विभाग के निर्देशानुसार पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा मनाया गया जिसमें कार्डधारियों के आधार सीडिंग का कार्य कराया जा रहा था। जहां आंकड़े के मुताबिक 6 हजार यूनिट का आधार सीडिंग करना था जिसका कार्य ना के बराबर हुआ या इसे यह भी कह सकते हैं कि




मिलीभगत से ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। आधार सीडिंग नहीं होने से उक्त यूनिट के खाद्यान्न का आवंटन होता ही जा रहा है और यह आवंटन लगभग सभी दुकानदारों का हो रहा है जिसमें लगभग 110 यूनिट के खाद्यान्न का अवैध आवंटन डीलर बसंत सिंह के नाम हो रहा है। हालांकि कुछ डीलर नाम हटाने को लेकर प्रखंड कार्यालय को आवेदन किए हैं पर उनके भी अवैध यूनिट नहीं हटवाए जा सके हैं।

## कुष्ठ जागरूकता अभियान व कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2023 का किया गया शुभारंम्भ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लातेहार जिला अंतर्गत कुष्ठ रोगी की खोज प्रारंभिक अवस्था में करने के उद्देश्य से सदर अस्पताल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार व आरडीडी संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2023 (प्रथम चक्र) का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि कुष्ठ उन्मूलन के लिये दिनांक 15 जुन से 28 जुन 2023 तक कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2023 चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के जरिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गठित टीम द्वारा कुष्ठ रोगियों की पहचान करते हुए उनके इलाज के लिए कार्य किया जा रहा है। आगे



बताया गया कि कुष्ठ रोग के उन्मूलन को लेकर इस अभियान के तहत जिला अंतर्गत डोर टू डोर सर्वे के लिए कुल 1132 टीम बनाया गया है जिनमे कुल 150 सुपरवाइजर समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी कार्य करेंगे। सभी टीम के सदस्यों एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण संपन्न करा ली गई है। इस अभियान के तहत लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा खोजी दल के घर-घर जाकर कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा। इसके पश्चात उन व्यक्तियों की जाँच की जाएगी। जाँच में कुष्ठ रोग की पुष्टि होने पर उसका ईलाज प्रारम्भ किया जायेगा।आगे उन्होंने कहा कि शरीर में तांबिया रंग का दाग हो और उस दाग में सूनापन होना कुष्ठ रोग का लक्षण होता है यदि शरीर में ऐसे लक्षण होने पर अविलंब डॉक्टर से जाँच करवायें। एमडीटी की दवा खाने से कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है अब घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। साथ ही उन्होनें जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों से अपील किया है , कि कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को जाँच एवं ईलाज कराने के लिए प्रेरित करें कुष्ठ रोगियों को छुपाने या शरमाने अब जरूरत नहीं है कुष्ठ रोग का ईलाज संभव है। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने कुष्ठ रोगी खोज अभियान-प्रथम चक्र 15 जून से 28 जून 2023 के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जनमानस में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सिविल सर्जन द्वारा हरी झंडी दिखाकर कुष्ठ जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस मौके पर आरडीडी पलामू डॉ संतोष श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ दिनेश प्रसाद, डॉ अरविन्द कुमार उपाधीक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, डॉ शंभू नाथ चौधरी जिला मलेरिया पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी शोभना टोप्पो, जिला कुष्ठ सलाहकार राजेश कुमार, सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मी उपस्थित थे।

## बिजली की आंख मिचोली से परेशान ग्रामीणों ने तीन घंटे सड़क को किया जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातु प्रखंड क्षेत्र मे इन दिनों बिजली की आंख मिचोली खेल से परेशान ग्रामीणो ने क्षुब्ध होकर रांची - चतरा मुख्य सड़क फूलसु मोड़ तीनमुहान के पास गुरुवार सुबह से लगभग तीन घंटे तक सड़क को जाम कर दिया. जिससे दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। सड़क जाम होने की सूचना पाकर बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी,थाना प्रभारी मुकेश चौधरी व सीआई सुरेश राम जाम स्थल पहुँच कर उपभोक्ताओं से वार्ता किया. जमाकर्ताओं ने बीजली विभाग के एसडीओ को जाम स्थल पर आने की मांग पर अडे रहे। सीआई सुरेश राम, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बीजली विभाग के एसडीओ से फोन पर वार्ता कर जाम स्थल आने की बात कहा गया। पर एसडीओ बाहर में रहने की बात कहते हुए बीजली में सुधार कराने का अशवासन दिया।



जमाकर्ताओं को काफी समझाया गया। लगभग तीन घंटे तक प्रशासन के भारी मश्कत के बाद जामकर्ताओ ने जाम को हटाया। सड़क जाम हटाने के पूर्व जामकर्ताओ ने बीजली आपूर्ति पदाधिकारी के नाम बीडीओ, व थाना प्रभारी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से कहा है की बारियातू प्रखंड में 22 घंटा बीजली आपूर्ति किया जाए। बारियातू प्रखण्ड का पीएसएस का कंट्रोल बालूमाथ से ना होकर लोहरदगा से किया जाए. प्रखण्ड के सभी सुदूरवर्ती क्षेत्र खराब पडे ट्रांसफर्मर व जर्जर तार को अभिलम्ब दुरुस्त किया जाए। पंचायत स्तर पर बीजली मिस्त्री बहाल किया जाए। बीजली बील भुगतान हेतु प्रत्येक माह बारियातू में शिविर लगाया जाए। बीजली विभाग के अधिकायी एंव मिस्त्री द्वारा ग्रामीणों के साथ तानाशाही रवैया को दुर करें. इसके साथ ही बताया कि बिते कई दिनों से बिजली के समस्या से हमलोग आम जनता जूझ रहे हैं। गर्मी में ग्रामवासियों को काफ़ी समस्या हो रहा है साथ ही छात्र, छात्राओं को रात्रि मे पढ़ाई बाधित हो रही है छात्रों के साथ आमजनों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है. पूर्व से प्रखंड वासियों के द्वारा बार-बार बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद भी अभी तक बिजली समस्या से निदान नहीं मिल पाया। यहां तक बिजली विभाग के अधिकारीयों को खबर दिए जाने के बावजूद भी ग्रामीणों से बात करना उचित नहीं समझते हैं। इसी आक्रोश में प्रखंड वासियों के द्वारा सड़क जाम कर बिजली विभाग का विरोध प्रदर्शन किया गया. बिजली के समस्या का निदान नहीं मिलने पर पुनः चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा जिसका जवाबदेय बिजली विभाग का होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जीएम ने अरगड्डा पोखरिया बांध निर्माण का किया निरीक्षण

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा जीएम ने सुधांशु कुमार पांडे ने गुरुवार को पोखरिया बांध दीवार निर्माण का निरीक्षण किया। इसके बाद सिरका परियोजना कार्यालय पहुंचे। यहां पीओ सिरका श्रीकांत शर्मा, एसओ माइनिंग डीके सिंह आदि अधिकारियों के साथ बैठक कर कोलयरी उत्पादन, बांध निर्माण संबंधित कार्यों के बारे में वार्ता किया।

### भैरवा-जलाशय का अधूरा कार्य बहुत जल्द पूरा किया जायेगा : विधायक सुनिता

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड के सिरू पैक्स और दुलमी पैक्स गोदाम में वृस्पतिवार को धान बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी व विशिष्ट अतिथि सिरू मुखिया वीणा देवी, दुलमी मुखिया रविन्द्र कुमार उपस्थित हुए। तथा धान बीज वितरण केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही किसानों को विधायक ने उपस्थित लोगों के बीच में उन्होंने कहा की भैरवा जलाशय का अधूरा कार्य बहुत जल्द पूरा किया जायेगा। जलाशय का कार्यक्रम पूर्ण होने से सैकड़ों किसानों को शिक्षा हेतु भरपूर लाभ मिलेगा आजसू पार्टी किसानो के प्रति काफी संवेदनशील है। किसानों को हर संभव मदद करते हुए उचित सहयोग किया जायेगा। किसानों को अधिक पैदावार हो एवं किसान खुशहाल एवं समृद्ध बने, इसके लिए पैक्स के माध्यम से सरकार की ओर से 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर धान बीज दिया जा रहा है। उन्होंने दर्जनों किसानों के बीच धान का बीज का वितरण किया। कार्यक्रम में पैक्स अध्यक्ष प्रताप चौधरी, विनय सिन्हा, राजकिशोर महतो, सरिता देवी, सुजीत महतो, पंकज कुमार, शिशु महतो, मनोज महतो, नागेंद्र महतो, बासुदेव महतो, संजीव राजा, दूधेश्वर महतो, कारूराम मिस्त्री , प्यारी महतो, रामबृक्ष महतो, बसंत नारायण, मायाराम महतो सहित भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

### सेंगेल अभियान की बंदी रही असरदार,मुख्य मार्ग घंटो रहा अवरुद्ध

**विष्णुगढ़ :** सेंगेल अभियान की आहूत बंदी को समर्थन करते हुए,विष्णुगढ़ प्रखण्ड सेंगेल इकाई ने आज तड़के सुबह विष्णुगढ़ सातमील चौक पर भारी संख्या में सेंगेल कार्यकर्ताओ समेत सेंगेल जिला अध्यक्ष बाहाराम हांसदा के नेतृत्व में हज़ारीबाग-बगोदर मुख्य मार्ग एवं विष्णुगढ़- गोमियाँ मार्ग को जाम कर दिया गया।जाम के दौरान वर्तमान हेमन्त सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई ।जाम के दौरान जिला अध्यक्ष बाहाराम हांसदा ने कहा कि हमारी हेमन्त सरकार से कुछ माँग है,जिसको हम लिए बिना पीछे नही हटेंगे ।2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 50 लाख की संख्या में सरना धर्म लिखाया है,इसके बावजूद भी सरकार सरना धर्म कोड की मान्यता नही दे रही है ।जबकि लगभग एक करोड़ संताली भाषा के लोग इस राज्य में रहते है,इसके बावजूद संताली भाषा को सरकार राजभाषा का दर्जा नही दे रही है ।आदिवासियों के आराध्य मरांग बुरु अर्थात पारसनाथ पहाड़ को हेमन्त सोरेन की सरकार ने 05 जनवरी 2023 को पत्र लिखकर जैनियों को सुपुर्द कर दिया है,इसे आदिवासियों को वापस किया जाना चाहिए। हेमन्त सोरेन की सरकार,टीएमसी,कॉंग्रेस एवं बीजू जनता दल कुर्मी वोट बैंक की गंदी राजनीति से अभिभूत होकर कुर्मी को एसटी बनाकर आदिवासियों का सर्वनाश करने पे तुली है,जिसको कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।विष्णुगढ़ पुलिस जामस्थल पर पूरी मुस्तैदी के साथ डटी रही और बातचीत कर घण्टो बाद बाधित आवागमन को सुगम बनाया ।इस मौके पर मुख्य रूप से सेंगेल बोकारो जोनल हेड आनन्द टुडु,जिला सरना धर्म मंडवा अध्यक्ष बाहाराम मराण्डी, इचाक प्रखण्ड परगना लालजी सोरेन, सविता मरांडी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

## बड़कागांव विधानसभा की जनता के मान मर्यादा एवं सुरक्षा के लिए संकल्पित होने का समय : रोशनलाल चौधरी

**संकल्प दिवस को सफल बनाने को लेकर 17 तारीख को बड़कागांव पार्टी कार्यालय में होगी बैठक**

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बड़कागांव :** आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने की तैयारी पूरे प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आजसू पार्टी के द्वारा चल रही है। जिसके आलोक में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भी स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने की तैयारी में लगे हैं। इसको लेकर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा की पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राज्य एवं राज्य की जनता की मर्यादा , जन मन की सुरक्षा के लिए संकल्प लेंगें। बड़कागांव की जनता की उन्नति के लिए एवं चहुंओर विकास के लिए, क्षेत्र से भय - भूख और भ्रष्टाचार मिटाने के लिए, युवाओं को रोजगार के लिए, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, विस्थापितों के हक अधिकार सुनिश्चित करने के लिए, बुजुर्गों के सम्मान के लिए अब पार्टी के कार्यकर्ता संकल्प लेकर अभियान की बुनियाद रखेंगे। संकल्प दिवस को सफल बनाने को लेकर बड़कागांव आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यालय में 17 तारीख दिन शनिवार को सुबह 9ः00 बजे से बैठक रखी गई है जिसमें बड़कागांव प्रखंड के आजसू पार्टी के सभी सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा करेंगे।

## हजारीबाग की दो बेटियों ने राष्ट्रीय खेल एसजीएफआई में पदक जीत कर लहराया परचम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** 6 जून से 12 जून तक दिल्ली छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित 66 वी नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन किया गया था जिसमे झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग के द्वारा हजारीबाग जिले से 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ था । जिसमें 63 केजी में वनिता पराशर और सौम्य ऐकत ने 44 केजी में कांस्य पदक प्राप्त कर झारखंड राज्य सहित अपने शहर हजारीबाग का नाम रोशन किया। वही हजारीबाग के आलोक रंजन और बंटी कुमार ने भी अपना अच्छा प्रदर्शन किया, हालाकि इस बार कोई पदक प्राप्त नहीं हो पाया। खेलाडियो और उनके कोच रोशन चौहान, चंदन राणा, रोशन गुप्ता ने जिस प्रकार मेहनत किया, खिलाड़ियों ने अपना परचम दिल्ली में लहराया , और संघ के सभी लोग खिलाड़ियों के इस जीत के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सिरैय में बिजली बिल ब्याज माफी योजना कैम्प का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा बिजली बिल ब्याज माफी योजना-2023 के तहत एकमुश्त समाधान योजना 01अप्रैल 2023 से 30 जून तक लागू है । एकमुश्त समाधान योजना के तहत जेई कुन्नूराम मुर्मू की उपस्थिति में विष्णुगढ़,सिरैय पंचायत भवन में 15 जून 2023 को बिजली बिल ब्याज माफी कैम्प का आयोजन किया गया । कैम्प के आयोजन एवं ब्याज माफी योजना के बारे में पूर्व मुखिया राजेन्द्र महतो ने सहयोग की और लोगो को जागरूक किया । कनीय अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित कैम्प में आज 15- 16 उपभोक्ताओं के बिजली बिल ब्याज माफी योजना का लाभ मिला ।इस पर विशेष जानकारी देते हुए विद्युत कनीय अभियंता कुन्नूराम मुर्मू ने बताया कि इस योजना के तहत 31 दिसंबर 2022 तक के बिजली बिल में ब्याज माफी का लाभ बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा । आप सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है।

## चेडरा पैक्स का विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा ने किया उद्धघाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के पंचायत चेडरा पैक्स में गुरुवार को धान वितरण कार्य का उद्घाटन प्रमुख जेबुन्निसा, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, जिप सदस्य प्रतिनिधि पश्चिमी प्रकाश पटेल,चेडरा मुखिया निर्मल कुमार,चेडरा पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया गया।वही उद्घाटन के मौके पर प्रमुख जेबुन्निसा ने कहा कि किसानों को पैक्स में सरकारी दर पर धान बीज का वितरण किया जाएगा। जिसमें किसानों को 50 प्रतिशत की डिस्काउंट दिया जाएगा। जिससे गरीब किसानों को काफी सहूलियत मिलेगी। वही चेडरा पैक्स अध्यक्ष कमरुद्दीन खान ने जानकारी देते हुए कहा कि इसके लिए किसानों को पहले आधार कार्ड से रजिस्ट्रेशन कराना होगा और जो पहले से रजिस्टर्ड हैं, उसे रजिस्टर्ड नहीं कराना है। उसके बाद किसान से मोबाइल नंबर लिया जाएगा। जिसके बाद उसके मोबाइल में एक ओटीपी नंबर लेने के बाद उसे धान बीज का वितरण किया जाएगा।

## भुरकुंडा दोमुहानी पुल स्थित पुलिस ने एक अपराधकर्मी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र दोमुहानी पुल स्थित पुलिस ने एक अपराधकर्मी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। जिसकी प्रेस कॉन्फ्रेंस आज एसडीपीओ बिरेंद्र चौधरी ने भुरकुंडा थाना परिसर में की।जानकारी अनुसार भुरकुंडा थाना प्रभारी अमित कुमार एवं गसती कर रहे एसआई मयंक प्रसाद को सूचना मिली थी कि एक अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा भिड़ भाड़ इलाके में हथियार लहराई गई और सयाल से मतकमा चौक की ओर जा रहे हैं जिसके बाद पुलिस ने रीवर साईड दोमुहानी पुल स्थित वाहन जांच अभियान चलाई गई। जिस दौरान सयाल की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार एक युवक पुलिस देख भागने का प्रयास किया गया जिस दौरान पुलिस ने उन्हें धर-दबोचा वहीं तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक के पास एक देशी रिवाल्वर एक जिंदा 7.65 द्वद्ध की गोली एवं एक खोखा बरामद किया गया। पकड़े गए अपराधकर्मी का नाम राकेश कुमार उर्फ राजू उम्र 20 वर्ष पिता मनमोहन सिंह पता टिपला सेंटर सयाल बताएं जा रहें हैं। पकड़े गए आरोपी पूर्व में भी लोगों के बीच हथियार लहराकर धमकी दिए जाने का कार्य किया गया है।

## ड्रैगन बोट प्रतियोगिता को लेकर बरही पहुंची देश भर के खिलाड़ियों की टीम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** आज सुबह 10 बजे से जवाहर घाटी डैम में शुरू होने वाला राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता को लेकर देश के कई राज्यों से खिलाड़ियों की टीम बरही पहुंच चुकी है। हालाकी सुबह करीब 7 बजे से तैयारी व प्रतियोगिता की शुरुवात हो जाएंगी।गुरुवार को देवचंदा मोड़ स्थित से श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल, बरही के प्रांगण में खिलाड़ियों का जर्मजोशी साथ स्वागत हुआ। आयोजकों ने बताया कि देश के हर राज्य से ड्रैगन बोट प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक टीम अपने टीम के मैनेजर और कोच के साथ बरही पहुंच चुकी है। उक्त स्कूल के प्रबंधक व प्राचार्य सह जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित सिंह ने अपने श्रीदस स्कूल प्रांगण में भारतीय ड्रैगन बोर्ड के फाउंडेशन के महासचिव विनोद वर्मा व प्रत्येक टीम के मैनेजर एवं टीम कोच का स्वागत किया।

## अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** गुरुवार को अपर समाहर्ता रामगढ़ नेलसम ऐयोन बागे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक का आयोजन किया गया।राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संचार मीनारों के अधिष्ठापन हेतु जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति से mobiletower.jharkhand.gov.in पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति लेना जरूरी है।बैठक के दौरान जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी आरती पंकज के द्वारा पोर्टल पर आए मामलों के संबंध में अपर समाहर्ता एवं अन्य अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने एवं स्वीकृति देने के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता के द्वारा समिति के सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों पर चर्चा के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

## रामगढ़ पहुंची वसुंधरा राजे, भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आई भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया गुरुवार को अपने दौरे के अंतिम दिन रामगढ़ जिला स्थित रजरप्पा सिद्धिपीठ मंदिर दर्शन हेतु पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष राकेश प्रसाद के साथ पहुंची।दुमका,देवघर,पाकुड़ एवं गोड्डा से जनसभा कर रांची वापसी के क्रम में क्षिण्णमस्तिके दरबार जाने से पहले रामगढ़ के कोठार ओवरब्रिज के पास भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकामिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,मंत्री सह मुखिया राजेंद्र कुशवाहा,कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,प्रवीण सोनू ,सांसद प्रतिनिधि बबलू कुशवाहा,संजय साह सहित कैंट मंडल के दर्जनों नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं एवं अंगवस्त्र देकर वसुंधरा राजे का भव्य स्वागत किया।स्वगतोपरांत सिंधिया की आगवानी करते हुए रामगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उन्हें रजरप्पा स्थित माता क्षीण्णमस्तीके की ऐतिहासिक मंदिर का दर्शन करवाया।

## बाल मजदूरी के खिलाफ चलाया गया जांच अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बाल मजदूरी को पूरी तरह से समाप्त करने व जिले में बाल श्रम प्रतिषेध कानून का सख्ती से अनुपालन कराने के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर गठित धावा दल के द्वारा नियमित रूप से औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत इस माह में अब तक रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया है वही धावा दल द्वारा लगातार औचक जांच अभियान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। धावा दल में चाइल्ड लेबर इंस्पेक्टर, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्यों, चाइल्डलाइन, गैर सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन की सहायता ली जा रही है।

## आजप सदस्यों व रैयतो के बीच जमीन मामले को लेकर बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** आदिवासी जन परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह टोंगी निवासी शत्रुधन बेदिया के नेतृत्व में गुरुवार को चटुपालू के रैयत रंजीत कुमार महली व अन्य धुमकुड़िया भवन रांची बैठक में शामिल हुए। यहां आजप के केंद्रीय अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने चुटूपालु के रैयत रंजीत कुमार महली से खाता 42 के 42 डिसमिल जमीन गैर आदिवासियों के द्वारा कब्जा करने के संबंध में जाना। साथ ही इसे लेकर प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों तक करवाई करने व मिलकर जमीन वापस दिलाने की मांग करने की बात कहीं। मौके पर आजप के केंद्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदिया, महासचिव प्रकाश मुंडा, सिकंदर मुंडा, सूरज बेदिया, रैयत रंजीत कुमार महली, किशोर महली आदि उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक बिजली की समस्या को लेकर मिले जिले के जीएम से

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** विधानसभा क्षेत्र में इस भयंकर गर्मी में बिजली की समस्या से ग्रामीण काफी परेशान है। ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना मिलने पर विभाग में शिकायत दर्ज करने बाद भी उसका निराकरण नहीं किया जाता है। ट्रांसफॉर्मर विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाता है, किसी गाँव में बिना किसी सूचना या नोटिस के ग्राहक के कनेक्शन काट दिया जाता है और एफआईआर कर दिया जाता है। आम ग्रामीण बिजली विभाग के रवैया से परेशान हो चुके है। जनता के इन सब समस्या को अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता के समक्ष जनरल मैनेजर अशोक कुमार सिन्हा के सामने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव रखें और अनुरोध किया कि एक दिन बरही में जनता दरबार लगाया जाये और जनता की समस्या को सुना जाये तथा निदान करने का प्रयास किया जाये। पूर्व विधायक के अनुरोध को स्वीकार करते हुए जीएम ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही बरही में जनता दरबार लगा कर ग्रामीणों की समस्या को समाधान करने का प्रयास करेंगे। पूर्व विधायक मनोज यादव ने बताया कि प्रचण्ड गर्मी से जहां लोगों का जीना मुहाल हो रहा है, वहीं संपूर्ण झारखंड के साथ बरही में ध्वस्त विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सहित बिजली की कुव्यवस्था को लेकर जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## सीसीएल सिरका का खड़ा टैंकर पानी देने के दौरान चाणक में पीछे लुढ़का, बाल- बाल बचे ग्रामीण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल कोलियरी सिरका का होलपैक पानी टैंकर गुरुवार सुबह करीब 8ः30 बजे टोला चाणक सिरका ग्रामीणों को पानी आपूर्ति के लिए खड़ा हुआ। लेकिन पानी टैंकर एकाएक पीछे लुढ़ने लगा। जिससे लाइन में लगाए गए 19 बर्तन टैंकर के पहिए के नीचे कुचल कर बुरी तरह जमीन में सट गए। ग्रामीणों ने दूर भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना में ग्रामीण दर्जनों महिलाएं बाल- बाल बच गई। सूचना के बाद प्रबंधन के अधिकारी, सुरक्षा विभाग सदस्य मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। बताया जाता है कि चाणक सिरका के ग्रामीणों की मांग पर प्रबंधन ने पानी आपूर्ति में टैंकर लगाया था। टैंकर पीछे लुढ़ने से गंभीर हादसा हो सकता था। गनीमत यह रही कि टैंकर के पहिए के नीचे कोई ग्रामीण नहीं आया।

## केंद्र सरकार के नौ साल जनकल्याणकारी योजना को हर घर तक पहुंचा रही है भाजपा : अशोक यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हज़ारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूरा होने पर भाजपा महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं को विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से बतलाया जा रहा है।भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं व हज़ारीबाग में हुए विकास कार्यों को बताया जा रहा है। मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षों में हज़ारीबाग का कायाकल्प हुआ है। मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट, रेलवे, अक्षयपात्रा रसोईघर, भारतीय कृषि अनुसन्धान केंद्र, साई स्पोर्ट्स सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं क्षेत्र में आयी हैं। यादव ने कहा कि हज़ारीबाग अब रेलवे के क्षेत्र में इतिहास रचने जा रहा है। रांची-कोडरमा रेलखंड का निर्माण होने से अब हज़ारीबाग से लम्बी दूरी की ट्रेनों का संचालन हो सकेगा। वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक ट्रेन बहुत जल्द हज़ारीबाग से होकर गुज़रेगी। 12 जून को इसका ट्रायल हो चुका है। इसके शुरू होने से यात्री हजारीबाग से रांची 2 घंटे व पटना 3.50 घंटे में पहुंच पाएंगे।

## आरोग्यम ब्लड बैंक के द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगाया गया रक्तदान शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** विश्व रक्तदान दिवस पर जहां पूरे देश में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा था वही हजारीबाग शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड़ स्थित आरोग्यम अस्पताल के ब्लड बैंक के द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के शुभ अवसर पर विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बी.एस.एफ 22 बटालियन जवानों ने रक्तदान कर मानवता के प्रति संदेश दिया है। देश की रक्षा के साथ उन्होंने रक्तदान कर किसी व्यक्ति को जीवन दान देने का भी कार्य किया है। 14 जवानों के द्वारा रक्तदान किया गया।वही दूसरा रक्तदान शिविर बड़कागांव स्थित एन.टी.पी.सी के कार्यालय कक्ष में आयोजित किया गया। जहां पर 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। आरोग्यम ब्लड बैंक में 44 रक्त संग्रह किया गया सभी रक्त थैलेसीमिया बच्चे तथा जरूरतमंद व्यक्ति को प्रदान किया जाएगा। एनटीपीसी के द्वारा रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आरोग्यम ब्लड बैंक के द्वारा दोनों स्थानों के प्रमुख जनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि 18 वर्ष से 60 वर्ष के हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। भीषण गर्मी में रक्त की कमी से काफी लोग जूझ रहे। आप सभी का दिया हुआ रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति तथा थैलेसीमिया बच्चे की जान बचा सकता है। विश्व रक्तदान दिवस पर बी.एस.एफ 22 बटालियन एवं एनटीपीसी के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हुआ बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** बृहस्पतिवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 15/06/2023 से 28/06/2023 तक कुष्ठ रोग खोजी अभियान चलाया जाना है। जिसके लिए रामगढ़ जिले के 1215 गांवों को चिन्हित कर 201 सुपरवाइजर एवं 1157 सहियाओं के साथ 1157 टीम बनाये गए हैं। साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज मे कुष्ठ रोग को लेकर फैले भ्रांतियों को दूर करना एवं प्रत्येक प्रखंड के माइक्रोप्लान के अनुसार साहिया के माध्यम से घर-घर खोज अभियान किया जाना है।मौके पर मौजूद जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में कुल 99 कुष्ठ रोगी अभी इलाजरत्त है वही 33 रोगी ठीक भी हो चुके हैं। कुष्ठ रोग कोई अभिशाप नही है बल्कि समुचित उपचार से ठीक होने वाला बीमारी है। साथ ही उन्होने सभी से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपने शरीर या किसी अन्य के शरीर पर लाल रंग का दाग दिखे तो उसकी जांच आवश्य कराये।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# बिजली व पानी के लिए जयनगर में हाहाकार पेयजल के लिए भटक रहे लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** जयनगर प्रखंड में सुबह के सात बजते ही सूर्य की किरण आग उगलने लगती है जिस प्रकार मौसम की स्थिति है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि आने वाले 4 से 5 दिनों तक हालात और बद से बदतर हो जाएंगे। एक और जहां भीषण गर्मी का दौर जारी है जिसके कारण लोगों का जीना बेहाल है। वहीं दूसरी ओर लोड सेडींग का बहाना घोषित कर विद्युत की कटौती से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। हालत यह है कि सुबह से ही बिजली की आंख मिचौनी शुरू हो जाती है। जो दिन भर चलते रहता है। दिन में विद्युत की कटौती से जहां ग्रामीण परेशान हैं वही शाम होते हैं अंधेरा छा जाता है। प्रतिदिन रात के समय में विद्युत की कटौती से लोगों की नींद हराम हो रही है। विद्युत कटौती के चलते घरों एवं दुकानों के कूलर, पंखे, फ्रीज महज शोभा की वस्तु बन गए हैं। लेकिन विद्युत विभाग के पदाधिकारी कर्मचारी व्यवस्था सुधारने में रुचि नहीं ले रहे हैं। वहीं बार-बार बिजली गुल होने घरों में लगे मोटर पंप भी प्रभावित हो रही है। जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भी परेशानी होना पड़ रहा है। विधुत विभाग की मनमानी से उपभोक्ता परेशान हो गए हैं। बता दें कि जब भी उपभोक्ता बिजली विभाग से संपर्क करते हैं तो उपभोक्ताओं को डीवीसी एवं लोड सेटिंग का बहाना बता अपने पल्ला झाड़ लेते हैं। जिससे बिजली विभाग को लेकर लोगों का गुस्सा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मालूम हो कि जयनगर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में नियमित रूप से बिजली नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई लिखाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण विद्यार्थियों का जीवन अंधेरे में हो गया है। वही इस भीषण गर्मी में प्रत्येक दिन 24 घंटे में लगभग 7- 8 घंटे बिजली दिया जा रहा है जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बाधित किए जाने की सूचना उपभोक्ताओं को पहले ही दे दी जाती है। वहीं कई लोगों ने विधुत विभाग के अधिकारियों से बिजली सुधार करने की मांग की है। जलापूर्ति के लिए जयनगर में तीन जल मीनार है तीनों जल मीनार से 1 दिन बाद पानी आपूर्ति करने का दावा संबंधित अधिकारी कर रहे हैं।

## ट्यूशन से लौट रही छात्रा को घर छोड़ने के बहाने पड़ोसी ने की छेड़छाड़, आरोपी हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र निवासी एक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा के पिता ने थाना में आवेदन देकर अपनी नाबालिग बेटी के साथ पड़ोसी के द्वारा अश्लील वीडियो दिखाकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। तिलैया पुलिस को दिए गए आवेदन में पीड़िता छात्रा के पिता ने बताया कि मंगलवार की दोपहर करीब 3ः00 बजे ब्लॉक रोड से उनकी बेटी ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। इसी दौरान उनके एक 56 वर्षीय पड़ोसी ने उनकी बेटी को घर छोड़ने के बहाने अपने मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और उसे चित्रगुप्त नगर स्थित एक मकान में चलने की बात कही जब नाबालिग छात्रा ने इसका विरोध किया तो आरोपी के द्वारा कोडरमा स्टेशन के समीप छात्रा को अश्लील वीडियो दिखाया गया इसके बाद छात्रा आरोपी के मोबाइल को फेंक कर घर की तरफ भागी। इस दौरान आरोपी ने मोटरसाइकिल से पीछा कर इस बात की जानकारी किसी को नहीं देने की बात कही। पीड़िता छात्रा के पिता ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मरकच्चो में दुकान चलाते हैं जहाँ उनके बेटे के द्वारा घटना की सूचना दी गईजिसके बाद वे तिलैया पहुंच कर पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है वहीं आवेदन के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

## पोस्ट मास्टर से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत दिनों रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों द्वारा रामगढ़ पोस्ट ऑफिस की अव्यवस्था को लेकर की गई शिकायत पर चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के अध्यक्षता में पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर से मुलाकात कर पोस्ट ऑफिस की अनियमितताओं के बारे में उनका ध्यान आकर्षित किया एवं बताया कि पोस्ट ऑफिस के अंदर 200000 से अधिक की निकासी नहीं की जा रही है जिससे व्यापारियों को एवं आम जनों को काफी परेशानी हो रही है साथ ही पैसा जमा करने एवं पैसा निकालने का एक ही काउंटर होने से लंबी लंबी लाइन लग जाती है जिससे पैसा निकालने एवं पैसा जमा करने में लगभग दो -ढाई घंटे का समय लग जा रहा है साथ ही पोस्ट ऑफिस में बैठने एवं पीने की पानी की व्यवस्था नहीं होने से यहां आए व्यापारियों वो आम जनों को काफी परेशानी हो रही है इस संबंध में पोस्टमास्टर ने चेंबर अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि 200000 से अधिक की निकासी का आदेश निर्गत कर देंगे जिससे व्यापारी या आमजन का जितना भी पैसा निकालना चाहेंगे वह नियमानुसार निकाल सकेंगे शीघ्र ही पोस्ट ऑफिस में पीने के पानी की उचित व्यवस्था भी की जाएगी प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष मंनजीत साहनी मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी मानू कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी सह सचिव संतोष तिवारी पूर्व अध्यक्ष मनजी सिंह कार्यकारिणी सदस्य विष्णु पोद्दार उप समिति सभापति राजेश गोयंनका उपस्थित थे।

# कोयला लदी ट्रेन की बोगी में लगी आग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** कोडरमा गया रेल खंड के अंतर्गत गझंडी स्टेशन पर लूप लाइन के बगल 2 मार्च से खड़ी कोयला लदी बोगी में बीती रात अचानक धुआं निकलने लगा। इसकी सूचना फायर बिग्रेड कोडरमा को दी गई। घटनास्थल पर रात्रि 11 बजे फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और धीरे-धीरे 1 बजे तक आग पर काबू पाया। वहीं दूसरी ओर उसी बोगी में पुनः धुआं निकलने लगा जिसकी जानकारी पाकर 12ः30 बजे दिन फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। बहरहाल समाचार लिखे जाने तक कितने का कोयला का नुकसान हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना के कारण कुछ देर के लिए। लूप लाइन में खड़ी बोगी में आग बुझाने को लेकर 25 केवी का बिजली कनेक्शन बंद कर दिया गया ।

# नागरिक सहायता केंद्र के जरिए जरूरतमंद ले रहे हैं सरकारी योजनाओं का लाभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** डब्लूएचएच के सहयोग से फिया फाऊंडेशन द्वारा संचालित नागरिक सहायता केन्द्र के तहत प्रखंड के जड़ाकी पंचायत मे गुरुवार को ग्राम प्रधान, एएचजी, भीओ सेविका, सहिया एवं समुदाय के लोगों के साथ इन्टरफेस मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में जिला समन्वयक जय प्रकाश साह द्वारा बताया गया कि नागरिक सहायता केंद्र का उद्देश्य गरीबी एवं भुखमरी को दूर करना है । यह केंद्र मनरेगा, पेंसन , रासन कार्ड, मातृवंदना जैसे हितकारी योजनाओं से वंचित परिवार और लोगों को जोड़कर गरीबी को कम करने का काम कर रहा है। पिछ्ले एक साल में नागरिक सहायता केंद्र के माध्यम से 26000 लोगों को योजनाओं से जोड़ कर लाभान्वित किया गया । बताया कि इस कार्य को बेहतर बनाने के लिए गाँव स्तर पर स्थाई समिति का गठन होना आवश्यक है । उपस्थित ग्राम प्रधान ने कहा कि समुदाय के लोगों को जागरुक होने के साथ साथ ग्राम सभा में लोगों की भागीदारी बढ़ा कर ग्राम सभा को सशक्त बनाने की आश्यकता है । ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों की समस्याओं का निवारण हो सके। उल्लेखनीय है कि फिया फाऊंडेशन झारखण्ड के 24 ब्लॉक में भिन्न भिन्न योजनाओं से जुड़ कर भूखमरी एवं गरीबी दूर करने की दिशा में कार्य कर रही है। संथाल परगना के चार एवं कोल्हान के छह जिले में नागरिक सहायता केंद्र के माध्यम से योजनाओं से वंचित परिवार और लोगों को चिन्हित कर उन्हें जोड़कर लाभ दिलाने का काम किया जा रहा है । प्रखण्ड सह पंचायत कर्मी मार्सेल टुडु, जसिंता टुडु एवं मुस्लेदिन अंसारी द्वारा बताया गया कि सरकारी योजनाओं से वंचित परिवार एवं लोगों को चिन्हित कर आवेदन भरने के साथ कार्यालय में आवेदन जमा करने का कार्य निरंतर जारी है ।

## कोलखीपाड़ा पहाड़िया टोले में पेयजल के लिए हाहाकार, डीप बोरिंग की मांग



**अमड़ापाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में लगातार जारी प्रचंड धूप और असहनीय गर्मी ने मानव अस्तित्व को संकट में डाल दिया है । पानी के लिए हाहाकार की स्थिति बन गई है। नदी, झरना, ताल तलैया, कूप, चापानल सभी सूख चुके हैं।प्रखंड के कोलखीपाड़ा गांव के सीतपहाड़ी पहाड़िया टोले के दर्जनों पहाड़िया परिवार पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं।ग्रामीण पेयजल की भयंकर समस्या से जूझ रहे हैं। इस गांव के दोनों टोलों की हालत एक जैसी है। ग्रामीण जितेंद्र देहरी, बूढ़न देहरी, किसनु देहरी, सुरूजमुनी देवी आदि ने बताया ।

# जिला परिषद सदस्य ने क्षेत्र का किया भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** प्रखंड के गायबथान पंचायत अंतर्गत बड़ा खरीयोपाड़ा में राशन डीलर रोजी स्वयं सहायता समूह एवं पोखरिया पंचायत के आनंद भगत,सुनीता देवी एवं अन्य डीलर के द्वारा गुरुवार को जिला परिषद सदस्य की उपस्थिति में लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया।वही क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला परिषद सदस्य समसुन मुर्मू ने जन वितरण प्रणाली दुकान पहुंचे जहाँ उन्होंने दर्जनों लाभुकों के बीच धोती साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया।मौके पर जिप सदस्य समसुन मुर्मू ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे ।

# टरफेश मीटिंग सम्पन्न, आय सृजन के लिए संस्थान कर रही कई तरह का व्यवसायिक प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सतगावां :** राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के द्वारा आरएम्आई सहयोग से शीशम नेटवर्क के तहत परियोजना क्षेत्र के कोठीयार पंचायत में पंचायत सचिवालय में इंटरफ़ेस मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में कोठियार पंचायत के मुखिया वीरेंद्र कुमार राय,विशिष्ट अतिथि के रूप में रोजगार सेवक शिव कुमार ठाकुर थे । उपस्थित अतिथियों के द्वारा सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में विषय प्रवेश कराते हुए क्षेत्रीय प्रशिक्षक सुरेश कुमार राय ने इंटरफ़ेस मीटिंग के उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी , वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम समन्वयक निर्भय कुल संचालित परियोजना में किए जाने वाले कार्यो के बारे में बारीकी से प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने कहा संस्थान मायका आधारित परिवार के चौमुखी विकास के लिए कार्य कर रही जिसमें सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से जुड़ा और पहुंच कैसे हो इसके बारे में भी चर्चा किया गया द्य कार्यक्रम में क्षेत्री प्रशिक्षक जोसफिन एक्का ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की आय सृजन के लिए संस्थान कई तरह का व्यवसायिक प्रशिक्षण का आयोजन कर विकाश के मुख्य धार से जोड़ने का कार्य कर रही है । इंटरफ़ेस मीटिंग में विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने के लिए 45 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें पचाने, हदहदवा नदी पर पुल निर्माण, घोर्शाही में रतनपुर में रोड निर्माण, गोसाईतरी नदी में जम जमटोटो में पुल निर्माण, खिजुरिया , गोसाई में पेयजल से संबंधित प्रमुख आवेदन प्राप्त हुआ रोजगार सेवक शिव कुमार ठाकुर द्वारा लोगों को बताया गया कि मनरेगा में 100 दिन का काम उपलब्ध है आप काम की मांग करें और हम तुरत काम देंगे साथ ही साथ जिनके पास जॉब कार्ड नहीं है वह प्रत्येक सप्ताह में बुध गुरुवार और शुक्रवार को पंचायत समिति सचिवालय में आएं और जॉब कार्ड बनाएं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के द्वारा, संस्थान के सहयोग से संचालित बालवाड़ी के बच्चों के लिए खेल सामग्री को बालवाड़ी कार्यकर्ता को वितरण किया गया ।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट, बोकारो।

कार्यालय आदेश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व के वर्शो की तरह इस वर्श भी तेनुघाट जलाशय के जल स्तर में वृद्धि होने पर दिनांक 16.06.2023 से 15.10.2023 तक किसी भी दिन बाढ़/वर्शा के पानी को छोड़ने हेतु स्पीलवे गेट को आवश्यकतानुसार खोला जा सकता है, जिसके फलस्वरूप दामोदर नदी के जल स्तर में अचानक वृद्धि होगी।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नदी के दोनों तरफ अवस्थित जन आवादी, निजी/सार्वजनिक कम्पनी द्वारा निर्माणाधीन संरचना/पुल – पुलिया/यातायात के अस्थायी सेतु/फैक्ट्री या कोयला खदान/रेलवे पुल या सड़क/पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के इनटेक वेल या पम्प तथा नदी में अवस्थित किसी भी स्थायी या अस्थायी संरचना एवं सामाग्रियों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। अतएव अग्रिम सुरक्षात्मक कार्रवाई हेतु सचेत किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट।

PR 300112 Water Resource(23-24)D

# युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने खूंटी में किया प्रेस वार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** डाक बंगला परिसर खूंटी जिला में प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई जिसमे अभिजित राज ने कहा आगामी 18 जून 2023 को उलीहातू खूँटी से रांची मोराबादी गांधी पार्क तक भारत जोड़ो यात्रा करना तय हुआ है। यह दो दिवसीय कार्यक्रम , राहुल गांधी जी के 53वा जन्म दिवस को देखते हुए रखा गया जिसका शुभारंभ यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बि भी के नेतृत्व मे कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें तिरला से पदयात्रा स्टार्ट हो कर गायत्री नगर रिलायंस मार्ट में समापन होगा। कार्यक्रम को देखते हुए आज प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज और प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी जिला प्रभारी निशा भगत के साथ युवा कांग्रेस की जिला के टीम ने उलीहातू जाकर निरीक्षण किया । मौके में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी जिला प्रभारी निशा भगत खूंटी जिला सह प्रभारी मोहम्मद शादाब खान, प्रदेश सचिव वेद प्रकाश मिश्रा , यूथ कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा, बीस सूत्री सदस्य मोहम्मद सुहैल अंसारी, खूंटी विधान सभा अध्यक्ष मुहम्मद उस्मान खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद शकील प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान. नगर अध्यक्ष गुलिट्ट मिश्रा. मुरहू प्रखंड अध्यक्ष नौशाद खान. सामू मुंडा. बहा मुंडा. अंजूला हंस. दसरथ. निकोदिन. बहालेंन. आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# भीषण गर्मी ओर लू के चपेट में, स्कुल बन्द करने की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मरकच्चो :** झारखण्ड में दिन पर दिन भीषण गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। अब मरकच्चो कोडरमा जिला समेत पूरा प्रदेश गर्म पश्चिमी हवा की चपेट में है। इसके साथ ही कोडरमा जिले में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए फिर से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 17 जून तक स्कूल बंद कर दिया गया है। वही 18 जून 2023 रविवार है। वर्षा हुई तो 19 को स्कूल खुलेंगे। वहीं दूसरी ओर झारखण्ड सरकार ने 15 जून 2023 से कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाई जारी रखने के लिए स्कूल खोलने के निर्देश दिए गए हैं। कोडरमा जिले में बढ़ते गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए इन बच्चों का भी सेहत पर ध्यान रखते हुए स्कूल को बंद रखना चाहिये था। छात्र छात्राएं 8 बजे शुबह स्कूल चले आते हैं ।

# घरेलू विवाद में महिला ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के मकतपुर में गुरुवार को घरेलू विवाद में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। जहर खाने वाली महिला की पहचान अनीता देवी उम्र 45 वर्ष पति राजकुमार साव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार घर में झगड़ा होने पर महिला ने गुस्से में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। महिला के द्वारा जहर खाने की सूचना परिजनों को मिलने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए लेकर तुरंत सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। जहां फिलहाल चिकित्सकों की निगरानी में महिला का इलाज चल रहा है।

## झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार,
बोकारो प्रक्षेत्र, बियाडा भवन, बालीडीह, बोकारो स्टील सिटी–827014., Gmail : mdbiadabokaro@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इकाई सर्वश्री जय बालाजी उद्योग प्लॉट नं0–A-36 T0 A-44& A-45(P) to A-48 (P) कान्द्रा औद्योगिक क्षेत्र,गोविन्दपुर धनबाद के साझेदार श्री निशांत छावडा एंव विनीत आहुजा के द्वारा प्राप्त अभ्यावेदन के आलोक में इकाई का एक साझेदार श्री अनुज खेतान अपने निजी कारणो से इकाई से साझेदारी से मुक्त होने के कारण उनके स्थान पर श्री गुरशरण सिंह सलूजा को इस इकाई में 1/3 के हिस्सेदारी से सम्मिलित किया जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है । इकाई को सुचारू रूप से चलाने हेतु श्री गुरशरण सिंह सलूजा को इस इकाई में 1/3 के हिस्सेदारी के साथ साझेदारी के रूप में सम्मिलित/परिवर्तन किया जाना है।

अतः उपर्युक्त प्रस्ताव पर किसी को कोई अपत्ति होतो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करें, अन्यथा निर्धारित समय अवधि समाप्ति के उपरांत प्रस्ताव पर अग्रेत्तर कार्रवाई किया जाएगा।

ह0/
क्षेत्रीय निदेशक
जियाडा बोकारो प्रक्षेत्र

PR 300133 Industries,
Mines and Geology(23-24)#D

## आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया कीवे एसआर 250 और एसआर 125 का स्थानीयकरण करने के लिए तैयार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया प्रा. लि. (एएआरआई), भारतीय सुपरबाइक उद्योग में एक स्थापित निर्माता, ने हाल ही में एंट्री-लेवल प्रीमियम सेगमेंट की सेवा के लिए दो नियो-रेट्रो मोटरसाइकिलें पेश कीं। इनमें हंगेरियन मार्के कीवे की उब्र कूल एसआर 250 और सामान्य एसआर 125 शामिल हैं, जिनकी 98 से अधिक देशों में मौजूदगी है। ये मोटरसाइकिलें स्कूल के पुराने दिनों की याद दिलाती हैं, जिससे ग्राहक आधुनिक परफॉर्मेंस और भरोसे से समझौता किए बिना 80 और 90 के दशक के अनुभव का आनंद ले सकते हैं। कीवे एसआर 125 पहले से ही बिक रही है, जबकि कीवे एसआर 250 की डिलीवरी 17 जून से शुरू होगी।आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया भी 2023 के अंत तक दोनों नियो-रेट्रो गाड़ियों को स्थानीय बनाने की योजना बना रहा है। स्थानीयकरण की दिशा में कदम एसआर 250 और एसआर 125 को मिल रही अविश्वसनीय प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप उठाया गया है।एएआरआई ने कीवे एसआर 250 की पहली पांच सौ डिलीवरी के लिए एक लकी ड्रॉ की घोषणा की है, जिसमें पांच भाग्यशाली ग्राहकों को एक्स-शोरूम कीमत पर 100त्न कैशबैक मिलेगा। कंपनी माई एसआर माई वे प्लेटफॉर्म पेश करने के लिए भी तैयार है, जिससे ग्राहकों को अपने एसआर मॉडल के माध्यम से अपने अद्वितीय व्यक्तित्व को दर्शाने की अनुमति मिलती है।



# आदिवासी हित के रक्षार्थ आदिवासी सेंगेल अभियान ने किया सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** संताली अस्मिता, धर्म व संस्कृति, सभ्यता, भाषा की रक्षा आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में जनतांत्रिक मूल्यों का समावेश और सुधार आदि जैसे संविधान प्रदत्त तमाम आदिवासी अधिकारों को समग्रता से लागू करने की मांग को ले प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को आदिवासी सेंगेल अभियान के आह्वान पर कार्यकर्ताओं द्वारा साहेबगंज-गोविंदपुर एक्सप्रेस वे को जाम कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिवासी हित में उपरोक्त विभिन्न मांगों को मजबूती से लागू करने की मांग को ले भारत बंद के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कालाझोर गांव के समीप एक्सप्रेस वे को बांस के सहारे जाम कर दिया गया। करीब चार घंटों तक आवाजाही प्रभावित हुई। सड़क जाम सुबह छह बजे से दस बजे तक रहा। भीषण गर्मी और असहनीय धूप की वजह से सेंगेल अभियान के कार्यकर्ताओं द्वारा जाम स्थल के समीप बैठक कर सड़क जाम हटाने का निर्णय लिया। जिसके बाद सड़क जाम में फंसे दर्जनों वाहनों को छोड़ दिया गया। जाम में दर्जनों यात्री, छोटी एवं बड़ी वाहन फंस गए थे। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने हेमंत सोरेन होश में आओ, संथाली प्रथम राजभाषा देना होगा, सरना धर्म कोड लागू करो, हेमंत सोरेन पांच मांगो का जबाब दो, मरांग बुरु पहाड़ बचाओ, सालखन मुर्मू जिंदाबाद, सुमितराम मुर्मू जिंदाबाद आदि के नारे लगाए । वहीं आदिवासी सेंगेल अभियान की जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशांति किस्कु और जिला छात्र मोर्चा अध्यक्ष पीयूस हांसदा ने बताया कि पूर्व सांसद सह आदिवासी संगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू की ओर से भारत बंद कार्यक्रम का आह्वान किया गया है।

## पूर्व मध्य रेल

विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु जेम बोली (बिड) की सूचना प्रति

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से जेम के माध्यम से बोली (बिड) आमंत्रित की जाती हैं।

**जेम (GeM) बोली संख्या :** GEM/2023/B/3562473, दिनांक 13/06/2023, **क्रम सं. : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनबाद मंडल के चोपन, शक्ति नगर, सगंरौली और रेणुकूट रनिंग रूमों की विभिन्न गतिविधियों (जिसमें हाउस कीपिंग, मेसिंग, कपड़ा धुलाई, बागवानी एवं रहने वाले इच्छुक क्रू को सुब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है) की तीन वर्षो (1095 दिनों) के लिए आउटसोर्सिंग। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रु. 6,57,24,139.00, **3. अग्रधन राशि :** रु. 4,78,700.00, **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा का बंद होना : 04/07/2023 को 19:00 बजे। ई–निविदा का खुलना : 04/07/2023 को 19:30 बजे। **5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट: https://gem.gov.in विशेष: जेम बोली के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/00518/डीएचएन/ईओपीएन/टी/23–24/36

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, धनबाद

प्रेस विज्ञप्ति
( फिरार व्यक्ति का सूचना )



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चिरकुण्डा(मैथन ओ0पी0) थाना काण्ड सं0-341/2016, दिनांक–29.12.2016, धारा–407/420 भा0 द0वि0 एवं चिरकुण्डा(मैथन ओ0पी0) थाना काण्ड सं0-61/2017, दिनांक–21.02.2017, धारा–364/392 भा0द0वि0 में फरार अभियुक्त **रवि कुमार गुप्ता,** उम्र–31 वर्श, पे0–पारस नाथ गुप्ता, सा0–63 जी0टी0 रोड, नियर शिव मंदिर, निरसा कांटा श्यामपुर, थाना–निरसा, जिला–धनबाद जो इस काण्ड में फिरार चल रहा है।

इस संबंध में चिरकुण्डा(मैथन ओ0पी0) थाना काण्ड सं0-341/2016, दिनांक–29.12.2016, धारा– 407/420 भा0 द0वि0 एवं चिरकुण्डा(मैथन ओ0पी0) थाना काण्ड सं0-61/2017, दिनांक–21.02.2017, धारा–364/ 392 भा0द0वि0 अंकित कर खोजबीन की जा रही है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि उक्त फिरार अभियुक्त के बारे में कोई जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया निम्नांकित नंबर पर सूचित करने की कृपा की जाय।

0326–2220802 (वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, धनबाद)
094317–06373 (अनु0पु0पदा0 निरसा, धनबाद)
094727–42479 ( थाना प्रभारी, मैथन ओ0पी0, धनबाद)

वरीय पुलिस अधीक्षक,
धनबाद

PR 300182 Police(23-24)#D

## टुंडी थाना के सौजन्य चला वाहन चेकिंग अभियान

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी थाना के सौजन्य से आज बुधवार




को थाना के मुख्य द्वार पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें सभी प्रकार के वाहनों के कागजातों की जांच पड़ताल की गयी। बताया जाता है कि टुंडी थाना के द्वारा इस प्रकार की जांच बीच बीच में की जाती है ताकि फर्जी वाहनों की पहचान की जा सके। आज के जांच अभियान टुंडी के कई पुलिस कर्मियों को लगाया गया था ।

## सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी मॉर्निंग वॉक के दौरान गिरकर हुए चोटिल

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी सह समाजसेवी फणिभूषण पाण्डेय आज अहले सुबह प्रति दिन की भांति अपने मार्निंग वॉक में निकले थे तभी उनकी पैर फिसल गया जिससे वह काफी गंभीर रूप से चोटिल हो गए आनन-फानन में उनको बेहतर इलाज के लिए जालान अस्पताल धनबाद के आई सी यू में रखा गया है डॉक्टरों ने फिलहाल उनके स्वास्थ्य को ठीक बताया है। उनको देखने के लिए भाजपा जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो अस्पताल पहुंच कर कुशल क्षेम जाना और जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



## कॉमरेड एके राय की 88वीं जयंती पर सेमीनार का आयोजन

**धनबादी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**15 जून मासस जिला कमेटी के द्वारा



मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार धनबाद में पुर्व सांसद कामरेड ए के राय की 88वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान एवं संचालन जिला सचिव दिलीप कुमार महतो ने किया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों के द्वारा कामरेड ए के राय की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मासस के केंद्रीय महामंत्री हलधर महतो ने कहा कि कामरेड ए के राय एक सच्चे कम्युनिस्ट एवं क्रांतिकारी थे। वो एक मेहनतकश दलित, उत्पीड़ित एवं वंचित लोगों की आवाज थे। सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे मासस जिलाध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि लाल झंडा गरीब मजदूर, किसान तथा तमाम शोषण के खिलाफ लड़ने वाला झंडा है जिसे हमें मजबूत बनाने की जरूरत है। सेमिनार में मुख्य रूप से सुभाष चटर्जी, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, भगत राम महतो, विजय पासवान, देवाशीष पासवान, राणा चटराज, संदीप कौशल, शुक्ला दास, रामप्रवेश यादव, मोतीलाल हेंब्रम, धर्म बावरी, रंजीत यादव, राकेश सिंह, ललिता देवी, रेणु देवी, जगदीश साहू, विश्वजीत राय, बुटन सिंह, राजेश बिरुआ, हरे मुरारी महतो, सालन खान, भगवान पासवान, चंदन महतो, चौधरी, सुमित प्रसाद, करण पासवान, मोहम्मद औरंगजेब, भोला, संजय आदि शामिल थे।

## डिस्ट्रिक्ट ताइक्कांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता विशाल पंडित का राष्ट्रीय टीम में चयन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को उदय प्रताप सिंह के निवास स्थान में 38वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में अंडर 65 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करने तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होने वाले खिलाड़ी विशाल कुमार पंडित को मेडल पहनाकर तथा बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ ताइक्कांडो के अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए भी स्वर्ण पदक जीतने का आशीर्वाद देते हुए कहा कि विशाल पंडित शुरू से ही एक मेहनती खिलाड़ी है। जिस प्रकार विशाल ने ताइक्कांडो की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच झारखंड के लिए पदक प्राप्त कर झारखंड और विशेषकर धनबाद का नाम रोशन किया है, ये सराहनीय है।

### राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठरोग खोज अभियान का शुभारंभ 15 जून

# सहिया व स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर मरीजों की करेंगी पहचान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिनांक 15 जून से 28 जून तक कुष्ठरोग खोज अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आलोक विश्वकर्मा द्वारा सदर अस्पताल में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठरोग खोज अभियान दिनांक 15 जून से 28 जून तक चलेगी। इस दौरान सहिया बहने एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ मरीजों की पहचान की जाएगी। ताकि उनका समय पर इलाज कर बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके,एवं कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सके।



सिविल सर्जन ने बताया कि कुष्ठ रोग सबसे पुरानी बीमारी है। यह छुआछूत से नहीं, ब्लकि मरीजों के शरीर से किसी भी प्रकार के रसाव(Droplet infection) से फैलती है। शुरुआती दौर में अगर बीमारी का पता चल जाए, तो मरीज का इलाज संभव है। धनबाद में फिलहाल कुष्ठ रोगियों की संख्या करीब 286 है, जिनका इलाज सरकारी अस्पतालों में चल रहा है। उन्होंने बताया कि बीमारी की पहचान हो जाने के बाद इलाज से मरीज 6 महीने और 12 महीने में पूरी तरह ठीक हो सकता है।

इस दौरान कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार, फाइलेरिया पदाधिकारी डॉक्टर सुधा सिंह, मलेरिया पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ मंजू दास, फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर दीपाली राय, लिपिक जितेंद्र कुमार एवं रणधीर कुमार, डाटा ऑपरेटर रविचंद्र सिन्हा समेत कई स्वास्थ्य कर्मी एवं पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## नीट परीक्षा : उत्तीर्ण छात्रा को नवजवान एकता फाउंडेशन ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** नीट प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम आ गया है। परिणाम आते ही झरिया सहित पुरे कोयलांचल मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी। झरिया स्थित भूतगरिया निवासी अखलाक अहमद की पुत्री जीनत अख़लाक़ी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुई हैं। इस सफलता के अवसर पर नवजवान एकता फाउंडेशन झरिया की टीम जीनत के घर पहुँची और उन्हें पुष्पगुच्छ और उपहार भेंट कर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर संस्था के सचिव शाहनवाज खान ने बताया की ये हमारे झरिया वासियों के लिए बेहद खुशी और गर्व का दिन है। इस खुशी के मौके पर बच्ची की हौसला अफजाई के लिए आज हम सभी यहां उपस्थित हुए हैं।

### ट्रेफिक पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

## बिना हेलमेट पकड़े गए बाइक चालक ने किया हंगामा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद यातायात पुलिस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाया। वाहन जांच में मुख्य रूप से डबल हेलमेट और वाहनो के कागजात जांच किये गए। रणधीर वर्मा चौक पर भी जांच अभियान चलाया गया। जिन लोगो ने हेलमेट नही पहना था उनसे जुर्माना वसूला गया। इस दौरान दो ऐसे युवकों को पकड़ा गया जिन्होने ना तो हेलमेट पहना था और न ही उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस था। ट्रैफिक पुलिस जब बाइक को थाना ले जाने लगे तो युवकों के द्वारा हंगामा किया गया और थाना जाने को तयार नही हुए। युवकों का ड्रामा देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जिसके बाद उसे जबरन बाइक पर बैठा कर ट्रैफिक पुलिस थाना ले गई।

# खेल मैदान न होने से दम तोड़ रही युवा खेल प्रतिभाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह/गावां :** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान नहीं होने से खेल प्रतिभाएं दबकर रह गई हैं। खेल मैदान के अभाव में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र में कोई ऐसा खुला मैदान भी नहीं है, जहां सुबह-शाम युवा अभ्यास कर सकें। इससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं भी पलायन को विवश हैं। खेल से जुड़े जानकारों का कहना है कि क्षेत्र में अनेक खेल प्रतिभाएं छुपी हुई हैं। उनको तलाश कर तराशने की जरूरत है। दुर्भाग्य से क्षेत्र में खेल सुविधाएं तो दूर की बात अभ्यास के लिए ढंग का मैदान नहीं है। क्षेत्र में एक से बढ़कर एक खेल प्रतिभाएं हैं लेकिन संसाधनों के अभाव और आर्थिक तंगी से ये प्रतिभाएं अपना दम दिखाने से पहले ही दम तोड़ देती हैं। गावां प्रखंड के अनेक क्षेत्र एवं पिहरा में एक भी खेल मैदान नहीं होने के बाद भी युवा खिलाड़ियों ने जिला स्तर और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पिहरा एवं गावां का नाम रोशन किया है। यदि इन्हें सुविधाएं मिलें तो और भी युवा प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकेंगे। सरकारी प्रतियोगिता के अलावा क्रिकेट, कबड्डी सहित यहां कई तरह की प्रतियोगिताएं स्वयं के स्तर पर आयोजित होती है। क्षेत्र में राज्य स्तरीय खिलाड़ी होने के बावजूद खेल मैदान नहीं होने का मलाल पूरे शहर के लोगों को है। मगर वर्षों से प्रयासरत युवाओं को मैदान तो दूर की बात अब तक जनप्रतिनिधि और प्रशासन खेल मैदान के लिए जमीन तक उपलब्ध नहीं करवा पाया है।



स्थानीय युवाओं ने बताया कि पिहरा में खेल मैदान के अभाव में बच्चे और युवा गलियों में खेलने को मजबूर हैं। खेल मैदान के अभाव में क्षेत्र की प्रतिभाएं अब खेल से दूरी बनाने लगी हैं। गावां प्रखंड क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं जिला और राज्य स्तर पर अपना लगातार परचम फहरा रही हैं, मगर खेल मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास करने में असुविधा होती है। जिसके कारण प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ रही है। विशेष कर बालिकाओं को सुविधाओं के अभाव में घर पर रोकना मजबूरी बनी हुई है क्योंकि जिला स्तर पर बालिकाओं के अभ्यास के लिए भेजना हर किसी परिवार के लिए परेशानी बनी हुई जिसके चलते बालिका प्रतिभा मजबूरन दम तोड़ती नजर आ रही है।

### भाकपा माले नेता 8 माह के मासूम बच्चे की निर्मम हत्या को लेकर परिजनों से मिले

# दोषियों को गिरफ्तार करे प्रशासन : राजकुमार यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के नवडीहा ओपी थाना क्षेत्र के सियाटांड़ में बीते दिन एक 8 माह के बच्चे शिवांग कुमार की निर्मम हत्या को लेकर गुरुवार को राज धनवार पूर्व विधायक सह भाकपा माले नेता राजकुमार यादव ने मृतक बच्चे के परिजनों से मुलाकात कर ढाडस बंधाया। परिजनों से मुलाकात के बाद माले नेता ने नवडीहा ओपी में प्रशासन से मुलाकात कर पीड़ित परिवार और मृतक बच्चे को शीघ्र न्याय देने की बात कही और कहा की प्रशासन अविलम्ब दोसियो को चिन्हित कर गिरफ्तार करे। वही प्रशासन ने कहा की जाँच चल रही है किसी भी सूरत में दोसियो को बक्सा नहीं जाएगा। बता दे की बीते मंगलवार के आधी रात को 8 माह का मासूम शिवांग घर से गायब हो गया था प्रशासन के खोजबीन में दूसरे दिन थोड़ी



दूर एक कुवा में गायब शिवांग का शव बरामद किया गया था। 8 माह के मासूम की हत्या को लेकर लोगो में आक्रोश है वही प्रशासन छानबीन कर रही है लेकिन अभी तक इस दुर्दांत घटना को अंजाम देने वाला पुलिस की गिरफत से दूर है। मौके पर जमुआ विधानसभा नेता कामरेड अशोक पासवान, जिला परिषद भाग संख्या 11 प्रतिनिधि मुनव्वर हसन ,राम रतन वर्मा सहित कई माले कार्यकर्ता मौजूद थे सबने जल्द ही इस घटना को अंजाम देने वाले को गिरफ्तार करने की मांग की।

## बिजली मिस्त्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहर के धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत मनाइटांड़ निवासी 30 वर्षीय बिजली मिस्त्री विक्की कुमार ने बुधवार-गुरुवार की देर रात अपने घर के कमरे मे फंदे से झूल कर जान दे दी। पिता द्वारा सुबह दरवाजा खटखटाने पर जब नहीं खुला तो पड़ोसियों की मदद से कमरे के भीतर झांका। उन्होंने देखा कि उनका पुत्र फंदे से झूला हुआ है। जिसके बाद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को जप्त कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया है। घटना के संबंध में पिता देवनाथ राम ने बताया कि उनका पुत्र बिजली विभाग में मिस्त्री का कार्य करता था।



उसकी शादी 7 महीने पूर्व आसनसोल में हुई थी। कुछ दिन पहले ही पत्नी मायके गई थी। बुधवार की देर रात उनका पुत्र घर आया और खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। जिसके बाद उन्होंने सुबह देखा कि पुत्र फंदे से झूला हुआ है। मौत के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले में जांच की बात कह रही है।

# समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विषाखापट्टनम और बनारस के बीच चलायी जा रही समर स्पेषल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । गाड़ी सं. 08588 विषाखापट्टनम-बनारस स्पेषल के परिचालन अवधि में और 02 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेषल विषाखापट्टनम से 21.06.23 एवं 28.06.23 को भी चलायी जायेगी ।

इसी तरह गाड़ी सं. 08587 बनारस-विषाखापट्टनम स्पेषल के परिचालन अवधि में और 02 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेषल ट्रेन बनारस से 22.06.23 एवं 29.06.23 को भी चलायी जायेगी । इस स्पेषल ट्रेन के समय सारणी एवं कोच संयोजन पूर्ववत रहेंगे ।

# गरीबों पिछड़ों के दर्द को समझती है मोदी सरकार, मोदी सरकार के 9 साल 70 साल पर भारी : सिंधिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर/गिरिडीह :** भाजपा के महा जनसम्पर्क अभियान के तहत बगोदर स्टेडियम मे बुधवार को कोडरमा लोक सभा स्तरीय जन सभा सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया उपस्थित थी।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया।इस दौरान बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने वासुधरा राजे सिंधिया को तालवार भेंट किया।वही जन सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि गरीब कल्याण योजनाओं चाहे जन-धन, पीएम कौशल विकास,उज्जवल योजना,फसल बीमा, पीएम कुसुम आयुष्मान ऐसी जो भी योजना आपके बीच मे लाने की कोशिश की है।नौ साल के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंदर वो कर दिखाया जो किसी ने 70 साल मे नही किया।उन्होंने कहा कि मोदी ने गरीबों के पीडा को समझा।उन्होंने गरीब कल्याण गरीब किसान के तैयार किया।और अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लोगों स्वालंबन बनाने के लिए पांच हजार तीन सौ करोड कर्जा देने का काम किया।कर्ज इसलिए दिया वे अपने पैरों मे खडा हो सके।मोदी सरकार ने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लोगों के पांच हजार तीन करोड अलग से रखा।ताकि इनलोग इसका सीधा लाभ मिले।भारत रक्षा के क्षेत्र मे आत्म निर्भर हो गया है।उन्होंने कहा कि झारखंड मे जबतक इस सरकार रहेगी।तबतक कोई भी काम व पैसा जिस तरीके आप तक पहुँचने की जरूरत है।वे तबतक नही पहुंचगी जबतक इस सरकार नही जायगी।इसके लिए नरेन्द्र मोदी के हाथो को मजबूत करने की जरूरत है।और झारखंड मे भाजपा की सरकार बनाना है।उन्होंने झारखंड सरकार ओ निशाना साधते कहा झारखंड की इस सरकार मे विकास योजनाओं मे लेवी काम चालू हो जाता है।उन्होंने कहा झारखंड मे बिजली बडी समस्या बहुत बडी समस्या है।भाजपा की रघुवर जी सरकार मे 22 घंटे बिजली मिलती है।अब इस सरकार मे एक रात मे 15 बार बिजली कटती है।

# कतरासगढ़ स्टेशन में आंदोलनकारियों ने मनाया विजय दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बाघमारा :** धनबाद-चंद्रपुरा रेल खंड को हमेशा-हमेशा के लिए बंद कर दिया था। जिसके विरोध में अनिश्चितकालिन अहिंसात्मक आंदोलन के बाद डीसी लाईन पुनः चालू हो गया। जिसके बाद से रेल आंदोलनकारी आंदोलन को प्रति वर्ष 15 जून रेल बंदी के दिन को याद कर डीसी लाईन की सलामती और उन्नति का कामना करते है। रेल बंदी तिथि पर विजयी दिवस मनाते है। जिसके तहत डीसी लाईन के रेल आंदोलनकारी गुरुवार को कतरासगढ स्टेशन पर पहुंचकर पूर्व में किये गये डीसी लाईन बंदी और आंदोलन के उपरांत डीसी लाईन चालू होने की खुशी में विजयी दिवस मनाते हुए आंदोलन की याद को ताजा किया।



साथ ही बालासोर रेल दुर्घटना में मरे रेल यात्रियों और कतरासगढ के दिवंगत रेल आंदोलनकारियों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिये मौके पर रेल आंदोलनकारी राजेंद्र प्रसाद राजा, निमाई मुखर्जी, अशोल लाल, उमेश ऋृषि, मो. एस खान, उदय प्रसाद वर्मा, नरेश दास, शौकत खान, सचिता सिंह, परवेज इक़बाल, मो. मुख्तार अंसारी आदि मौजूद थे।

# एसएनएमएमसीएच : पासआउट डॉक्टर्स के लिए दो दिवसीय स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहर में स्थित एसएनएमएमसीएच में मेडिकल पास आउट छात्रों का दो दिवसीय स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग गुरुवार से शुरू हुआ। जिसमें प्रिंसिपल डॉ ज्योति रंजन, अधीक्षक डॉ अरुण कुमार बर्णवाल, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ एमके दुबे समेत कई विभाग प्रमुखों ने दीप प्रज्वलित कर दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर पास आउट डॉक्टर उपस्थित थे। स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग में उपस्थित वरीय चिकित्सकों ने बताया कि शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से पासआउट हुए नए डॉक्टरों के लिए दो दिवसीय स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है। यह मेडिकल एजुकेशन यूनिट के तहत हो रहा है। इसमें पास आउट नए डॉक्टर्स को वरीय और अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# महुदा आरपीएफ ने किया अंतराष्ट्रीय समपार फाटक जागरुकता दिवस का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** अंतराष्ट्रीय समपार (लेवेल क्रासिंग) फाटक जागरुकता दिवस 15 जून 2023 को आरपीएफ पोस्ट महुदा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से एसएसई,पी.वे,एमएचक्यू के बीच समपार गेट संख्या-बीजी-31 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। के एन एफ गोमो खंड? में कार्यक्रम के दौरान लगभग 400 सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया और सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच पर्ची का वितरण किया गया। महुदा आरपीएफ के इंस्पेक्टर ए के सिंह ने लोगो से कहा की चौकीदारयुक्त रेल समपार ये समय बर्बाद नहीं करते, ये जीवन रक्षक है।हॉर्न की आवाज सुनने पर रुकें। रूकाव संकेत के पहले रूकें । गेट बंद करते समय



रेल फाटक को रोकने की कोशिश/प्रयास न करें। कार्यरत गैटमैन/गैटकीपर के साथ दुर्व्यवहार न करें। कोई कर्मचारी को उसकी सेवाओं निष्पादन में रुकावट डालता अथवा रुकावट खड़ी करता है उसे 6 महीने तक की जेल हो सकती है अथवा 1000 रुपया या दोनो जुर्माना हो सकता है।

## सूर्यदेव सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया कतरास मोड़ स्थित सूर्यदेव सिंह चौक व जनता मजदूर संघ कार्यालय में गुरुवार को झरिया के पूर्व विधायक व जनता मजदूर संघ के संस्थापक सूर्यदेव सिंह की 32वीं पुण्यतिथि मनाई गई। वहीं हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी संस्था के पदाधिकारियों के साथ कतरास मोड़ स्थित सूर्यदेव सिंह चौक पहुंचकर स्व. सूर्यदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उनके द्वारा मजदूर हित और समाज हित में किए गए कार्यों को याद किया और कहा जनता मजदूर संघ उनके सपनों को साकार कर रहा है।

# जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में शासी निकाय की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद शासी निकाय की बैठक आज गुरूवार को जिला परिषद कार्यालय, स्थित सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम 21 मार्च 2023 को हुई बैठक में दिये गये माननीय सदस्यों द्वारा उठाये गये बिंदुओ के अनुपालन पर क्रमवार चर्चा की गई और लंबित बिंदुओं पर आवश्यक निदेश पदाधिकारियों को दिये गये। बैठक में जिप सदस्य कुडू द्वारा उच्च विद्यालय माराडीह के लिए पहुंच पथ की आवश्यकता हेतु मांग पर पुनः जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा को पहुंच पथ निर्माण के लिए पुनः प्रस्ताव दिये जाने का निदेश दिया गया। पाखर में निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र में बोरिंग नहीं होने पर जिला अभियंता,जिला परिषद,लोहरदगा द्वारा बताया गया कि फिलहाल



हिंडाल्को इंडस्ट्रीज द्वारा टैंकर के जरिये पानी की व्यवस्था करायी जाने की योजना है। वहां रह रहे अन्य लोगों को भी टैंकर के जरिये ही पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रमुख, कैरो के शिकायत पर उप विकास आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि गितिलगढ़ में नया स्वास्थ्य उपकेंद्र बन रहा है। नई योजना में शिलापट्ट नहीं लगाये जाने की शिकायत पर उप विकास आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि नई योजनाओं में शिलापट्ट अवश्य लगाया जा रहा हैं। जनप्रतिनिधियों को पंचायत में संचालित योजनाओं की जानकारी देने हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि पत्र के माध्यम से इस संबंधित में सूचित किये जाने की कार्रवाई की जाय। जिप अध्यक्ष की शिकायत पर नौडीहा बड़ा टोली उत्तर और पूरब साई में बगीचा में तथा मसना के पास चापानल खराब की जांच पीएचईडी, लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता को जांच किये जाने का निदेश दिया गया। नौडीहा में ही यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के सामनेवाले मैदान में डीप बोरिंग में जलमीनार के माध्यम से घर-घर नल कनेक्शन के लिए जलमीनार में दिनांक 17.06.2023 तक टंकी लगाये जाने का निदेश भी कार्यपालक अभियंता,पीएचईडी को किया गया। कुटमू में सहिया का चुनाव होने के बाद भी कार्य नहीं करने की शिकायत पर सहिया को हटाये जाने के लिए प्रस्ताव दिये जाने का निदेश दिया गया। ग्राम ईरगांव में किसानों की जमीन ऑनलाईन होने के बाद रकबा शून्य दिखाये जाने की शिकायत पर अंचल अधिकारी लोहरदगा को जांच कराने का निदेश दिया गया। बैठक में कुडू बस स्टैण्ड और कुडू हाट में वित्तीय वर्ष 2023-24 में बंदोबस्ती हेतु आम सूचना तीन बार प्रकाशित किये जाने के बावजूद किसी भी संवेदक द्वारा भाग नहीं लिये जाने के मामले में दो बिंदुओं पर प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

## कुष्ठ रोग खोज अभियान को सफल बनाएं : उप विकास आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त समीरा एस0 की अध्यक्षता में आज कुष्ठ रोग खोज अभियान को लेकर एक आवश्यक बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी सदस्यों से अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड व जिला स्तर पर लगातार इस अभियान की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। लोहरदगा जिला में कुष्ठ रोगियों की पहचान जरूरी है क्योंकि यहां मरीजों की संभाव्यता अधिक है। सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इससे पहले अभियान की शुरूआत जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर दी गई। डब्ल्यूएचओ रांची के डॉ मनोज कुमार ने बताया कि यह अभियान 15 से 28 जून 2023 तक चलेगा जिसमें घर घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगा। जिन व्यक्तियों के शरीर में किसी हिस्से में कोई पुराना दाग है वे अपना जांच करा सकते हैं। कुष्ठ रोग की पहचान होने पर व्यक्ति का ईलाज निःशुल्क किया जाएगा। उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, लोहरदगा द्वारा बताया गया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए लोहरदगा जिला में 504 टीमें होंगी जिसमें एक पुरूष और एक महिला सदस्य के रूप में सहिया होगी। इसमें पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## भीषण गर्मी से सुख रहे जलस्रोत, आम जनजीवन के साथ-साथ मवेशियों को भी पेयजल की समस्या



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो मुख्यालय स्थित खुट्टा तालाब की अस्तित्त्व इन दिनों मिटने की कगार पर है। जहाँ एक और आम जनजीवन भीषण गर्मी के कारण त्रस्त है,वही प्रखंड क्षेत्र के नदियाँ, तालाब, कुएं इत्यादि जलश्रोत के सूखने के कारण व जलस्तर काफी नीचे चले जाने के कारण आम-अवाम के साथ साथ पशु - पक्षियों को भी पीने हेतु पानी की समस्या सता रही है। स्थानीय कैरो गाँव के बुजुर्ग सह सेवानिवृत्त शिक्षक दीपेश्वर पांडेय, बानेश्वर राम इत्यादि व्यक्ति का कहना है कि इस प्रकार के सुखते जलश्रोत आम जनजीवन के अच्छे संकेत नही है, आज 15 जुन है और 15 जुन तक पुर्व मे मानसून प्रवेश कर जाता था। आगामी 04-05 दिन बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथयात्रा आगामी 20 जुन को संपन्न होगी, और क्षेत्र के अधिकतर किसान अपने खेतो मे धान की रोपा रोपाई कर बहुत ही खुश होकर रथयात्रा मे भाग लेता था, परंतु इस बार की मौसम पर आम-अवाम की चिन्ता के साथ-साथ किसानो को भी फसल पैदवार की चिन्ता सता रही है। बुजुर्गो ने कहा कि यदि झारखंड मे आगामी 02-04 दिनो मे यदि मानसून प्रवेश नहीं करता तो आने वाले समय मे पेय-जल का बिकट संकट उत्पन्न हो जायेगा,मानव समेत पशु-पक्षियों को भी पेय-जल की भीषण समस्या उत्पन्न हो जायेगी।

## प्रखंड को कुष्ठ रोग मुक्त बनाना है : डॉ. दिव्या



**सेन्हा-लोहतदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में कुष्ठ निवारण को ले कर बैठक आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में लेपरेसी केश डिटेक्शन कैम्पेन के तहत प्रखंड क्षेत्र के 88 गाँव मे चिकित्सा कर्मियों द्वारा कुष्ठ रोग के लक्षण का जाँच घर घर जा कर किया जा रहा है। वही प्रखंड चिजितस प्रभारी डॉ दिव्या निशि ने बताया कि 15 जून से 28 जून तक लगातार स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कुष्ठ रोग का जाँच किया जायेगा। साथ ही कहा कि जाँच के दौरान कुष्ठ रोग से ग्रसित रोगियों का पहचान होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क इलाज कर दवा दिया जायेगा। और प्रखंड क्षेत्र को कुष्ठ रोग मुक्त करना ही लक्ष्य है। जिसके लिये स्वास्थ्य कर्मियों का 14 टीम गठित कर 23 सुपरवाइजरों का नियुक्ति किया गया है। कुष्ठ रोग का लक्षण और उपचार के बारे में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, डॉ दिव्या निशि, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी के अलावे महेश कुजूर,वसीम अकरम तथा सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# लाभुक ससमय आवास पूर्ण करें अन्यथा कानूनी करवाई होगा : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गुरुवार को सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार, उगरा, अलौदी, सेरेंगहातु तोड़ार, बुटी, झलजमीरा, सेन्हा, चितरी डाँड़ू, भड़गाँव, बदला, अरु सहित सभी पंचायत के पंचायत भवन में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों की समस्या सुनी गई। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि सभी लाभुक ससमय आवास को पूर्ण करें जिसे अन्य जरूरत मंद व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। साथ ही



लाभुकों का समस्या को समाधान करने का करने की बात कही गई। वही लाभुकों को ससमय आवास पूर्ण करने का सख्त निर्देश देते हुए कानूनी करवाई करने की बात कही गई। वही लाभुकों द्वारा आवास निर्माण में हो रही समस्या बालू, ईट, मजदूर की समस्या सहित अन्य समस्याओं से बीडीओ और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। और समस्याओं का समाधान के लिये आग्रह किया गया। मौके पर मुखिया कमला देवी, नोडल पदादिकारी आवास संजीत कुमार, पंचायत सचिव महिपाल उराँव, रोजगार सेवक देवेन्द्र कुमार देव, स्वयंसेवक विजेता मिश्रा, शरद यादव, मंगलेश्वर उराँव, सूर्य भूषण मिश्रा के अलावे सभी लाभुक उपस्थित थे।

# तेजस्वी साहा ने नीट की परीक्षा में 16009 रैंक प्राप्त कर लोहरदगा को किया गौरवान्वित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के शहरी क्षेत्र के अंतर्गत वीर शिवाजी चौक निवासी मुकेश प्रसाद के बेटे तेजस्वी साहा (छात्र) उम्र 21 वर्ष ने नीट 2023 की परीक्षा में 625 मार्क्स लाकर लोहरदगा जिले को फिर से एक बार गौरववन्तित किया है। छात्र तेजस्वी साहा ने बताया कि वह पूरे भारत मे उसने 16009वा रैंक प्राप्त किया है,उन्होंने बताया कि इस दौरान उसे पढ़ाई लिखाई करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा,पर मेरी पढ़ाई लिखाई को देखते हुए माता-पिता, दीदी-जीजा तथा घर वालो का पूरा पूरा सहयोग मिला, और जब मैं कभी नर्वस होता तो लोग मुझे प्रेरित भी करते थे। उन्होंने यह भी बताया कि लेवेंक्स अकादमी और डी ए वी से शिक्षा प्राप्त कर बिना कोचिंग क्लास किए अपने तथा अपने शिक्षक शिक्षिकाओ के भरोसे ये कामयाबी हासिल किया है। इस कामयाबी के लिए मैं सर्वप्रथम अपने



गुरु जनों का श्रेय देना चाहता हूं। तथा इस दौरान परिवार वालो से भी काफी सहयोग मिला है। तेजस्वी साहा ने सभी गुरु जनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि गुरुजनों का अगर इसी तरह हमे आशीर्वाद मिलता रहे तो जीवन मे और भी कई बड़े कामयाबी हासिल प्राप्त करने का प्रयास करूंगा। छात्र के माता पिता तथा परिवार वाले भी काफी उत्साहित है क्योंकि उसकी मेहनत रंग लाई है। पिता मुकेश प्रसाद ने कहा कि बिना कोचिंग किए स्वयं दिन और रात पूरी लगन के साथ कड़ी मेहनत करते हुए नीट की परीक्षा में सफलता हासिल कर पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है। मुझे अपने परवरिश में पूरा भरोसा था कि मेरा बेटा एक ना एक दिन कामयाबी हासिल जरूर करेगा और कर दिखाया। उन्होंने कहा कि आज के समय लोगो के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल होता जा रहा है,वही घर की तंगी हालात में भी लोग पढ़ाई लिखाई के लिए सब कुछ दाव पर लगा देते है,वैसे तो लोहरदगा जिला हमेशा तंगी की मार झेला है और आज भी वही स्थिति बनी है,अगर शिक्षा के दृष्टिकोण से देखा जाए तो लोहरदगा जिले में गिने-चुने ही स्कूल हैं जिसमें पढ़ाई ठीक है बाकी शिक्षा के स्तर से देखा जाए तो लोहरदगा जिले में पढ़ाई लिखाई के मामले में बेहतर व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को घर से बाहर रहकर पढ़ाई लिखाई करनी पड़ रही है,जिसे लोगो के आर्थिक स्थिति पर भी प्रभाव पड़ता रहा है।ऐसे मामलों में सरकार को भी इस पर पहल कर अच्छे पढ़ने लिखने की व्यवस्था करने की जरूरत है ताकि लोगो को अच्छे शिक्षा का अवसर मिल सके।

## ध्वस्त पुलिया का निर्माण जल्द कराए प्रखंड प्रशासन : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किस्को प्रखंड के ग्राम कसियाडीह के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ कसियाडीह ग्राम पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से मिले। ग्रामीणों ने बताया कि कसियाडीह में जब्बार के घर के समीप पूर्व में बने पुलिया विगत कई माह पूर्व ध्वस्त हो गया है जिसके कारण चार पहिया वाहनों का आवागमन में काफी समस्या हो रही है तथा पुलिया का निर्माण नहीं होने से दुर्घटना होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। ग्रामीणों ने श्री साहू से ध्वस्त पुलिया का निर्माण कराने की मांग किए। श्री साहू ग्रामीणों के साथ ध्वस्त पुलिया का मुआयना भी किए। श्री साहू ने कहा कि विगत कई माह से ध्वस्त पुलिया का निर्माण नहीं होना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। श्री साहू मौके पर से ही आर ई ओ विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर शीघ्र ध्वस्त पुलिया का निर्माण करने की बात कहें ।कार्यपालक अभियंता ने कहा कि विभाग के कनीय अभियंता ध्वस्त पुलिया का मुआयना किया है उन्होंने बताया कि ध्वस्त पुलिया मुखिया के फंड से बना था। विभाग के पास पुलिया बनाने की राशि उपलब्ध नहीं है इसीलिए इसे प्रखंड या मुखिया के फंड से बनाया जाए इसके लिए एनओसी दे दिया जाएगा। श्री साहू ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से वार्ता कर मुखिया या प्रखंड के फंड से ध्वस्त पूलिया निर्माण कराने की बात कहें। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आ ई ओ विभाग से एनओसी मिलने के बाद ध्वस्त पुलिया का निर्माण कराने का आश्वासन दिये। मौके पर पूर्व पंचायत सदस्य अबू सना परवेज, अंजुमन सदर समसुद्दीन, सचिव अब्दुल अजीज, जफर इकबाल, बालमुकुंद यादव, कमरुद्दीन अंसारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# सर्पदंश से हुई एक महिला की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बानो :** बानो के पाड़ो बादलूंग गाँव की सावित्री देवी महिला को रात को जहरीले सांप ने डसा जिसके बाद उसे इलाज के लिए बानो हॉस्पिटल लाया गया जहां पर रात को गेट नहीं खोला गया। उसके बाद रेलवे हॉस्पिटल बानो ले जाया गया वहां पर भी गेट नहीं खोला गया। बाद में उसे कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर 1 घंटे तक इलाज चला और जहां पर उसकी हालत बिगड़ती हुई देख उसे सदर अस्पताल सिमडेगा लाया जहां पर इलाज के क्रम में मृत घोषित कर दिया। **भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने लिया संज्ञान :** परिजनों द्वारा भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा को सूचना दी गई की 11:00 बजने के बाद ही पोस्टमार्टम का कोई प्रक्रिया नहीं हुआ है सूचना पर श्रद्धानंद बेसरा अपने सहयोगी रवि गुप्ता के साथ हॉस्पिटल पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य प्रक्रिया कराकर पोस्टमार्टम कराया।

# मूलभूत समस्याओं को लेकर जलडेगा बड़की टांगर गांव में झापा ने की बैठक

➲सरकार की लापरवाही के कारण क्षेत्र में लोगों में बढ़ी परेशानी : सन्देश एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के बड़कीटांगर गांव में गुरुवार को झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के द्वारा बिजली पानी सड़क सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। जहां पर ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच पीने की पानी की समस्या गांव में है चापानल के लिए कई बार स्थानीय प्रशासन एवं पंचायत प्रतिनिधियों को भी सूचना दिया लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हो रही। गांव में बिजली बिल लोगों को अनावश्यक तरीके से आती है। इसके अलावा सड़क की समस्या सहित कई समस्या है जिसे कोई



सुनने वाला नहीं है। मौके पर संदेश एक्का ने कहा कि आपकी समस्याएं बेहद चिंताजनक है। सरकार की उदासीन रवैया के कारण क्षेत्र में समस्याएं बढ़ी है। मेरे पिता के कार्यकाल में इस क्षेत्र में जो विकास की गति थी वह थम गई है। लेकिन एक बार आप फिर से झारखंड पार्टी का सहयोग करें आपकी समस्याओं को दूर किया जाएगा। उनका कि आपकी समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करते हुए उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से अमर सिंह, गोपाल लोहरा, रमेश लोहरा, सुधीर लोहरा, शिवमंगल बड़ाईक ,जयराम बड़ाईक, फूलचंद बड़ाईक, विकास बड़ाईक, बिरसा पहान,शंभू इंदवार ,रसाल खलखो, अंकित सुरिन, चिराग बाड़ा सुनील लुगुन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## फेसबुकिया प्यार में यूपी के युवक ने नाबालिक लड़की को लेकर हुआ फरार, बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मामला जिले के किस्को थाना क्षेत्र की है जहां एक गांव की नाबालिग लड़की को यूपी के एक युवक ने सोशल मीडिया के जरिए प्यार के जाल में फसा कर अगुवा करने का मामला सामने आया है,जिस पर किस्को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छानबीन कर 24 घंटे के अंदर यूपी के प्रयागराज से नाबालिक लड़की एवं युवक को बरामद कर किस्को थाना ले आया, युवक लक्ष्मीदिन कापुरवा रामनगर प्रतापगढ़ निवासी 21 वर्षीय विपिन उपाध्याय पिता राजकुमार उपाध्याय ने सॉसल मीडिया में इंडियन आर्मी नाम बदलकर लड़की को अपने प्यार के जाल में फसाया। जिसके बाद 11 जून 2023 को किस्को थाना क्षेत्र से लड़की को अगुवा कर फरार हो गया, घटना के दूसरे दिन 12 जून को नाबालिग लड़की के परिजन के द्वारा किस्को थाने में लिखित शिकायत की गई थी।

## सड़क दुर्घटना को आंजम दे फरार ट्रक को पुलिस पकड़ कर अग्रतर कारवाई में जुटी

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना के समीप बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गया था। वही फरार लाइन ट्रक को लोहरदगा से जप्त कर अग्रतर कारवाई में पुलिस जुटी। सेन्हा थाना गेट के समीप बुधवार शाम लाइन ट्रक जे एच 02 ए ए 0433 के चालक ने बाइक जे एच 01 ए 3549 को अपने चपेट में लेते हुए फरार हो गया था। सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसको स्थानीय ग्रामीणों एवं पुलिस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। लेकिन चिकित्सकों द्वारा घायल युवक की स्थिति नाजुक बताते हुए चिकित्सको ने बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया परंतु सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। वही घायल युवक का पहचान जुरिया करम टोली निवासी विश्वनाथ उराँव के पुत्र कमल उराँव के रूप में किया गया। घटना के पश्चात सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के निर्देश पर पुलिस बल के सहयोग से फरार लाइन ट्रक जे एच 02 ए ए 0433 को आज दिन बृहस्पतिवार को लोहरदगा से जप्त कर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की लापरवाही एवं तेज रफ्तार में होने की बात बताया जा रहा है। जिसे दुर्घटना हो गया था। और युवक की मौत हो गई थी।

# कोलेबिरा विधायक मिले पेयजल व स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन एवं संयुक्त सचिव पेय जल एवं स्वच्छता विभाग इंद्रदेवमण्डल को विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे घर घर नल जल योजना में हो रही भारी अनियमितता के कारण लोगों को पीने का पानी का गंभीर समस्या को झेलने के लिए मजबूर हैं इससे अवगत कराया । जबकि केंद्र एवं राज्य सरकार से पीने के पानी की व्यवस्था के लिए करोड़ों रुपये के लागत से जलमीनार एवं पाइप लाइन के द्वारा घर घर पानी पहुचाने का महत्व कांक्षी योजना चल रही है। पर विभाग के लापरवाही एवं सरकार के प्रति गंभीर ना रहते हुए सरकार एवं विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी जी को बदनाम करने के नियत से महत्वकांक्षी योजना का बली चढाने में लगे हुए हैं त्वरित कार्रवाई करते हुए उच्च स्तरीय जांच



की मांग कर दोषी पदाधिकारियों एवं संवेदकों पर कार्रवाई की मांग विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी जी ने किया और यथाशीघ्र ग्रामीण क्षेत्रों में पीने का पानी का व्यवस्था करने की मांग रखी साथ ही पहले से खराब जलमीनारों को एवं खराब पड़े चापाकलों को भी दुरूस्त करने की मांग रखा। विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी जी ने विभागीय सचिव एवं संयुक्त सचिव को यह भी जानकारी दिया कि संवेदक एवं विभाग के अधिकारी मिल कर नया बोरिंग जहां पानी बहुत कम निकला या पुराना चापाकल जहां पानी बहुत कम है ऐसे जगहों में भी जलमीनार खड़ा कर पाइपलाइन बीछाया जा रहा है। जिसका कोई मतलब नहीं है सिर्फ रूपये की बरदी और सरकार के लक्ष्य के विपरीत सरकार और लोकल विधायक को बदनाम करने का भंयकर साजिश है। विभागीय सचिव एवं संयुक्त सचिव ने इस मामला को गंभीरता से लिया है और जल नल योजना से पीने का पानी का समस्या को जल्द दुरस्त करने एवं तुरंत जांच करा कर दोषी संवेदकों एवं जिम्मेवार पदाधिकारियों पर जल्द कार्रवाई करने की बात कही।

**कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन हुआ आयोजित**

# मोदी सरकार ने गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास का किरण पहुंचाया : शैलेन्द्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के उपलक्ष में कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित किया गया संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा संगठन में मोर्चा का महत्वपूर्ण स्थान है,सभी मोर्चा के पदाधिकारी अपने अपने मोर्चा को मजबूत कर संगठन को शक्तिशाली करें। संयुक्त मोर्चा को सम्बोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है उसी निमित्त संयुक्त मोर्चा का भी सम्मेलन झारखंड के सभी विधानसभा में हो रहा है मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता घर घर जाकर





पिछले 9 वर्षों में किए गए विकास कार्यों को लोगों को बताएं चाहे वह जन धन योजना हो या उज्ज्वला योजना या फिर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री आवास हो या घर घर नल जल योजना हो, यह सभी योजनाएं केंद्र सरकार की योजनाएं हैं जिसका लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक को मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की गांव घर मे जितनी भी सरकारी योजना चल रही है ज्यादातर केंद्र सरकार की योजना है मोर्चा के सभी कार्यकर्ता घर घर जा कर लोगो से 9090902024 नम्बर पर मिस्डकॉल कराएं और भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गविजय सिंहदेव ने कहा कि आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में मोर्चा के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है मोर्चा के पदाधिकारी तन मन धन लगा कर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें मंच संचालन बसंत प्रधान एवं धन्यवाद ज्ञापन ठेठईटांगर जिला परिषद सदस्य कृष्णा मांझी ने किया। इससे पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर बंदे मातरम गाण कर कार्यक्रम की सुरुवात की गई।

## पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड के कोरोमियाँ पंचायत सचिवालय में उपायुक्त के निर्देश अनुसार पंचायत स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया रेणुका सोरेंग द्वारा किया गया। बैठक में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला समूह के दीदी, वार्ड सदस्य, डीलर, सेविका, योगा शिक्षक आदि शामिल थे। बैठक में मुखिया रेणुका सोरेंग के द्वारा शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें एवं ड्रॉप आउट बच्चों को शतप्रतिशत नामांकन करें। साथ ही बैठक में शिक्षकों द्वारा स्कूल में पेयजल व्यवस्था करने एवं शौचालय मराम्मती करने का अनुरोध किया गया जिस पर मुखिया द्वारा 15 वें वित्त की राशि से सोलर पयेजल व्यवस्था करने एवं शौचालय मराम्मती का आश्वासन दिया गया। साथ ही साथ मुखिया द्वारा स्कूल के सभी बच्चों का खाता खुलवाने, सभी जल सहियाओं को सोलर जल मीनार का देख रेख करने, खराब चापाकलों का सूची तैयार करने, शौचालय से वंचित परिवारों का भी लिस्ट बनाने, आंगनबाड़ी सेविकाओं को समय से आंगनबाड़ी केंद्र खोलने, जन वितरण दुकान के डीलरों को उचित नाप तौल कर राशन वितरण करने, समय से राशन वितरण करने, छूटे हुवे परिवार का राशन कार्ड बनाने, लंबित प्रधानमंत्री आवास एवं भीमराव आवास को जल्द से जल्द पूरा करने, मनरेगा से संचालित कार्यों की समीक्षा एवं आवश्यकता अनुसार दिशा निर्देश मुखिया द्वारा दिया गया।

## चलते चलते एक नजर

### पुंछ में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**पुंछ।** पुंछ जिले की में नियंत्रण रेखा के पास सेना ने एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद व अन्य सामान बरामद किया है। सेना की सरला बटालियन ने पुंछ में अग्रिम इलाकों में एक तलाशी अभियान चलाया, जिस दौरान एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। यहां से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया, जिसमें एक एके-74, नौ मैगजीन 468 राउंड (स्टील कोर और सामान्य राउंड का मिश्रण), दो 7.62 एमएम पिस्टल, चार मैगजीन, साठ राउंड, छह हरा (4 नीला, 2 हरा रंग), 2 सीडीओ खंजर, दो बैग, दो पाउच, साइट पर एक खोदने वाला फावड़ा, एक तार कटर और एक पुल थ्रू है।बरामद किए गए अन्य उपकरणों में एक स्मार्टफोन, एक गार्मिन एट्रेक्स 22एक्स, बैग के साथ एक थौराया सोलर चार्जर, चार्जिंग केबल के साथ एक पावर बैंक, चार एए बैटरी शामिल हैं। इसके अलावा दो पतलून, दो शर्ट और इतने ही रेन कैप, हाथ के दस्ताने, मोजे, स्विमिंग गॉगल्स, अंडरगारमेंट्स, बनियान और मास्क बरामद किए गए हैं।

### बहुचर्चित अग्रवाल बंधु दोहरे हत्याकांड में फैसला 26 को

**रांची :** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत में गुरुवार को बहुचर्चित अग्रवाल बंधु दोहरे हत्याकांड की सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत ने मामले में 26 जून को फैसला की तिथि निर्धारित की है। मामले में लोकेश कुमार चौधरी, धमेन्द्र तिवारी, रवि शंकर लाल और सुनील सिंह ट्रायल फेस कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छह मार्च, 2019 को अशोकनगर के एक निजी न्यूज चैनल के दफ्तर में दो भाईयों हेमंत अग्रवाल और महेन्द्र अग्रवाल की हत्या हुई थी। पैसे के विवाद को लेकर दोनों भाईयों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मामले में निजी न्यूज चैनल के संचालक लोकेश कुमार चौधरी और उनके सहयोगी एमके सिंह सहित पांच के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। 21 माह के बाद फरार रहने के बाद नौ दिसम्बर, 2020 को लोकेश चौधरी ने अदालत के समक्ष सरेंडर किया था। एक आरोपित एमके सिंह मामले में फरार है। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के की ओर से 19 गवाह प्रस्तुत किए गए। मामले को लेकर अरगोड़ा थाने में 84/2019 दर्ज की गयी थी।

### तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश

**रांची :** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत गुरुवार को दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन नामकुम स्थित आईपीएच हॉल में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक डॉ भूवनेश प्रताप सिंह ने युवाओं को तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। अभियान निदेशक ने तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के लिए दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी प्रतिभागियों को व्यक्तिगत रूप से तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में अपनी-अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत पहले अपने घर से करें। इसके बाद अपने दोस्तों से करें ताकि समाज को एक सही दिशा दिया जा सके। कार्यशाला के प्रारम्भ में सोसियो इकॉनोमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी (सीडस) के कार्यपालक निदेशक दीपक मिश्रा ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया एवं झारखंड में संचालित तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# 22 जून 2019 को हुआ था तबरेज का मॉब लिंचिंग 22 को ही आयेगा फैसला

परवेज़ कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** 2024 चुनाव का आना अभी बाकी है , लेकिन सभी राजनीतिक दलों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसी बीच सबसे चर्चित तबरेज अंसारी मॉब लिंचिंग मामला भी एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। तबरेज अंसारी मॉब लिंचिंग मामले को लेकर यह इत्तेफाक ही कहा जा सकेगा कि जिस 22 जून 2019 के दिन तबरेज की पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी, इस का फैसला भी अब 22 जून 2023 को आनेवाला है। इस पूरे मामले में 13 लोगों पर आरोप लगे थे, जिसमें 6 लोगों को जमानत दे दी गई थी। तबरेज के वहीं धारा 302 को हटाकर 304 गैर इरादतन हत्या जोड़ दिया गया,जिसका विरोध भी हुआ था और सीबीआई जांच की मांग की गई थी। इस पूरे घटनाक्रम में परिजनों और उनकी विधवा पत्नी शाइस्ता परवीन को फैसले का इंतेजार है और उम्मीदें भी हैं, लेकिन इस पूरे राजनीतिक चक्रव्यूह में अबतक सिर्फ राजनीति ही हुई है । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस पीड़ित परिवार को न तो मुआवजा दिया न ही नौकरी। अब यह सवाल उठता है कि तबरेज अंसारी के दोषियों को सजा मिलती है या फिर रिहाई ! इसका इंतजार सभी को हो रहा है।

**कब हुआ था घटना:** बता दें कि 22 जून 2019 को तबरेज अंसारी की मौत की यह घटना यूनाइटेड नेशन (यूएन) तक में मामला गुंजा था। यह घटना 17 -18 जून 2019 की रात को घटी थी। मृतक तबरेज अंसारी जमशेदपुर स्थित अपने फुआ के घर से सरायकेला स्थित अपने गांव कदमडीहा लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में धातकीडीह गांव में ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में उसे पकड़ लिया और बांधकर रात भर पीटा। इस दौरान बताया गया कि कथित तौर पर मृतक से जय श्री राम



और जय हनुमान के नारे भी लगवाये गये थे। ग्रामीणों ने दूसरे दिन सुबह उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने पहले उसका इलाज स्थानीय सदर अस्पताल में कराया, फिर शाम को जेल भेज दिया था।

**इलाज के दौरान मौत:** घटना के महज चार दिनों बाद ही 22 जून 2019 की सुबह दोबारा तबरेज अंसारी को जेल से गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी थी, हालांकि परिजनों के द्वारा उसके जिंदा होने का दावा करने पर उसे सदर अस्पताल से जमशेदपुर टीएमएच रेफर कर दिया गया था, लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने तबरेज को मृत घोषित कर दिया था। जिसके बाद पुलिस और परिजन उसे वापस सरायकेला लाए और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**मृतक तबरेज की दो महीने पहले ही शादी हुई थी:** बता दें कि 27 अप्रैल 2019 को उसका निकाह हुआ था , परिवारवालों के मुताबिक निकाह के लिए ही तबरेज पुणा से गांव आया था, निकाह के बाद ईद पर्व मनाने के लिए वह गांव में ही रुक गया था। तबरेज और उसकी इकलौती बहन का पालन-पोषण चाचा के घर हुआ था। दो साल पहले बहन की शादी हुई थी। बहन की शादी के बाद तबरेज पुणा काम करने चला गया था, वहां वह वेल्डिंग का काम करता था।

**पुलिस ने 11 लोगों को किया था गिरफ्तार:** सरायकेला पुलिस ने इस मामले में जब राजनीति तूल पकड़ा तो 13 लोगों पर आरोप लगा और 11 लोगों को तत्काल गिरफ्तार किया था। जिसमें से न्यायमूर्ति रहे आर मुख्य उपाध्याय द्वारा जमानत दे दी गई थी, जिसमें भीमसेन मंडल ,चामू नायक, महेश माझी, सतनारायण नायक, मदन नायक, विक्रम मंडल शामिल थे । वहीं कमल महतो, सोनामु प्रधान, प्रेमचंद महली, भीम मंडल पर मामले दर्ज किए गए थे। इतना ही नहीं पुलिस ने 22 जून को ही नामजद अभियुक्त पप्पू मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उधर खरसावां थाना और सिनी ओपी प्रभारी को चंद्रमोहन उरांव, विपिन बिहारी सिंह को ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया था। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से रिपोर्ट की मांग की गई थी।

**हत्या का आरोप हटा:** अब सरायकेला पुलिस ने इस मामले में सभी 11 आरोपियों के ऊपर से हत्या का आरोप हटा दिया है, 302 को हटाकर 304 गैर इरादतन हत्या दर्ज किया गया है , पूरे मामले का फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सुनवाई की मांग की गई थी।पुलिस के द्वारा दायर आरोपपत्र में ये बताया गया कि अंतिम पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक तबरेज अंसारी की मौत कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) से हुई, ऐसे में हत्या का मामला नहीं बनता है।

## जनसमस्याओं को कार्यपालिका तक पहुंचाना विधायी संस्थाओं का दायित्व : ओम बिरला



एजेंसी

**गोवा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को गोवा विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक सभी विधायी संस्थाओं का दायित्व है कि वे जनता की समस्याओं को कार्यपालिका तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हमारी विधायिकाओं में चर्चा और संवाद का उच्च स्तर हो तथा विधायिकाओं की कार्यवाही शांति एवं गरिमा के साथ चले। लोकसभा अध्यक्ष बिरला एक दिवसीय गोवा दौरे पर हैं।

उन्होंने आज गोवा विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया। यह सत्र 'विकसित भारत 2047~ जन प्रतिनिधियों की भूमिका' विषय पर आयोजित किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने के पर्याप्त मार्ग हैं। संसद के अंदर यदि शालीनता से असहमति व्यक्त की जाए तो इससे देश और भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है। उन्होंने सुझाव दिया कि जनप्रतिनिधि जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को सदन में आवाज दें जिससे उनकी परेशानियों का हल निकल सके। सदन के अंदर मर्यादित व्यवहार से सदन की प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है।इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, विधानसभा अध्यक्ष रमेश तावड़कर, राज्य के मंत्री एवं विधानसभा सदस्यों समेत कई गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## केंद्र ने सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के आयात पर सीमा शुल्क 5 फीसदी घटाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के आयात पर सीमा शुल्क में 5 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद खाद्य तेलों के आयात पर लगने वाला शुल्क अब 17.5 फीसदी से घटकर 12.5 फीसदी हो गया है। सरकार ने इससे संबधित अधिसूचना जारी कर दी है, जो आज से लागू हो गया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि सरकार ने सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल के आयात पर सीमा शुल्क को 17.5 फीसदी से घटाकर 12.5 फीसदी कर दिया है।



खाद्य मंत्रालय ने इस आशय का एक आदेश अधिसूचना संख्या 39/2023-सीमा शुल्क, दिनांक 14 जून, 2023 के माध्यम से जारी किया गया है, जो 31 मार्च, 2024 तक लागू रहेगा। मंत्रालय के मुताबिक केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं को किफायती मूल्य पर खाद्य तेल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य तेलों पर बुनियादी आयात शुल्क को घटा दिया है। केंद्र के इस कदम से परिष्कृत सूरजमुखी और परिष्कृत सोयाबीन तेल पर आयात शुल्क में कमी से उपभोक्ताओं को फायादा होगा। साथ ही घरेलू बाजार में खुदरा कीमतों को कम करने में मदद मिलेगी।

## आर्टिजन ग्रुप के कुम्हार कलाकार झारखंड से कर रहे हैं पलायन : हरे राम पंडित

### झारखंड माटीकला बोर्ड का पुनर्गठन जल्द से जल्द करने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आर्टिजन ग्रुप के प्रमुख एवं आदि काल से जिस समाज ने मानव सभ्यता के विकास में सर्वाधिक योगदान दिया है, वह समाज है कुम्हार समाज। दुनिया के किसी भी भाग में खुदाइ की जाती है तो वहां से मिट्टी के बर्तन का मिलना इसका प्रमाण है।माटीकला से जुड़े कलाकारों के प्रति झारखंड सरकार की उदासीनता इनके पलायन का मुख्य कारण है। राज्य में जो सुविधाएं इन्हें सरकार से अपेक्षित है, वह नहीं मिलता है और ये माटी कलाकार अपनी दिक्कतें, तकलीफें, बताएं, तो किसे बताएं। एक उत्कृष्ट श्रेणी के माटीकला के कलाकार संजय प्रजापति,चंदन कियारी के जिन्होंने ने अपनी कला से झारखंड राज्य का नाम रोशन किया है, एवं संजय प्रजापति जैसे अनेकों कुम्हार कलाकार हैं, जिन्हें सरकारी प्रोत्साहन, आर्थिक मदद, बाजार स्थल,कला प्रदर्शनी के लिए हाल आदि की जरूरत है और सरकार की उदासीनता के कारण पलायन के लिए मजबूर हैं। झारखंड में पिछ्ली सरकार के काल में बना झारखंड माटीकला बोर्ड का कार्यकाल 2020 में ही समाप्त हुआ और तीन साल बीत जाने के बाद भी अभी तक माटीकला



बोर्ड का गठन हुआ नहीं है। माटीकला बोर्ड का गठन नहीं होना,माटी कलाकारों के प्रति सरकार की संवेदनहीनता है और कुछ नहीं, ऐसा मानना है हरे राम पंडित एक वरिष्ठ नागरिक व अनुभवी समाजसेवी का।इस सदी में मानव जीवन प्लास्टिक के बर्तन,अल्मुनियम, स्टील के बर्तनों, माइक्रोवेव, ओवन में पके भोजन खाने से भांति भांति प्रकार के रोगों से ग्रसित हो रहें हैं। कैंसर, पेट का अल्सर, हृदय, गैस जैसी अनेकों बिमारियां होती है, कारण स्पष्ट है कि मिट्टी और कांसे के बर्तन को छोड़कर किसी अन्य बर्तन में भोजन पकाने पर भोजन के पौष्टिक तत्व करीब 90त्न तक नष्ट हो जाते हैं। श्री पंडित यह भी बताते हैं कि लोगों का झुकाव मिट्टी के बर्तन, घड़ा,सुराही, बोतल, मिट्टी के फ्रिज, तवा,कराही के तरफ बढ़ रहा है। कुम्हारों को कुम्हारी काम में उत्पादन बढ़ाने के लिए नवीनतम तकनीक, प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता, बाजार स्थल, अच्छे गुणवत्ता की माटी, प्रोत्साहन आदि की जरूरत है और इस काम को बढ़ाने के लिए झारखंड माटीकला बोर्ड की नितांत आवश्यकता है, ऐसा मजबूती से कहना है समाजसेवी श्री पंडित का। कुम्हारी शिल्प कला उद्योग, खादी व ग्रामोद्योग में कुम्हारों का प्रतिनिधित्व देने का काम करे सरकार। श्री पंडित ने यह भी बताया कि झारखंड विधानसभा में भी राजमहल विधायक के द्वारा झारखंड माटीकला बोर्ड बनाने का मांग लाए जाने पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने माटीकला बोर्ड का पुनर्गठन जल्द ही करने की बात कही थी, लेकिन करीब एक साल होने को हैं माटीकला बोर्ड का पुनर्गठन अभी तक नहीं हुआ है। नतीजतन आर्टिजन ग्रुप के आदि काल का कुम्हार कलाकार राज्य से पलायन कर रहा है, सरकार एवं विशेष रूप से मुख्यमंत्री झारखंड को माटीकला बोर्ड का पुनर्गठन जल्द से जल्द करना चाहिए एवं आर्टिजन ग्रुप में फैली निराशा को खत्म करने का काम करना चाहिए।

### हत्या के दोषी को उम्र कैद की सजा

**रांची :** रांची अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को हत्या के दोषी चरकू मुंडा को उम्रकैद की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 25 हजार का जुर्माना भी लगाया है। चरकू मुंडा पर टाटीसिल्वे के पुराना चतरा गांव निवासी शिवनारायण महली की टांगी और धारदार हथियार से मारकर हत्या करने का आरोप है। आपसी विवाद को लेकर हुई झड़प के बाद चरकू ने 17 मार्च 2019 को उसकी हत्या कर दी थी। घटना को लेकर मृतक के पुत्र राजू महली ने टाटीसिलवे थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के कुछ दिन बाद चरकू को 23 जून 2019 को टाटीसिलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में है। मामले में सुनवाई के दौरान सहायक लोक अभियोजक की ओर से 10 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। इसके आधार पर अदालत ने आठ जून को चरकू मुंडा को दोषी पाया था और फैसला के लिए 15 जून की तिथि निर्धारित की थी।

## अंतरराष्ट्रीय मुशायरा 24 जून को रांची में होगा आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 24 जून की शाम रांची में बज्म-ए- कहकशां के बैनर तले एक अंतरराष्ट्रीय मुशायरा, मौलाना आज़ाद सभागार, अंजुमन प्लाजा, एमजी रोड में आयोजित होने जा रहा है। जिसमें देश- विदेश के कवि-शायर शामिल होंगे। मुशायरा के संयोजक लेखक-पत्रकार शहरोज क़मर ने बताया है कि वरिष्ठ सूफ़ी-शायर मौलाना गुफरान अशरफी की अध्यक्षता में मुशायरा की शमा 24 जून की शाम 7 बजे रौशन होगी। जिसमें दिल्ली से माजिद देवबंदी, अना देहलवी व सरफराज़ अहमद फ़राज़, जलील निज़ामी (क़तर), अनवर कमाल अनवर (बहरैन), फूल मोहम्मद नेपाली, फैयाजी फ़ैज़ (नेपाल), मुजाविर मालेगांव, कोलकाता से रिहाना नवाब, रौनक़ अफ़रोज़ व शहनाज़ रहमत, सरवर साजिद (अलीगढ़), कामरान गनी सबा (मुजफ्फरपुर), मोईन गिरिडीही, दर्द दानापुरी (पटना), अख़्तर इमाम अंजुम (सासाराम), पलामू से अमीन रहबर व शमीम रिज़वी, आफताब अंजुम (गुमला), परवेज़ रहमानी (लोहरदगा), ज़ैन रामिश (हजारीबाग), गया से इरफ़ान मानपुरी, एजाज़ मानपुरी, सुखेंद्र सिंह सुखेंद्र व सुमन कुमार सुमन, शोभा किरण (जमशेदपुर), शब्बीर हसन शब्बीर (औरंगाबाद), इम्तियाज़ दानिश (झरिया), इक़बाल हुसैन (धनबाद) के अलावा रांची के अज़फ़र जमील और दिलशाद नज़्मी शरीक होंगे। महफ़िल को दरगाह हज़रत निज़ाम उद्दीन औलिया के सज्जादा नशीं हज़रत पीर ख्वाजा फ़रीद अहमद निज़ामी की सरपरस्ती (संरक्षण) हासिल होगी। वहीं ग़ालिब अकादमी, दिल्ली के सचिव अकील अहमद बतौर ख़ास मेहमान मौजूद रहेंगे। सह संयोजक कुद्रतुल्लाह कुदरत और फैज़ दरवेश ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उर्दू दैनिक कौमी तंजीम के संपादक एसएम अशरफ फरीद होंगे तो सान्निध्य सोशल एक्टिविस्ट शफी अहमद अशरफी का होगा। जलेस सचिव एमजेड खान के साथ संचालन खालिक हुसैन परदेसी करेंगे। स्वागत समिति में उजैर हमजापुरी, डॉ. महफूज आलम, कैसर आलम अशरफी, अधिवक्ता सुरैया, एजाज़ अनवर, नदीम खान, एहसान ताबिश और एहसान दानिश शामिल हैं। आयोजन के सम्मानित अतिथियों में सैयद अबरार अहमद अशरफी (खड़गपुर), एके अल्वी (सासाराम), डॉ. अरशद असलम (रांची विवि), जफर उल्लह सादिक (हजारीबाग), शाहनवाज अहमद खान (पूर्व श्रम आयुक्त), डॉ. रिहान गनी (संपादक अवामी न्यूज, पटना), हाजी मुख्तार अहमद (सदर, अंजुमन इस्लामिया), संजय मिश्रा (संपादक प्रभात खबर, जमशेदपुर), कथाकार पंकज मित्र (रांची आकाशवाणी), सुलतान शम्सी (मधुबनी) और वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अकबर (पटना) शामिल रहेंगे।

### 11वीं बोर्ड में एमएसए स्कूल का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

## एमएसए कम समय में स्थापित किया नया कीर्तिमान ~ मो. शफीक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नगर निगम अंतर्गत पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल का जैक बोर्ड 11वीं का रिजल्ट शत् प्रतिशत रहा। इस वर्ष एम.एस.ए स्कूल से कुल 58 बच्चे जैक 11वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें वेदप्रकाश देव 91 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त कर स्कूल प्रबंधन सहित पूरे पलामू का मान बढ़ाया है। शेष विद्यार्थियों का भी रिजल्ट सराहनीय रहा है, सभी बच्चे फर्स्ट डिविजन और डिस्टिंक्शन मार्क्स से पास किए हैं। स्कूल के चेयरमैन मों शफीक अंसारी ने सभी विद्यार्थियों को मिठाईयां खिलाकर हौसला आफजाई करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने का कामना किए। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में मेहनत करते रहने का सलाह दिए और बोले सफलता का कोई शोर्टकट नहीं होता।

शिक्षक अफज़ल शफीक ने बताया कि एम.एस.ए पब्लिक स्कूल कम समय में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। शिक्षकों के कड़ी मेहनत और बच्चों के पढ़ने कि जिज्ञासा व लगन के बदौलत ही लगातार बेहतर रिजल्ट देने वाला संस्थान बनकर उभरा है।

प्रिंसिपल ओंकारनाथ अग्निमित्रा पाण्डेय ने कहा इंटरमीडिएट आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स में नामांकन प्रारंभ है इच्छुक विद्यार्थी हमारे स्कूल में बेहतर रिजल्ट के लिए नामांकन लें सकते हैं। एडमिशन से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9199589132 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया नीट, जेईई-मेन कि तैयारी हेतु बाहर जाने वाले विद्यार्थियों के लिए इस बार नन स्कूलिंग का भी व्यवस्था किया गया है।

### क्राइम और एक्सीडेंट स्पॉट को चिह्नित कर सीसीटीवी और स्ट्रीट लाइट लगेंगे

**रांची :** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव और स्मार्ट सिटीज मिशन के निदेशक कुणाल कुमार ने गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी के तहत चल रही योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। मौके पर कुणाल कुमार ने कहा कि राजधानी के क्राइम और एक्सीडेंट स्पॉट को चिह्नित किया जाएगा। उन स्थलों में सीसीटीवी और स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ मिलकर शहर के क्राइम और एक्सीडेंट स्पॉट चिन्हित करने का कार्य करें। सरकार की विभिन्न एजेंसियों से मिलकर वैसे चिन्हित जगहों पर कैमरा और स्ट्रीट लाईट लगवाएं। इसके साथ पुलिस के साथ मिलकर कमांड सेंटर से ही एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनवाएं।

## नवयुग कंपनी लिमिटेड के साथ क्यू कांप्लेक्स निर्माण के लिए होगा एमओयू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के निकट क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण को जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में राज सरकार की ओर से प्रति शपथ पत्र दाखिल किया गया। कोर्ट को बताया गया कि 26 मई को एक बैठक हुई थी। इसमें भवन निर्माण विभाग के सचिव, पर्यटन सचिव, पर्यटन निदेशक, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक एवं नवयुग कंपनी के प्रतिनिधि शामिल थे। इसमें तय हुआ कि क्यू कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए नवयुग कंपनी के साथ एमओयू साइन होगा।

बताया गया कि छह जून को टूरिज्म विभाग की ओर से नवयुग कंपनी



को एक पत्र भेजा गया है, जिसमें कंपनी से कुछ जानकारी मांगी गई थी लेकिन कंपनी की ओर से अभी तक कोई जवाब पर्यटन विभाग को नहीं मिल सका है। पर्यटन विभाग ने नवयुग कंपनी से पूछा है कि वह किस एजेंसी से क्यू कांप्लेक्स का निर्माण कार्य पूरा कराएगी तथा उस एजेंसी का वर्क एक्सपीरियंस, पिछले कार्य का अनुभव का रिकॉर्ड भी मांगा गया है।

मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई निर्धारित की। साथ ही याचिकाकर्ता को सरकार के जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पार्थ जालान एवं शिवानी जालुका ने पैरवी की। वहीं राज्य सरकार की ओर से पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत क्यू कॉम्पलेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने के आग्रह पर क्या निर्णय हुआ? इस पर राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने को कहा गया था। सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कॉम्प्लेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से अपने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपये की राशि दे दी गई है लेकिन राज्य सरकार की ओर से भी अपने हिस्से का फंड उपलब्ध नहीं कराया गया है। नवयुग कंपनी लिमिटेड ने सीएसआर स्कीम के तहत क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए अपने स्तर से 120 करोड़ देने को लेकर सरकार को पत्र लिखा है।